✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 44 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 10 जुलाई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना स्थित लोकसेवक आवास में केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के साथ खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा ऊर्जा विभाग से संबंधित विषयों पर विस्तृत समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के साथ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक

## बिहार में बनेंगे एक करोड़ नये राशन कार्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में एक करोड़ नए राशन कार्ड बनाने के लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचे, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार' में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी की मौजूदगी में खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिया। बैठक में राज्य की सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राशन वितरण व्यवस्था, गोदामों की स्थिति, ऑनलाइन सेवाओं और केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभाग की सभी योजनाओं के लाभार्थियों का सटीक और अद्यतन डाटाबेस तैयार किया जाए। इससे पात्र लोगों को बिना किसी परेशानी के योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एक करोड़ नए राशन कार्ड बनाने के लक्ष्य को जल्द पूरा करे ताकि कोई भी जरूरतमंद परिवार राशन योजना से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राशन वितरण प्रणाली की नियमित और प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को समय पर और सम्मानपूर्वक राशन मिले। उन्होंने अधिकारियों से व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाने और शिकायतों का त्वरित समाधान करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'गरीब कल्याण' के संकल्प को धरातल पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार का उद्देश्य है कि गरीब और जरूरतमंद लोगों तक सभी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के पहुंचे। बैठक के दौरान खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था को आधुनिक बनाने पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट वेयरहाउसिंग विकसित करने, भंडारण क्षमता बढ़ाने और नई तकनीकों का उपयोग करने पर जोर दिया। इससे खाद्यान्न का सुरक्षित भंडारण होगा और वितरण व्यवस्था अधिक प्रभावी बनेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के सभी खाद्यान्न गोदामों में बिजली आपूर्ति के साथ-साथ पेयजल, सुरक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।



## संक्षिप्त समाचार

### सरकार ने तेजस्वी के आप्त सचिव को हटाया

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आप्त सचिव को बदल दिया गया है। सरकार की तरफ से प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रीतम कुमार को तेजस्वी यादव के आप्त सचिव के तौर पर प्रतिनियुक्त किया गया था लेकिन अब उन्हें दिल्ली के लिए विरमित कर दिया गया है। दरअसल बिहार सरकार ने प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रीतम कुमार को राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति पर भेजा है।

### राजद प्रत्याशी ने भरा नामांकन पर्चा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बांकीपुर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए राष्ट्रीय जनता दल की प्रत्याशी रेखा गुप्ता ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। उनके साथ महागठबंधन के सभी नेता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बांकीपुर की जनता ने उन्हें आशीर्वाद दे दिया है। इस बात जीत तय है। राजद नेताओं ने भी रेखा गुप्ता की जीत का दावा किया। इससे पहले रेखा गुप्ता राजद प्रदेश कार्यालय में आशीर्वाद यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुईं। यहां पर महागठबंधन के नेताओं ने बैठक की। सभी नेताओं ने महागठबंधन की जीत का दावा किया।

### लापरवाह थानाध्यक्ष और दारोगा पर गिरी गाज

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जनता से दुर्व्यवहार और कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के आरोप में एसपी कोटा किरण कुमार ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। एसपी के इस एक्शन से जिले के पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। एसपी ने परसबीघा के थाना प्रभारी जैनेंद्र भारती एवं एएसआई लव कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ आम लोगों के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा पुलिस कार्यों में गंभीर लापरवाही बरतने की शिकायतें मिली थीं।

### बेलछी के तत्कालीन सीओ पर कार्रवाई का निर्देश

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने विभागीय कार्यों में लापरवाही, अनुशासनहीनता और सरकारी नियमों की अनदेखी को गंभीरता से लेते हुए पटना जिले के बेलछी के तत्कालीन अंचल अधिकारी पियूष मिश्रा के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुखी राजस्व प्रशासन के लिए प्रतिबद्ध है तथा सरकारी कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या अनियमितता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। मंत्री ने बताया कि पियूष मिश्रा के खिलाफ विभिन्न गंभीर आरोपों के आधार पर विभागीय कार्रवाई शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में उत्पाद निरीक्षक के तीन ठिकानों पर छापेमारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंगेर।** सीवान में पदस्थापित उत्पाद निरीक्षक अंकेश कुमार गौंड के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने गुरुवार को मुंगेर में बड़ी कार्रवाई की। पटना से पहुंची इओयू की दो टीमों ने कासिम बाजार थाना क्षेत्र के लल्लू पोखर, चंदनबाग स्थित पैतृक आवास और चंदनबाग नया टोला स्थित उनकी बहन के घर समेत तीन ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। करीब साढ़े चार घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान टीम ने जमीन, मकान और अन्य संपत्तियों से जुड़े अभिलेख, बैंक दस्तावेज तथा कई महत्वपूर्ण कागजात जब्त किए। सूचना मिलते ही उत्पाद निरीक्षक अंकेश कुमार गौंड के कथित रूप से फरार होने की बात सामने आई है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि इओयू ने नहीं की है। मौके से उनकी एक स्कॉर्पियो भी मिली जिसे जांच के लिए जब्त कर लिया गया। गुरुवार सुबह जैसे ही आर्थिक अपराध इकाई की टीम लल्लू पोखर स्थित आवास पहुंची, इलाके में हलचल मच गई। टीम ने परिसर को अपने कब्जे में लेकर किसी को अंदर-बाहर आने की अनुमति नहीं दी और गहन तलाशी शुरू कर दी। कार्रवाई की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इसी दौरान दूसरी टीम ने चंदनबाग स्थित पैतृक आवास और नया टोला स्थित उनकी बहन सुलेखा देवी के घर पर भी एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई का नेतृत्व आर्थिक अपराध इकाई के सीनियर डीएसपी संजय पांडेय और डीएसपी विजय कुमार गुप्ता कर रहे थे। डीएसपी विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि चंदनबाग स्थित पैतृक आवास और नया टोला स्थित बहन सुलेखा देवी के घर से भी कई अहम दस्तावेज जब्त किए गए हैं। मौके से एक स्कॉर्पियो वाहन भी मिला है जिसके स्वामित्व की जांच की जा रही है। कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाएगी जिसके बाद आगे की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

## ट्रक की टक्कर से जिंदा जले दो कार सवार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया-पटना रोड में बोधगया थाना अंतर्गत सिजुआ गांव के समीप ट्रक और कार की टककर हो गई। इस घटना के बाद कार में आग लग गई। आग काफी तेजी से फैली जिससे कार में सवार लोग इसकी चपेट में आ गए। आग की चपेट में आने से कार सवार दो लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं कार चालक भी गंभीर रूप से झुलस गया है और उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। गंभीर रूप से झुलसा कार चालक वैशाली जिले का रहने वाला बताया जाता है। घायल चालक की पहचान श्याम देव सिंह के पुत्र ऋषभ कुमार के रूप में हुई है। उसकी उम्र 25 से 30 वर्ष के आसपास की बताई जा रही है। घायल कार चालक इतनी गंभीर हालत में है कि वह अपने नाम-पता के अलावे किसी और के बारे में कुछ भी बताने में असमर्थ है। ऐसे में मृतकों के संबंध में स्पष्ट जानकारी पुलिस को नहीं मिल सकी है। हालांकि पुलिस का कहना है कि कार सवार लोग रांची से आ रहे थे। बताया जा रहा है कि ट्रक में खाद लोड था जिस वजह से घटना के बाद ट्रक जहां आंशिक रूप से जला है वहीं कार धू-धूकर पूरी तरह से जल गई। ट्रक के चालक और खलासी घटना के बाद मौके से जान बचाकर भाग निकले। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। घटना के संबंध में बोधगया थाना के अपर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक की टक्कर के बाद कार में आग लग गई थी जिससे कार सवार दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं कार का चालक भी गंभीर रूप से झुलसा है। घायल कार चालक की पहचान ऋषभ कुमार के रूप में हुई है, जो वैशाली का रहने वाला है।

## पुल-फ्लाईओवर परियोजनाओं को तय समय में करें पूरा : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में सड़क और पुल परियोजनाओं में लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी। पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेंद्र ने विभाग के अंतर्गत बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड (बीआरपीएनएल) की ओर से चलाई जा रही कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की। इस बैठक में मौजूद अधिकारियों को मंत्री ने स्पष्ट कहा कि सभी परियोजनाओं का काम निर्धारित समय के भीतर पूरा किया जाय। निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर किया जाने वाला समझौता बर्दाश्त से बाहर होगा। बीआरपीएनएल मुख्यालय में आयोजित इस बैठक में पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, निगम के अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक आदि अधिकारियों की प्रमुख उपस्थिति रही। अधिकारियों ने राज्य में उच्च स्तरीय पुलों, रेलवे ओवरब्रिज, बाईपास आदि के निर्माण की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। इसमें मुख्य रूप से ग्रीनफील्ड हाईवे, मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा और दूसरे जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित परियोजनाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति, निर्माण और उसकी गुणवत्ता, जमीन अधिग्रहण, वन विभाग की एनओसी, यूटिलिटी शिफ्टिंग, रेलवे से तालमेल, डिजाइन की मंजूरी आदि विषयों से मंत्री को अवगत कराया। कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाओं में सासाराम बाईपास (रोहतास), पूर्णिया में महानंदा नदी पर 1180 मीटर लंबा हाई-लेवल ब्रिज, सहरसा में कोसी नदी पर हाई-लेवल ब्रिज और अप्रोच रोड, सहरसा (बंगाली बाजार) आरओबी, राजगीर बुद्धिस्ट सर्किट (सलेमपुर-राजगीर) के लिए ग्रीनफील्ड फोर-लेन सड़क का निर्माण, हिलसा ईस्ट बाईपास, सोन नदी पर पांडुका पुल (बिहार-झारखंड कनेक्टिविटी), जनेश्वर मिश्र सेतु (बक्सर) एप्रोच रोड, मधुबनी आरओबी और रिंग रोड, छपरा डबल डेकर फ्लाईओवर, पटना, करबिगहिया फ्लाईओवर, अगुवानी घाट-सुल्तानगंज गंगा पुल, अगुवानी घाट विस्तार, मुंगेर बाईपास आदि परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर मंत्री ने संवेदनशील और अहम परियोजनाओं की अधिकारियों को व्यक्तिगत स्तर पर निगरानी करने के निर्देश दिए।



## बिहार के सरकारी स्कूलों में मिड डे मील का मेन्यू बदला

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में मानसून के दौरान बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने मध्याह्न भोजन योजना में बदलाव किया है। अब सरकारी स्कूलों में बनने वाले भोजन में कुछ खास सब्जियों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। विभाग ने सभी जिलों को नई गाइडलाइन जारी कर दी है। नई व्यवस्था के तहत सरकारी प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में बनने वाले मिड-डे मील में अब बैंगन, भिंडी, पत्ता गोभी और सभी तरह के पत्तेदार साग का उपयोग नहीं किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने निर्देश दिया है कि इनकी जगह स्थानीय स्तर पर मिलने वाली ताजी और सुरक्षित मौसमी सब्जियों का इस्तेमाल किया जाए। शिक्षा विभाग ने यह निर्देश सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को भेज दिया है। विभाग ने कहा है कि भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

## पीएमसीएच में इस महीने लगेंगी दो सीटी स्कैन और एक एमआरआई मशीन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना स्थित मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) में मरीजों को अत्याधुनिक जांच सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। इसी महीने नए रेडियोलॉजी भवन में दो अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन और एक रिसर्च आधारित एमआरआई मशीन स्थापित की जाएगी। इन मशीनों के शुरू होने के बाद मरीजों को कम समय में बेहतर गुणवत्ता की जांच सुविधा मिलेगी। साथ ही चिकित्सकों को जटिल बीमारियों के अध्ययन और शोध में भी मदद मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में आधुनिक और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। पीएमसीएच में नई सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनों की स्थापना से मरीजों को जांच के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा और कम लागत पर बेहतर जांच सुविधा बिहार में ही उपलब्ध होगी। सरकार का लक्ष्य है कि इलाज और जांच के लिए मरीजों को दूसरे राज्यों का रुख न करना पड़े।

## सड़क हादसे में गिरिडीह के चालक-खलासी की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले में गुरुवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में गिरिडीह जिले के दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान बगोदर थाना क्षेत्र के कोड़ाडीह निवासी भुवनेश्वर यादव और डुमरी थाना क्षेत्र के बड़की बेरगी निवासी शंकर यादव के रूप में हुई है। यह हादसा कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र स्थित परमालपुर के समीप हुआ। जानकारी के अनुसार सरिया लदा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के दौरान ट्रक पर लदा भारी सरिया आगे की ओर खिसक गया जिससे चालक और खलासी उसके नीचे दब गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में कैमूर पुलिस ने आशंका जताई है कि लंबी दूरी की यात्रा के दौरान चालक को झपकी आने से ट्रक अनियंत्रित हो गया। तेज रफ्तार ट्रक पहले सड़क किनारे लगे लोहे के बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए पुलिया की दीवार से जा टकराया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंची। ट्रक के केबिन में दोनों शव बुरी तरह फंसे हुए थे। काफी मशक्कत के बाद गैस कटर की सहायता से ट्रक के अगले हिस्से को काटकर चालक और खलासी के शव बाहर निकाले गए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक शंकर यादव ट्रक के मालिक होने के साथ स्वयं वाहन चला रहे थे जबकि भुवनेश्वर यादव उनके साथ खलासी के रूप में कार्यरत थे। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतकों के परिजनों को दे दी है।

## अब दूसरे राज्यों में भी बिकेगा बिहार का बालू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने बालू कारोबार को लेकर बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है। अब राज्य के के-लाइसेंसधारियों के माध्यम से बिहार का बालू दूसरे राज्यों में भी भेजा जा सकेगा। इसके लिए बाहर जाने वाले प्रत्येक वाहन को ई-चालान जारी किया जाएगा। सरकार का कहना है कि इस व्यवस्था का उद्देश्य बालू कारोबार को पारदर्शी बनाना, राजस्व बढ़ाना और मॉनसून के दौरान भी बाजार में संतुलित आपूर्ति बनाए रखना है। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब मॉनसून के कारण बिहार में बालू खनन पर अस्थायी रोक लागू है। खनन बंद होने के बावजूद निर्माण कार्य पूरी तरह नहीं रुकते, इसलिए सरकार ने पहले से पर्याप्त स्टॉक तैयार कर रखा है। इसी के आधार पर सीमित अवधि के लिए दूसरे राज्यों में भी बालू की आपूर्ति की अनुमति दी गई है। खान एवं भूतत्व विभाग ने स्पष्ट किया है कि सरकार की पहली प्राथमिकता बिहार के भीतर निर्माण कार्यों के लिए पर्याप्त बालू उपलब्ध कराना है। राज्य के विभिन्न जिलों में पहले से बड़ी मात्रा में बालू का भंडारण किया गया है ताकि मॉनसून के दौरान किसी तरह की कमी न हो। विभाग का कहना है कि जब यह सुनिश्चित हो गया कि राज्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त स्टॉक मौजूद है तभी दूसरे राज्यों में बिक्री की अनुमति देने का निर्णय लिया गया। इससे बिहार में निर्माण परियोजनाओं पर भी कोई असर नहीं पड़ेगा और अतिरिक्त स्टॉक का बेहतर उपयोग हो सकेगा। सरकार ने यह व्यवस्था फिलहाल मॉनसून अवधि के लिए लागू की है। खनन बंदी के दौरान के-लाइसेंसधारी निर्धारित नियमों के तहत दूसरे राज्यों में बालू भेज सकेंगे। प्रत्येक वाहन की आवाजाही ई-चालान प्रणाली से होगी, जिससे परिवहन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन दर्ज रहेगी और अवैध ढुलाई पर भी रोक लगाने में मदद मिलेगी। विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह एक अस्थायी व्यवस्था है और इसकी नियमित समीक्षा की जाएगी।

### आमंत्रण

बिहार विधान सभा सचिवालय, प्राईड (लोक सभा) एवं बिपार्ड के संयुक्त तत्त्वावधान में दिनांक-11.07.2026 एवं दिनांक-12.07.2026 को बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यों के लिए बिपार्ड, गया जी में दो दिवसीय आवासीय प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। माननीय सदस्यों के उक्त कार्यक्रम में शामिल होने हेतु गया जी में दिनांक-10.07.2026 को अप0 से ही आवासन की व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन भारत के माननीय उप राष्ट्रपति श्री सी0 पी0 राधाकृष्णन करेंगे। बिहार के माननीय राज्यपाल ले0 ज0 (सेवानिवृत) श्री सय्यद अता हसनैन इस कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी मुख्य अतिथि होंगे।

अष्टादश बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यगण (माननीय मंत्रीगण सहित) से अनुरोध है कि दिनांक-11.07.2026 एवं दिनांक 12.07.2026 को बिपार्ड, गया जी में आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम में भाग लेने की कृपा की जाय।

डॉ० प्रेम कुमार
अध्यक्ष, बिहार विधान सभा



बांकीपुर से भाजपा उम्मीदवार अभिषेक कुमार बंटी ने दाखिल किया नामांकन

## चुनाव के समय आने वाले बहुरूपियों से रहें सावधान : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा उम्मीदवार अभिषेक कुमार बंटी ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद स्काउट एंड गाइड मैदान में एनडीए की नामांकन सभा आयोजित की गई जिसमें मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत गठबंधन के कई बड़े नेता शामिल हुए। नामांकन सभा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी, रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, मंत्री विजय कुमार सिन्हा सहित एनडीए के कई नेता मौजूद रहे। सभा के दौरान नेताओं ने अभिषेक कुमार के समर्थन में वोट की अपील की और बांकीपुर सीट पर जीत का दावा किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिना नाम लिए प्रशांत किशोर पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय कई ऐसे लोग मैदान में आ जाते हैं जिनका बिहार और बिहार की राजनीति से कोई लेना-देना नहीं होता। उन्होंने मतदाताओं से ऐसे 'बहुरूपियों' से सावधान रहने की अपील की। सीएम ने कहा कि बांकीपुर में एक पार्टी का कार्यकर्ता चुनाव लड़ रहा है और कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह एनडीए ने बिहार में 202 सीटों पर जीत दर्ज की थी उसी तरह बांकीपुर में भी जीत हासिल की जाएगी। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि एनडीए ने बिहार के विकास के लिए लगातार काम किया है। घर-घर बिजली पहुंचाने से लेकर जनता को सुविधाएं देने तक कई योजनाओं पर काम हुआ है। सीएम ने कहा कि सरकार ने 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का फैसला किया है और इसका लाभ सभी को मिल रहा है।



## उद्यमी योजनाओं की बाधाओं पर विधानसभा अध्यक्ष ने की समीक्षा

# उद्योग मंत्री से गया की औद्योगिक समस्याओं के समाधान का किया आग्रह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह, उद्योग विभाग के वरीय अधिकारियों तथा मगध इंडस्ट्री एसोसिएशन, गया जिला उद्योग संघ, वस्त्र उद्योग बुनकर सेवा समिति और मगध बुनकर संघ के प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, बिहार लघु उद्यमी योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रगति एवं समस्याओं की समीक्षा की। बैठक में औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ



रही समान समस्याओं को बिंदुवार रखा। इनमें बैंक ऋण स्वीकृति में देरी, बाजार एवं विपणन की कठिनाइयां, तकनीकी और प्रबंधन कौशल का अभाव, वित्तीय साक्षरता की कमी तथा उद्यमों की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने की चुनौती प्रमुख रहीं। उद्योग विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बैंक ऋण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए प्रत्येक जिले में ऋण शिविर लगाए जाएंगे। विपणन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बिहार राज्य मार्केटिंग अथॉरिटी का गठन किया जा रहा है, जबकि वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए भारत सरकार की रैम्प योजना के तहत एमएसएमई केंद्र स्थापित किए जाएंगे। बैठक के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने उद्योग मंत्री से गया जिले के जीआई टैग प्राप्त पथरकट्टी कारीगरों की समस्याओं के समाधान, शादीपुर स्थित बियाडा की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, धनामा गांव के लगभग 50 उद्योगों के लिए आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, बियाडा बोधगया की भूमि का विस्तार करने, मानपुर औद्योगिक क्षेत्र का विकास करने तथा गया के प्रसिद्ध तिलकुट को जीआई टैग दिलाने की दिशा में पहल करने का अनुरोध किया। उन्होंने गया-डोभी औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इस कॉरिडोर में स्थानीय उद्यमियों को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने बैठक में हुए विचार-विमर्श और डॉ. प्रेम कुमार द्वारा दिए गए सुझावों पर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिया। बैठक में अमन समीर, निदेशक एमएसएमई, मुकुल कुमार गुप्ता, निदेशक उद्योग, विद्यानन्द सिंह, निदेशक हथकरघा एवं रेशम उत्पादन, विजय कुमार उपाध्याय, निदेशक (प्रशासन), मगध इंडस्ट्री एसोसिएशन के अनुप केडिया, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह और प्रदीप कुमार, गया जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष रौनक सिंह सेठ, शुभम श्रीवास्तव, वस्त्र उद्योग बुनकर सेवा समिति के अध्यक्ष प्रेमनारायण पटवा, मगध बुनकर संघ के अध्यक्ष दुखन पटवा तथा बिहार विधानसभा की प्रभारी सचिव एवं अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उपराष्ट्रपति करेंगे प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन : डॉ प्रेम कुमार

## विधानसभा अध्यक्ष ने की सभी विधायकों से प्रबोधन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने 11 और 12 जुलाई 2026 को गया स्थित बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) में आयोजित होने वाले दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम में बिहार विधानसभा के सभी सदस्यों से भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बिहार विधानसभा सचिवालय, प्रबोधन एवं अनुसंधान पहल फॉर डेमोक्रेटिक एक्सीलेंस (प्राइड-लोकसभा) तथा बिपार्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त), मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, बिहार के उपमुख्यमंत्री, मंत्रिगण तथा अन्य विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। दो दिवसीय आयोजन के विभिन्न सत्रों में सदस्यों को विधायी कार्यों के विविध पहलुओं, संसदीय परंपराओं, विधायी प्रक्रियाओं, संसदीय शिष्टाचार तथा जनहित से जुड़े विषयों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य विशेष रूप से नवनिर्वाचित सदस्यों को संसदीय कार्यप्रणाली से परिचित कराना तथा उनकी विधायी क्षमता को और सशक्त बनाना है। डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वास जताया कि यह प्रबोधन कार्यक्रम सदन की कार्यवाही को अधिक प्रभावी, सार्थक और गरिमामय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और इस कार्यक्रम से प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव सदन में उनकी प्रभावी भागीदारी के साथ-साथ जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप बेहतर जनसेवा करने में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने सभी विधायकों से निर्धारित समय पर कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसका अधिकतम लाभ उठाने और बिहार विधानसभा की गौरवशाली संसदीय परंपरा को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सक्रिय योगदान देने की अपील की।

# सरकारी कर्मचारियों को मुफ्त आवास-भोजन मिलने पर नहीं मिलेगा दैनिक भत्ता

## बिहार में सरकारी कर्मचारियों के यात्रा भत्ते पर नया स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के वित्त विभाग ने सरकारी कर्मचारियों के यात्रा भत्ता एवं दैनिक भत्ता संबंधी प्रावधानों को लेकर महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया है। वित्त विभाग की सचिव (व्यय) रचना पाटिल ने इस संबंध में महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), पटना को पत्र भेजकर संशोधित नियमों की व्याख्या की है। पत्र में कहा गया है कि राज्य वेतन आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर वित्त विभाग के संकल्प संख्या-8044, 11 अक्टूबर 2017 के तहत सरकारी कार्य से यात्रा करने वाले कर्मचारियों के लिए यात्रा व्यय, होटल दर और दैनिक भत्ता निर्धारित किया गया था। बाद में सप्तम केंद्रीय वेतन आयोग की अनुशंसाओं तथा भारत सरकार के 13 जुलाई 2017 और 1 फरवरी 2018 के आदेशों के अनुरूप यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता की दरों में संशोधन किया गया। इसी क्रम में वित्त विभाग के संकल्प संख्या-9747, 9 सितंबर 2025 के माध्यम से वर्ष 2017 के संकल्प में संशोधन करते हुए दैनिक भत्ता, होटल दर, भोजन शुल्क, वायुयान से अंतरराष्ट्रीय यात्रा तथा निजी सामान के परिवहन की नई दरें निर्धारित की गईं। इसके बाद वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या-6098, 2 जुलाई 2026 द्वारा निःशुल्क आवास और भोजन उपलब्ध होने की स्थिति में 25 प्रतिशत दैनिक भत्ता देने की पूर्व व्यवस्था भी समाप्त कर दी गई। वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि सरकारी कार्य से मुख्यालय से बाहर रहने की स्थिति में कर्मचारियों को पात्रता के अनुसार आवास, भोजन और यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति मिलेगी। आवास व्यय की प्रतिपूर्ति केवल वास्तविक व्यय का दावा प्रस्तुत करने पर होगी और यह निर्धारित होटल दर अथवा वास्तविक खर्च, जो भी कम होगा, उसी के अनुसार देय होगी। संशोधित व्यवस्था के तहत छह से 12 घंटे तक मुख्यालय से बाहर रहने पर आधी दर से तथा 12 घंटे से अधिक बाहर रहने पर पूरी दर से भोजन शुल्क मिलेगा। भोजन शुल्क के भुगतान के लिए किसी प्रकार के बिल या दावा-पत्र की आवश्यकता नहीं होगी। वित्त विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी सरकारी कर्मचारी को सरकारी यात्रा के दौरान निःशुल्क आवास और भोजन दोनों की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है तो उसे किसी प्रकार का दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। विभाग ने इस स्पष्टीकरण के साथ संशोधित नियमों के अनुपालन का निर्देश दिया है।

# मोटोरोला ने लान्च किया मोटो जी 77 पावर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मोटोरोला ने नए मोटो जी 77 पावर के लॉन्च की घोषणा की। मोटो जी 77 पावर का अग्रणी प्रो-ग्रेड 50 एमपी सोनी लिटिया 600 कैमरा सिस्टम है और मुख्य कैमरे के साथ ही इसमें एक 8 एमपी का अल्ट्रा-वाइड लेंस दिया गया है। मोटो जी 77 में 6.72 इंच का इमर्सिव फुल एचडी प्लस डिस्प्ले दिया गया है, जो 120 हर्ट्ज के स्मूथ रिफ्रेश रेट के साथ आता है। इसमें 7000 एमएएच की विशाल बैटरी दी गई है। इसमें वॉल्यूम बूस्ट और डॉल्बी एटमॉस के साथ शक्तिशाली डुअल स्टीरियो स्पीकर्स दिए गए हैं। मोटोरोला इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर टी एम नरसिम्हन ने कहा कि उपभोक्ता स्मार्टफोन कैमरों को अधिक महत्व दे रहे हैं क्योंकि वे अपने रोजमर्रा के पलों को कैप्चर करने, क्रिएट करने और शेयर करने के लिए तेजी से इन पर निर्भर हो रहे हैं।

# बांकीपुर उपचुनाव में भाजपा की जीत तय : अनूप सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी अभिषेक सिन्हा उर्फ बंटी की जीत सुनिश्चित है। यह दावा छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप सिन्हा ने करते हुए कहा कि बांकीपुर भाजपा का मजबूत गढ़ रहा है और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की परंपरागत सीट पर जनता एक बार फिर भाजपा के पक्ष में अपना विश्वास व्यक्त करेगी। श्री सिन्हा ने कहा कि नितिन नवीन ने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के विकास, जनता के बीच निरंतर सक्रियता और संगठन को मजबूत करने का जो कार्य किया, उसके कारण भाजपा के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है। उसी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा ने अभिषेक सिन्हा उर्फ



बंटी को उम्मीदवार बनाया है जिन्हें जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। अनूप सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने में नितिन नवीन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके नेतृत्व और संगठनात्मक क्षमता का लाभ पार्टी को लंबे समय तक मिला। बांकीपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करने के लिए छत्तीसगढ़ से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पटना आएंगे और चुनाव अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बांकीपुर की जनता विकास, सुशासन और भाजपा की नीतियों पर भरोसा जताते हुए अभिषेक सिन्हा उर्फ बंटी को भारी मतों से विजयी बनाएगी। उन्होंने कहा कि केवल कायस्थ समाज ही नहीं, बल्कि सभी वर्गों और सभी जातियों के मतदाताओं का शत-प्रतिशत समर्थन भाजपा को मिलेगा। क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में सकारात्मक माहौल है। अनूप सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा बिहार में एनडीए सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का लाभ भी पार्टी को मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि बांकीपुर उपचुनाव में भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी और यह जीत जनता के विश्वास तथा विकास की राजनीति पर मुहर होगी।

# 16 जिलों के 34 पर्यटन स्थलों पर 'मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना-2026' लागू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटकों के लिए बेहतर आवास सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना-2026 लागू कर दी है। मंत्रिपरिषद ने 17 जून 2026 की बैठक में इस योजना को मंजूरी दी थी। इसके साथ ही 6 अगस्त 2024 की मुख्यमंत्री होमस्टे एवं बेड एंड ब्रेकफास्ट प्रोत्साहन योजना को समाप्त कर दिया गया है। हालांकि, पहले से निबंधित होमस्टे इकाइयों को पुरानी योजना के प्रावधानों के तहत लाभ मिलता रहेगा। पर्यटन विभाग के अनुसार राज्य में देशी और विदेशी पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह योजना तैयार की गई है। इसका उद्देश्य ग्रामीण और पर्यटन स्थलों के आसपास गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराना, स्थानीय संस्कृति, पारंपरिक बिहारी व्यंजन, हस्तशिल्प, जनजातीय जीवनशैली, पर्यावरण पर्यटन और समुदाय आधारित पर्यटन को बढ़ावा देना है। योजना के माध्यम से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आजीविका के नए अवसर भी सृजित किए जाएंगे। योजना के तहत अगले पांच वित्तीय वर्षों में एक हजार कमरों को होमस्टे के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पर लगभग 25 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। राशि का वहन पर्यटन विभाग अपने बजटीय प्रावधान के तहत करेगा। नई व्यवस्था के अनुसार योजना केवल राज्य के चिन्हित 16 जिलों के 34 पर्यटन स्थलों पर लागू होगी। पर्यटन विभाग को समय-समय पर इस सूची में संशोधन या विस्तार करने का अधिकार होगा। यह योजना होटल, रिसॉर्ट, मोटल, गेस्ट हाउस तथा बोर्डिंग-लॉजिंग गृहों पर लागू नहीं होगी। योजना की पात्रता के अनुसार किसी भी होमस्टे इकाई में अधिकतम आठ कमरे ही हो सकते हैं। आठ से अधिक कमरे होने पर उसे होमस्टे की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। मकान मालिक का होमस्टे परिसर में निवास करना अनिवार्य नहीं होगा। एक ही व्यक्ति अलग-अलग पते पर स्थित सभी पात्र होमस्टे इकाइयों के लिए योजना का लाभ प्राप्त कर सकेगा। साथ ही होमस्टे के लिए प्रस्तावित भूमि किसी भी कानूनी विवाद में शामिल नहीं होनी चाहिए। यह योजना वर्तमान में संचालित तथा नव-निर्मित दोनों प्रकार की होमस्टे इकाइयों पर लागू होगी। पर्यटन विभाग को योजना की नियमावली और शर्तों में समय-समय पर संशोधन, समीक्षा तथा नए दिशा-निर्देश जारी करने का अधिकार भी दिया गया है।

# ट्रांसफर के बाद ज्वॉइनिंग में देरी अब पड़ेगी भारी, मंत्री का सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि राज्य में राजस्व प्रशासन को अधिक प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी बनाने के लिए स्थानांतरित एवं पदस्थापित अधिकारियों का समय पर योगदान सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विभागीय आदेशों का पालन हर अधिकारी की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मंत्री ने कहा कि जिन अधिकारियों का स्थानांतरण एवं पदस्थापन किया जा चुका है, उन्हें बिना किसी विलंब के अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देना चाहिए, ताकि आम जनता को राजस्व संबंधी सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके और प्रशासनिक कार्य प्रभावित न हों। उन्होंने बताया कि विभाग के संज्ञान में यह बात आई है कि कुछ अधिकारियों ने अब तक नए पद पर योगदान नहीं दिया है। ऐसे मामलों में विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि संबंधित अधिकारियों को तत्काल विरमित किया जाए। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो 9 जुलाई 2026 (पूर्वाहन) से वे खुद-ब-खुद विरमित माने जाएंगे तथा जुलाई 2026 का वेतन भी नए पदस्थापन स्थल से ही देय होगा। मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि राजस्व प्रशासन पूरी क्षमता और जवाबदेही के साथ कार्य करे। इसलिए विभागीय आदेशों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारियों से अपेक्षा है कि वे तत्काल अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देकर जनता के हित में कार्य करें।

# 14 जुलाई से खुलेगा एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट का आइपीओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड का पहला इनिशियल पब्लिक ऑफर मंगलवार, 14 जुलाई 2026 को खुलेगा और गुरुवार, 16 जुलाई 2026 को बंद होगा। कंपनी ने प्रति शेयर 545 रुपये से 574 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है। निवेशक न्यूनतम 26 शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे जबकि एंकर इन्वेस्टर्स के लिए बोली लगाने की शुरुआत और समाप्ति सोमवार, 13 जुलाई 2026 को होगी। यह आईपीओ पूरी तरह ऑफर फॉर सेल है जिसके तहत 1 रुपये फेस वैल्यू वाले




20,37,09,239 इक्विटी शेयर बेचे जाएंगे। साल 1992 में स्थापित एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट मार्च तिमाही के औसत म्यूचुअल फंड एसेट्स अंडर मैनेजमेंट के आधार पर देश की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) है। 31 मार्च, 2026 तक कंपनी का म्यूचुअल फंड क्यूएएयुएम 12,509.98 बिलियन रुपये तथा बाजार हिस्सेदारी 15.3 प्रतिशत थी। कंपनी मार्च 2021 से लगातार इस श्रेणी में पहले स्थान पर बनी हुई है। कंपनी के प्रमोटर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अमुंडी इंडिया होल्डिंग और अमुंडी एसेट मैनेजमेंट हैं। यह ऑफर बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के तहत लाया जा रहा है जिसमें विभिन्न निवेशक श्रेणियों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स मेसर्स अल-खैर को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी के अंतर्गत बीमित व्यक्ति स्व. लाल मोहन कुमार जो फुलवारीशरीफ, पटना में रिकार्ड कीपर के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी सुमित्रा देवी, सुपुत्री - स्नेहा कुमारी, सुपुत्री- पिंकी कुमारी, सुपुत्र-सोनू कुमार एवं सुपुत्र-समीर कुमार को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. लाल मोहन कुमार की मृत्यु 01-03-2025 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले



कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई0एस0आई0सी0 द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 578 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.17340/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 2,60,100-/ रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई0 एस0 आई0 योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

# पुल, आरओबी और बाईपास परियोजनाओं की हुई समीक्षा, गुणवत्ता पर सख्त हुए मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सड़क निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेंद्र ने पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड की ओर से चलाई जा रही कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में मौजूद अधिकारियों को मंत्री श्री कुमार ने स्पष्ट कहा कि सभी परियोजनाओं का काम निर्धारित समय के भीतर पूरा किया जाय। निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर किया जाने वाला समझौता बरदाश्त से बाहर होगा। बीआरपीएनएल मुख्यालय में आयोजित इस बैठक में पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, निगम के अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक आदि अधिकारियों की प्रमुख उपस्थिति रही। अधिकारियों ने राज्य में उच्च स्तरीय पुलों, रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी), बाईपास आदि के निर्माण की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। इसमें मुख्य रूप से ग्रीनफील्ड हाईवे, मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा और दूसरे जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित परियोजनाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति, निर्माण और उसकी गुणवत्ता, जमीन अधिग्रहण, वन विभाग की एनओसी, यूटिलिटी शिफ्टिंग, रेलवे से तालमेल, डिजाइन की मंजूरी आदि विषयों से मंत्री को अवगत कराया।

# सिद्धांतहीन अवसरवाद लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**वैशाली/पटना।** समाजसेवी, शिक्षाविद् एवं कैरियर मिशन कंप्यूटर अकादमी के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा है कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास किसी भी जनप्रतिनिधि और सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्ति की सबसे बड़ी पूंजी होती है जो लोग समय, परिस्थिति और स्वार्थ के अनुसार अपने विचार, सिद्धांत और निष्ठा बदलते रहते हैं वे अंततः जनता का विश्वास खो देते हैं। जारी प्रेस विज्ञप्ति में डॉ. झा ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो हर परिस्थिति में अपने सिद्धांतों और मूल्यों पर अडिग रहे। उन्होंने कहा कि अवसरवाद, दोहरी नीति और बार-बार बदलते राजनीतिक चरित्र से लोकतांत्रिक मूल्यों को गहरा आघात पहुंचता है। आज की जागरूक जनता केवल भाषणों से प्रभावित नहीं होती, बल्कि व्यक्ति के



चरित्र, कार्यशैली और जनसेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता के आधार पर अपना निर्णय करती है। उन्होंने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि व्यक्ति का चरित्र परिस्थितियों के अनुसार नहीं बदलना चाहिए। इसी संदेश को उन्होंने अपनी कविता 'मौसम नहीं, मौकापरस्त हो तुम' के माध्यम से अभिव्यक्त किया। कविता में उन्होंने स्वार्थ, अवसरवाद, सिद्धांतहीन राजनीति और बदलते राजनीतिक चरित्र पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि समय और इतिहास दोनों ही व्यक्ति के वास्तविक चरित्र का मूल्यांकन करते हैं तथा अंततः सम्मान उसी को मिलता है जो अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करता। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सिद्धांतनिष्ठ और जनसेवा के प्रति समर्पित नेतृत्व आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनता ही लोकतंत्र की सर्वोच्च निर्णायक है और समय हर व्यक्ति की निष्ठा, ईमानदारी तथा चरित्र की परीक्षा अवश्य लेता है। इतिहास भी उन्हीं लोगों को सम्मान देता है जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने मूल्यों और सिद्धांतों पर अडिग रहते हैं। उन्होंने नागरिकों से भी लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने तथा चरित्रवान और सिद्धांतनिष्ठ नेतृत्व का समर्थन करने का आहवान किया।

# वीबी-जी राम जी योजना से पूरा हो सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण : प्रधान सचिव

## स्वच्छता कार्यों की समीक्षा में प्रधान सचिव ने जारी किए कई दिशा-निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रामीण विकास के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने गुरुवार को स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण)/ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान (एलएसबीए) के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की प्रथम तिमाही समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों के जिन इलाकों में सामुदायिक शौचालय निर्माण का काम अधूरा है वहां विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी (ग्रामीण) योजना से कार्य पूरा कराया जाय ताकि निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण हो सके और ग्रामीणों को आवश्यक स्वच्छता सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जा सके। विभागीय सभागार में आयोजित इस बैठक में एलएसबीए के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, सामुदायिक स्वच्छता परिसर (सीएससी), ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ओडीएफ प्लस, गोबर-धन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, मल कीचड़ उपचार संयंत्र फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी), व्यय प्रगति और निगरानी तंत्र सहित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में महादलित टोलों एवं साप्ताहिक हाटों में भी सामुदायिक स्वच्छता परिसर के निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। प्रधान सचिव श्री कुमार ने प्रदूषण की रोकथाम के लिये ग्रे वाटर (अपशिष्ट जल) का शोधन और उसके उत्पन्न होने के श्रोत को जड़ से समाप्त करने के निर्देश दिए।

# पीएमसीएच में इस महीने शुरू होगी दो सीटी स्कैन व एक एमआरआई मशीन

## बिहार के सरकारी अस्पतालों में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार : निशांत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मरीजों को अत्याधुनिक जांच सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी महीने पीएमसीएच के नए रेडियोलॉजी भवन में दो अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन और एक रिसर्च आधारित एमआरआई मशीन स्थापित की जाएगी। इन मशीनों के शुरू होने से मरीजों को कम समय में उच्च गुणवत्ता की जांच सुविधा मिलेगी, वहीं चिकित्सकों को शोध एवं जटिल बीमारियों के बेहतर अध्ययन में भी सहायता मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग अस्पतालों में आधुनिक और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। पीएमसीएच में अत्याधुनिक सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनों की स्थापना बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगी। इससे मरीजों को जांच के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा और कम लागत पर बेहतर जांच सुविधा अपने ही राज्य में उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि मरीजों को इलाज और जांच के लिए दूसरे राज्यों का रुख न करना पड़े तथा सभी आधुनिक सुविधाएं बिहार में ही उपलब्ध हों। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए पीएमसीएच के अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस महीने के अंत तक नए रेडियोलॉजी भवन में दो सीटी स्कैन और एक एमआरआई मशीन का इंस्टॉलेशन पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद इन मशीनों से मरीजों की जांच शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बिहार में पहली बार ऐसी आधुनिक मशीनें लगाई जा रही हैं, जिनका उपयोग केवल मरीजों की जांच के लिए ही नहीं, बल्कि विभिन्न बीमारियों पर शोध (रिसर्च) के लिए भी किया जाएगा।

# दिव्यांगों, बुजुर्गों की सुविधा के लिए बिहार में अब लो फ्लोर बसें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में दिव्यांगजनों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को बस यात्रा के दौरान बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने बिहार राज्य पथ परिवहन निगम को निर्देश दिया है। मंत्री ने निगम को पत्र लिखकर कहा है कि राज्य में खरीदी जाने वाली सभी बसों को लो फ्लोर मॉडल में ही क्रय किया जाए, ताकि आम यात्रियों खासकर कमजोर वर्गों को चढ़ने-उतरने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। मंत्री दामोदर रावत ने कहा कि बिहार में सार्वजनिक परिवहन को अधिक समावेशी बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है, ताकि सड़कों पर चलने वाली बसें हर वर्ग के यात्रियों के अनुकूल हों। यह बसें दिव्यांग भाई-बहनों, वरिष्ठ नागरिकों और गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान साबित होंगी। इन बसों में सीढ़ियां नहीं होतीं जिससे यात्रा न सिर्फ आसान बल्कि सुरक्षित भी हो जाती है। विभाग की कोशिश है कि आगामी 400 पीएम ई-बसें भी पूरी तरह लो फ्लोर हो। उन्होंने आगे कहा कि लो फ्लोर बसों में सीढ़ियों की जगह हाइड्रॉलिक रैंप लगा होता है जो आसानी से खुलता और बंद होता है। दिव्यांग यात्री व्हीलचेयर के साथ भी इन बसों में सीधे प्रवेश कर सकते हैं। साथ ही इनकी ऊंचाई भी सड़कों से कम होती है। इस तरह की बसें सड़क से मात्र 320 से 400 मिलीमीटर ऊंची होती है जिससे चढ़ना-उतरना बहुत आसान हो जाता है।

# गुप्ताधाम में मेले की तैयारी को लेकर जिले के वरीय अधिकारियों ने की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** गुप्ताधाम में सावन माह में चलने वाले मेले को लेकर गुरूवार को दुर्गावती जलाशय परियोजना के समीप वन विभाग के गेस्ट हाउस में जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार, डीएफओ स्टालीन फिडल सहित जिला व अनुमंडल और प्रखंड के अधिकारियों के साथ बिहार धार्मिक न्यास परिषद द्वारा गठित गुप्ता धाम विकास कमेटी के अधिकारियों और सदस्यों के साथ एक बैठक किया जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय ली गई। अधिकारी ने गुप्ता धाम कमेटी के अधिकारियों से इस वर्ष सावन माह में धाम परिसर में समिति द्वारा क्या-क्या व्यवस्था किया गया है। उसकी जानकारी ली। कमेटी के सदस्यों ने कहा कि अपने स्तर पर व्यवस्था की जा रही है। जिलाधिकारी ने बैठक के बाद गुप्ता धाम में पहुंचकर विधि व्यवस्था का भी जायजा लिया तथा कई निर्देश दिए। बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसला ली गई इस वर्ष पिछले साल के नियमों से कई बदलाव किए गए हैं जिसमें इस वर्ष पूरे सावन माह में चार पहिया वाहन जाने पर रोक लगा दी गई है। दो पहिया वाहन सुबह 6:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक चलने का आदेश था। गुप्ता धाम कमेटी के द्वारा पांच वाहन का परमिशन दिया जाएगा जो विधि व्यवस्था को देखने के लिए गुप्ता धाम आ जा सकेंगे। इसके अलावा सावन मास के मेले में गुप्ता धाम विकास कमेटी द्वारा अपने स्तर से एक सौ स्वयंसेवक को विभिन्न जगहों पर तैनात किया जायेगा। स्वयंसेवकों को गुप्ताधाम के गुफा द्वार, गुफा के अंदर, सुगवा नदी, घाट, शीतल कुंड के अलावा जंगल में कई जगह डेंजर जगहों पर और मेले में विभिन्न जगहों पर भक्तों की सेवा भक्ति भाव से करेंगे। सभी स्वयंसेवक अपना आई कार्ड गले में लटका कर रहेंगे। गुफा द्वार पर खोया पाया केंद्र खोला जायेगा जहां मेले में बिछड़े लोग अपने परिजनों के बारे में जानकारी लें और दे सकते हैं। स्वास्थ्य के लिए गुप्ता धाम विकास कमेटी द्वारा ग्रामीण चिकित्सक के सहयोग से दो काउंटर खोला गया है। अधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग का एक काउंटर गुप्ता धाम में खोलने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा पनारी घाट, उगहनी घाट के समीप भी स्वास्थ्य विभाग का शिविर लगेगा। दवा उपलब्ध कराया जाएगा तथा गुफा के अंदर व मुख्य द्वार पर बिजली की व्यवस्था की जायेगी। बैठक में डीडीसी विजय कुमार पांडे, एसडीएम नेहा कुमारी सिविल सर्जन मणिराज रंजन, डीएसपी वन विप्लव कुमार, रेंजर अभय कुमार सिंह, बीडीओ प्रियंका कुमारी, सीओ पूजा शर्मा, प्रखंड प्रमुख सुमन देवी, मुखिया अशोक भारद्वाज आदि लोग थे।

# मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना पर उठे सवाल, पर्यटन विभाग पर लापरवाही का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बिहार सरकार की मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना-2026 के क्रियान्वयन को लेकर पर्यटन विभाग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पर्यटन विकास को लेकर गंभीर है, लेकिन पर्यटन विभाग के अधिकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के बजाय केवल कागजी कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की। अखिलेश कुमार ने कहा कि पर्यटन सचिव द्वारा जारी योजना में रोहतास जिले के लिए मांझरकुंड, धुआंकुंड और शेरशाह सूरी के मकबरे को चयनित किया गया है। उनके अनुसार योजना का उद्देश्य ऐसे पर्यटन स्थलों के आसपास पर्यटन को बढ़ावा देना है जहां पर्यटकों की संख्या कम है। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को होमस्टे के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराना और पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति, खान-पान, रहन-सहन तथा पर्व-त्योहारों से परिचित कराना भी इसका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत पर्यटन स्थलों के पांच किलोमीटर के दायरे में रहने वाले पात्र लोगों को 11 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जानी है। उन्होंने दावा किया कि मांझरकुंड और धुआंकुंड दो अलग-अलग पर्यटन स्थल नहीं हैं, बल्कि लगभग 500 मीटर के दायरे में स्थित एक ही जलप्रपात के दो हिस्से हैं। उनका कहना है कि इन स्थलों के आसपास योजना के मानकों के अनुरूप ऐसा कोई गांव नहीं है जहां के लोग होमस्टे योजना का लाभ उठा सकें। वहीं, शेरशाह सूरी का मकबरा जिला मुख्यालय के बीच स्थित है जिसके पांच किलोमीटर के दायरे में पहले से ही होटल और लॉज बड़ी संख्या में मौजूद हैं। अखिलेश कुमार ने सुझाव दिया कि रोहतास जिले में रोहतासगढ़ किला, तुतला भवानी, कशिश वाटर फॉल और महादेव खोह जैसे पर्यटन स्थलों को योजना में शामिल किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि इससे पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को भी सीधा लाभ मिलेगा और योजना का उद्देश्य प्रभावी ढंग से पूरा होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पर्यटन विभाग के अधिकारी स्थलीय अध्ययन किए बिना योजनाएं तैयार कर रहे हैं जिससे सरकार की मंशा प्रभावित हो रही है। उन्होंने सरकार से ऐसे अधिकारियों की जवाबदेही तय करने और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की।

# टोटो रिक्शा जांच अभियान से मचा हड़कंप, 43 वाहनों से वसूला गया 2.33 लाख रुपये जुर्माना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर में गुरुवार को मोटर यान निरीक्षक एवं प्रवर्तन दल द्वारा टोटो (इलेक्ट्रिक रिक्शा) के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया गया। स्टेशन रोड और रमारानी चौक के समीप चलाए गए इस अभियान से टोटो चालकों एवं मालिकों में हड़कंप मच गया। मोटर यान निरीक्षक के.के. त्रिपाठी ने बताया कि जांच के दौरान बिना नंबर प्लेट, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) के बिना चल रहे टोटो वाहनों तथा 18 वर्ष से कम उम्र के चालकों पर विशेष नजर रखी गई। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 43 टोटो रिक्शा मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 2 लाख 33 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे। वाहन मालिकों एवं चालकों को सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई है।

गौरतलब है कि डिहरी नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में बिना नंबर और बिना मानक के बड़ी संख्या में टोटो रिक्शा संचालित हो रहे हैं। कई वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरते जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसका खामियाजा आम यात्रियों को भुगतना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए नियमित जांच अभियान चलाने की मांग की है, ताकि अवैध एवं असुरक्षित वाहनों के संचालन पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

# बाबा गणिनाथ महाविद्यालय में इंटर्नशिप पर मार्गदर्शन कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बाबा गणिनाथ महाविद्यालय, जमुहार में गुरुवार को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2024-28 के अंतर्गत इंटर्नशिप के सफल संचालन को लेकर मनोविज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुमार सिंह तथा पर्यवेक्षक प्रो. आनंद कुमार उपस्थित रहे। महाविद्यालय के नोडल पदाधिकारी एवं मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 120 घंटे की इंटर्नशिप अनिवार्य है। उन्होंने इंटर्नशिप के उद्देश्य, प्रक्रिया और इसके शैक्षणिक एवं व्यावसायिक महत्व की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी। मनोविज्ञान विभाग की प्राध्यापिका प्रो. राखी कुमारी ने भी विद्यार्थियों को इंटर्नशिप से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इससे छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा और उनके व्यक्तित्व एवं कौशल का विकास होगा। कार्यक्रम में उज्ज्वल कुमार, सूरज कुमार गुप्ता, मुस्कान गुप्ता, नंदनी कुमारी, आरती कुमारी, ज्योति कुमारी, अनुजा कुमारी, अमृता कुमारी, प्रेमा कुमारी सहित मनोविज्ञान विभाग के अनेक छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यार्थियों ने इंटर्नशिप से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की।

# सूर्यपुरा राजकीय डिग्री महाविद्यालय में 93 प्रतिशत सीटें भरीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातक सत्र 2026-30 के प्रथम चरण का नामांकन बुधवार को समाप्त होने के बाद रोहतास जिले के नवनिर्मित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में नामांकन का आंकड़ा संतोषजनक रहा है जिसमें सूर्यपुरा राजकीय डिग्री महाविद्यालय ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया है। जिले के पांच नए राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में मिले आंकड़ों के अनुसार सूर्यपुरा कॉलेज में कुल 139 सीटों के विरुद्ध 131 नामांकन हुए हैं जो लगभग 93 प्रतिशत है और यह जिले में सर्वाधिक है। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य अलाउद्दीन अजीजी ने बताया कि यहां नामांकन कराने वाले 131 विद्यार्थियों में 100 छात्राएं और 100 छात्र शामिल हैं जिससे यह स्पष्ट होता है कि बालिकाओं की उच्च शिक्षा के प्रति रुझान तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में इस कॉलेज का संचालन राज राजेश्वरी मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय के भवन से किया जा रहा है। अन्य कॉलेजों की बात करें तो राजकीय डिग्री महाविद्यालय शिवसागर में 114 सीटों में से 95, काराकाट में 113 सीटों में से 113, संझौली में 96 सीटों में से 61 और रोहतास कॉलेज में 99 सीटों में से 64 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया है। प्राचार्य के अनुसार सभी नए राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में छात्राओं का नामांकन प्रतिशत अच्छा रहा है जो ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा को लेकर सकारात्मक बदलाव का संकेत है। वीके एसयू के इस प्रथम चरण के नामांकन से यह भी स्पष्ट हुआ है कि नए खुलने वाले सरकारी कॉलेजों के प्रति अभिभावकों और विद्यार्थियों का विश्वास बढ़ा है क्योंकि कम समय में ही अधिकांश सीटें भर गई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सूर्यपुरा कॉलेज में मिले जबरदस्त रुझान का मुख्य कारण स्थानीय स्तर पर सुलभ उच्च शिक्षा और कम फीस संरचना है जिससे आसपास के गांवों के विद्यार्थियों को बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

# बिजली चोरी पर कड़ी कार्रवाई, तीन उपभोक्ताओं पर आर्थिक दंड, एफआईआर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज(रोहतास)।** विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने और राजस्व संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष जांच एवं छापेमारी अभियान के तहत विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, बिक्रमगंज की टीम ने पंचायत शिवपुर में सघन अभियान चलाकर बिना वैध विद्युत कनेक्शन के अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले तीन लोगों को पकड़ा है। कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज नवदीप गोयल ने बताया कि जांच के क्रम में ग्राम रमाहीं टोला निवासी बंगाली सिंह पिता ज्वाला सिंह पर 8,640 रुपये, नंद कुमार पिता राजा राम सिंह पर 15,306 रुपये तथा झूमक टोला निवासी श्रीभगवान सिंह पिता हरी सिंह पर 23,946 रुपये का आर्थिक दंड अधिरोपित किया गया है। जांच के दौरान संबंधित परिसरों में न तो कोई वैध विद्युत कनेक्शन मिला और न ही विद्युत मीटर स्थापित पाया गया। बिजली उपयोग के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया तो किसी भी व्यक्ति द्वारा आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए जिससे अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग स्पष्ट रूप से प्रमाणित हुआ। इसके बाद तीनों लोगों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के तहत बिक्रमगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# विवाहिता की इलाज के दौरान मौत, मायके पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी थाना क्षेत्र के तारबंगला वार्ड नंबर 38, गली नंबर 8 में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट और इलाज में लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। मृतका की पहचान 23 वर्षीय सोनाली कुमारी के रूप में हुई है। सोनाली की शादी करीब 4 महीने पहले तारबंगला गली नंबर 8 निवासी अरुण लाल श्रीवास्तव के पुत्र प्रतिक श्रीवास्तव से हुई थी। सोनाली मूल रूप से कोईलवर थाना क्षेत्र के जमालपुर महम्मदपुर की रहने वाली थी। मृतका के भाई किशन कुमार उर्फ गोलू कुमार और मामा सुनिल कुमार श्रीवास्तव के अनुसार शादी के बाद से ही सोनाली को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।

परिजनों का कहना है कि कुछ दिन पहले ससुराल वालों ने फोन कर बताया कि सोनाली सीढ़ियों से गिर गई है और उसके पैर में गंभीर चोट व सूजन है। आरोप है कि समय पर उचित इलाज नहीं कराया गया जिससे उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई जब स्थिति बहुत गंभीर हुई तो ससुराल पक्ष ने मायके वालों को बुलाया। भाई जब उसे लेने पहुंचे तो वह उठ-बैठ भी नहीं पा रही थी। इसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए एम्स पटना ले जाया गया जहां 3 दिन तक उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। भाई ने बताया कि गुरुवार सुबह 8 बजे जब शव लेकर वे ससुराल पहुंचे तो घर पर सिर्फ सास मौजूद थी। पति फरार था और पुलिस के बुलाने पर घर आया। परिजनों ने कहा कि शव पहुंचने के बाद भी ससुराल पक्ष और आसपास के लोगों ने कोई संवेदना नहीं जताई। परिजनों ने दहेज उत्पीड़न का भी आरोप लगाया। उनका कहना है कि 'पलंग टूट गया, तुम्हारे घर वालों ने कैसा सामान दिया है' जैसी बातों से सोनाली को ताने दिए जाते थे। भाई का दावा है कि उनके पास दहेज मांग और प्रताड़ना से जुड़ी ऑडियो रिकॉर्डिंग भी है जिसे वे पुलिस को सौंपेंगे। साथ ही आरोप लगाया कि मृतका का पति नशे का आदी था और अक्सर मारपीट करता था।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,डालटनगंज**
**(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in, eercdmedini@gmail.com)**

**शुद्धि–पत्र**

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–02.07.2026 को विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**NP/02/2026-27** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No. 383926 Road(26-27)#D** है। जिसका **क्रम संख्या–1, 2 एवं 3 को अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।** शेष यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज

PR 384496 Road(26-27).D


# तिलौथू में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार को दी गयी विदाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** तिलौथू प्रखण्ड के पूर्व प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार के सम्मान में मंगलवार को एक गरिमामय विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता वर्तमान प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने की। इस अवसर पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का प्रभावी एवं सुव्यवस्थित संचालन प्रियेश श्रीवास्तव, वैकुण्ठ राम, शाकिर ईमाम एवं वकील अहमद ने संयुक्त रूप से किया। पूरे समारोह के दौरान वक्ताओं ने रजनीश कुमार के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके कुशल नेतृत्व, सहज एवं सौम्य व्यवहार, शिक्षकों के प्रति सहयोगात्मक दृष्टिकोण तथा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में दिए गए उल्लेखनीय योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि रजनीश कुमार के नेतृत्व में तिलौथू प्रखण्ड ने शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रोहतास जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया जो उनके समर्पित एवं दूरदर्शी कार्यशैली का परिणाम है। हाल ही में उनका स्थानांतरण सीतामढ़ी जिले के रून्नी सैदपुर प्रखण्ड में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी के रूप में हुआ है। सभी उपस्थित लोगों ने उनके नए दायित्व के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे वहां भी अपनी कार्यकुशलता और ईमानदार कार्यशैली से शिक्षा विभाग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। समारोह के सफल आयोजन में नंदकिशोर सिंह, बिनोद सिंह, अनिल सिंह, शशि रंजन सिंह, सोहेल अहमद, नीतू पाण्डेय, कमलेश सिंह एवं नवलेश कुमार सहित व्यवस्थापक मंडली के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में प्रखण्ड के अनेक प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षा विभाग के कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें सुनील कुमार, रामेश्वर प्रसाद गुप्ता, संतोष कुमार एवं अजय चरण पाल सहित कई प्रधानाध्यापक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## युवक को गोली मार किया घायल

**भभुआ।** नगर थाना क्षेत्र के कुड़ासन गांव से पूरब खेल मैदान में गुरुवार की शाम पिस्टल से गोली मार 22 वर्षीय युवक को गंभीर रुप से घायल कर दिया। गोली से घायल 22 वर्षीय विनित कुमार तिवारी कुड़ासन गांव निवासी विनायक तिवारी का पुत्र है।

## अपहरण की सूचना पर छापामारी करने गई पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त, घटना में दो व्यक्ति घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमिया नगर थाना क्षेत्र में अपहरण की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची पुलिस गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी। दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने जताया विरोध। डिहरी थाना के एक दर्जन पुलिस पदाधिकारी व पुलिसकर्मी कैंप किए हुए हैं। एसपी रौशन कुमार के अनुसार बीती रात्रि डायल 112 के कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति को जबरदस्ती उठा कर ले जाया गया है और बंधक बना कर रखा गया है। पुलिस टीम द्वारा बंधक बनाए गए युवक को छुड़ाकर और घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार करके लाने के क्रम सरकारी वाहन से एक दूसरे घर (जिसका घटना से कोई संबंध नहीं है) के दिवाल में धक्का लगा और दिवाल गिरने के कारण उस परिवार के दो लोग जख्मी हो गए।

## करवंदिया और गिजवाही में पत्थर उद्योग शुरू करने की कवायद तेज, सीमांकन का कार्य जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिले में पत्थर उद्योग को पुनः शुरू करने की दिशा में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई है। बुधवार को जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा प्रस्तावित पत्थर खनन क्षेत्र का निरीक्षण किए जाने के बाद गुरुवार को जिला खनन पदाधिकारी की टीम करवंदिया और गिजवाही पहुंची। टीम ने दोनों क्षेत्रों में प्रस्तावित खनन क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए सीमांकन का कार्य शुरू किया। अधिकारियों ने खनन क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाया। लगातार हो रही प्रशासनिक कार्रवाई से यह संकेत मिल रहा है कि जिले में पत्थर उद्योग को दोबारा शुरू करने की कवायद तेज गति से चल रही है। अब स्थानीय लोगों और पत्थर उद्योग से जुड़े व्यवसायियों की नजर प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हुई है।


**शपथ-पत्र**

मैं विशाखा सिंह, उम्र लगभग 47 वर्ष पति संजीत कुमार सिंह वार्ड नं. 26 राजपुतान मुहल्ला, पो. थाना- डिहरी, जिला-रोहतास (बिहार) शपथपूर्वक करती हूं कि मेरे आधार कार्ड सं.-8457 7817 8046 में मेरा नाम विशाखा सिंह पति संजीत कुमार सिंह दर्ज है।
मेरा शैक्षणिक प्रमाण-पत्र जो महाराष्ट्रा स्टेट बोर्ड ऑफ सेकन्ड्री एण्ड हायर सेकन्ड्री एजुकेशन के द्वारा निर्गत है उसमें मेरा नाम साठोने विशाखा नामदेव राव दर्ज है।
विवाह पूर्व मेरा नाम साठोने विशाखा नामदेव राव था तथा शादी के उपरान्त मेरा नाम विशाखा सिंह पति संजीत कुमार सिंह है।
साठोने विशाखा नामदेव राव एवं विशाखा सिंह दोनों मेरा ही नाम है पासपोर्ट में मेरा नाम विशाखा सिंह पति संजीत कुमार सिंह के नाम से बनाया जाए।
मेरा उपरोक्त कथन मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही वो सत्य है।

**शपथकर्ता**
**विशाखा सिंह**



**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

भूमि बिक्री अनुमति वाद संख्या–53/2026

**आम इस्तेहार**

आवेदक प्रहलाद घसी, पिता–स्व0 कईल घासी उर्फ भोला घासी, सा0–नामुदाग, थाना–मनिका, जिला–लातेहार द्वारा राजदेव राम, पिता–गणेश राम, सा0–नामुदाग, थाना–मनिका, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री के लिए अनुमति हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा– 46(1–बी) के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| नामुदाग | 104 | 190 | 15 डि0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
विधि शाखा, लातेहार

PR 384581 District(26-27)#D



**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

अनुमति वाद संख्या–43/2026

आम इस्तेहार

आवेदक सोमरा उरांव पिता–स्वव मंगू उरांव उर्फ गंगु उरांव वो रामेश्वर उरांव पिता–स्व मनु उरांव उर्फ गंगु उरांव वो बिगना उरांव वो गंदरू उरांव वो जयमंगल उरांव तीनों के पिता–स्व0 चैतु उरांव, निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 60 | 1767 | 0.51 |
| | | 1980 | 0.85 |
| | | कुल रकबा– | 01.36 |

एतद् द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
विधि शाखा, लातेहार

PR 384578 District(26-27).D

# हरनौत में 58.24 लाख से बन रही 1.2 किमी पीसीसी सड़क, आवागमन होगा आसान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हरनौत**। नगर पंचायत क्षेत्र में विश्वकर्मा मोड़ से वीर कुंवर सिंह चैक तक 1.2 किलोमीटर लंबी पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य ग्रामीण कार्य विभाग (कार्य प्रमंडल हरनौत) की देखरेख में तेजी से चल रहा है। पहले अधूरा रह गया निर्माण कार्य अब दोबारा शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। मानसून के बीच सड़क निर्माण पूरा होने से आवागमन में होने वाली परेशानी काफी हद तक दूर होगी। उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह ने बताया कि यह सड़क पहले जर्जर हालत में थी। इसके बनने से आदर्श थाना, नगर पंचायत कार्यालय, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय, राज्य खाद्य निगम गोदाम, पैक्स गोदाम, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय,. 2 हाई स्कूल, आदर्श मध्य विद्यालय, फुटबॉल स्टेडियम, वन विभाग की नर्सरी तथा जीविका सीएलएफ सहित कई महत्वपूर्ण संस्थानों तक पहुंच आसान होगी। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं, मरीजों, विद्यार्थियों और मजदूरों को विशेष सुविधा मिलेगी। साथ ही सड़क के दोनों किनारों पर गैप वाली जगहों में मिट्टी-बालू भरकर फ्लाई ऐश ईंट बिछाई जाएगी, जिससे जलजमाव की समस्या नहीं होगी। ग्रामीण कार्य विभाग के कनिष्ठ अभियंता कुमुद शेखर प्रसाद ने बताया कि करीब 50 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस योजना की प्राक्कलित लागत 58.241 लाख रुपये है तथा इसमें सात वर्षों तक सड़क के रखरखाव का प्रावधान भी शामिल है।

## टी.एस. कॉलेज, हिसुआ में महाविद्यालय स्तरीय रेड रन का सफल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। मगध विश्वविद्यालय बोधगया की अंगीभूत इकाई टी. एस. कॉलेज, हिसुआ में एच.आई.वी. / एड्स नियंतण एवं जन जागरुकता अभियान के तहत महाविद्यालय स्तरीय रेड रन दौड़ प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस .एस) के तत्वधान में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया से प्राप्त निर्देशों के आलोक में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) पवन कुमार शर्मा संरक्षण तथा एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार चौहान के निर्देशन एवं संयोजन में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के एसएसएस स्वयंसेवको एनसीसी कैडेट एवं विभिन्न विभागों के छात्र - छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने महाविद्यालय परिसर में दौड़ लगाकर एच आई वी/एड्स के प्रति जागरुकता फैलाने का संदेश दिया तथा स्वस्थ एवं जागरुक स्थान के निर्माण का संकल्प लिया।

# खाद्यान्न वितरण की धीमी रफ्तार पर डीएम नाराज

## 15 जुलाई तक शत-प्रतिशत सीएमआर जमा कराने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने बुधवार को आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक में खाद्यान्न वितरण, ई-केवाईसी, पीडीएस दुकानों के निरीक्षण तथा खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के तहत धान अधिप्राप्ति और सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जुलाई माह में खाद्यान्न के धीमे प्रेषण और वितरण पर उन्होंने नाराजगी जताई। समीक्षा में बताया गया कि जून 2026 में जिले को आवंटित खाद्यान्न का 97.93 प्रतिशत उठाव और राशन कार्डधारियों के बीच 90.70 प्रतिशत वितरण हुआ। वहीं जुलाई में सात टीपीडीएस गोदामों से खाद्यान्न का प्रेषण 50 प्रतिशत से कम रहने के कारण अब तक केवल 20.85 प्रतिशत वितरण हो सका है। जिले में 92.72 प्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी पूरा हो चुका है, जबकि पीडीएस पारख ऐप के माध्यम से केवल 15.44 प्रतिशत उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण हुआ है। डीएम ने जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम को परिवहन एजेंसी के माध्यम से निर्धारित समय पर शत-प्रतिशत खाद्यान्न प्रेषित कराने तथा जिला आपूर्ति पदाधिकारी को नियमित समीक्षा कर सभी लाभुकों तक खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन की मांग पर उचित मूल्य दुकानदारों की मार्जिन मनी भुगतान और ई-पॉस मशीनों को 2जी से 4जी में अपग्रेड कराने के लिए विभाग को पत्र भेजने का भी निर्देश दिया गया। धान अधिप्राप्ति की समीक्षा में बताया गया कि 90,285.19 मीट्रिक टन सीएमआर के लक्ष्य के विरुद्ध 79,344.11 मीट्रिक टन 87.88 प्रतिशत सीएमआर प्राप्त हुआ है। शेष 10,941.08 मीट्रिक टन सीएमआर 15 जुलाई तक हर हाल में राज्य खाद्य निगम को उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों और पैक्सों को दिया गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नालंदा, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, प्रबंध निदेशक, नालंदा सेंट्रल को ऑपरेटिव बैंक व अन्य पदाधिकारी सहित पैक्स ऐसोशिएसन के सदस्य, राईस मिल ऐसोशिएसन के सदस्य तथा फेयर प्राईस डीलर्स एशोसिएशन के महामंत्री वरूण सिंह मौजूद रहे।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। रहुई थाना क्षेत्र के देकपुरा गांव में 21 वर्षीया विवाहिता ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही रहुई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। रहुई थानाध्यक्ष के अनुसार देकपुरा गांव में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना के सत्यापन के दौरान मृतका की पहचान प्रीति कुमारी (21 वर्ष), पिता धर्मेंद्र मिस्त्री एवं पति रविशंकर मिस्त्री, निवासी ग्राम देकपुरा, थाना रहुई के रूप में हुई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया है। घटना की वैज्ञानिक जांच के लिए एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं, पुलिस निरीक्षक नूरसराय अंचल तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2, बिहारशरीफ ने भी मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। पुलिस ने बताया कि मृतका के परिजनों की ओर से आवेदन प्राप्त होने के बाद कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# जनगणना 2027 के प्री-टेस्ट का भारत सरकार की टीम ने किया निरीक्षण

## रजौली ब्लॉक के सोहदा, कर्मकला और तारगिर गांवों का लिया जायजा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। भारत सरकार के जनगणना निदेशालय की एक उच्चस्तरीय टीम ने बुधवार को रजौली प्रखंड क्षेत्र में चल रहे जनगणना 2027 के प्री-टेस्ट का औचक निरीक्षण किया। टीम ने प्रखंड के विभिन्न गांवों में जाकर सुपरवाइजरों और गणनाकारों से कामकाज की जानकारी ली और फीडबैक भी लिया। निरीक्षण टीम का नेतृत्व जनगणना निदेशालय भारत सरकार की निदेशक आईएएस रंजिता ने किया। उनके साथ उप निदेशक हेमंत कुमार, सहायक निदेशक अंगद कुमार सिंह और उनकी पूरी टीम मौजूद रही। भारत की जनगणना 2027 का प्री-टेस्ट बिहार में रजौली प्रखंड के अलावे सारण जिले के सोनपुर नगर परिषद में चल रहा है। टीम ने सबसे पहले सिरोडावर पंचायत क्षेत्र के सोहदा गांव का दौरा किया। इसके बाद जोगियामरन पंचायत के कर्मकला गांव पहुंचकर वहां जनगणना कार्य में लगे सुपरवाइजरों और गणनाकारों से बातचीत की। अधिकारियों ने डेटा संग्रहण की प्रक्रिया, फॉर्म भरने में आ रही दिक्कतों और ग्रामीणों के सहयोग को लेकर जानकारी ली। निरीक्षण के अंतिम चरण में टीम ने लेंगुरा पंचायत के तारगिर गांव स्थित एसआरएस यूनिट का भी भ्रमण किया। यहां सुपरवाइजर राधेश्याम, जनगणना निदेशालय से माधुरी कुमारी और गणनाकार शिक्षक उपस्थित रहे। टीम ने एसआरएस यूनिट में रखे गये रिकॉर्ड और प्रविष्टियों की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान रजौली एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन, नवादा डीएसओ,बीडीओ संजीव झा,सीओ मो. गुफरान मजहरी और सहायक प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी रौशन कुमार भी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार की टीम को प्रखंड में चल रही तैयारियों और प्री-टेस्ट की प्रगति से अवगत कराया। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना 2027 को लेकर यह प्री-टेस्ट एक महत्वपूर्ण चरण है। इससे फील्ड में आने वाली समस्याओं का पहले से आकलन कर मुख्य जनगणना को सुगम बनाया जाएगा। टीम ने गणनाकारों और सुपरवाइजरों को सही और सटीक डाटा संग्रहण के निर्देश दिए।

# सड़क हादसे में दो बाइक सवार घायल, नवादा रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। कौआकोल-रोह मुख्य पथ पर बिन्दीचक गांव से पहले चौराही आहर टर्निंग के पास गुरुवार को हुए सड़क हादसे में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,थाना क्षेत्र के सोखोदेवरा गांव निवासी अर्जुन महतो अपने रिश्तेदार शेखपुरा जिले के उक्सी गांव निवासी यमुना महतो के साथ बाइक से नवादा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कौआकोल पहुंचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने अज्ञात वाहन चालक की लापरवाही पर नाराजगी जताई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा फरार वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से पांच वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल

**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत उतरवारी धमनी गांव में गुरुवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक 5 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बालक की पहचान उत्तरवारी गांव निवासी सुरेन्द्र कुमार के पुत्र समीर कुमार के रूप में हुई है। स्वजनों ने बताया कि समीर कुमार सड़क किनारे खेल रहा था। इसी दौरान तेज गति से गुजर रहे एक ट्रैक्टर की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

## एक नजर

### नव मनोनीत प्रदेश सचिव को शॉल दे कार्यकर्ताओ ने किया सम्मानित

**गिरियक**। जनता दल (यू) के वरिष्ठ नेता एवं फाउंडर सदस्य विजय कुमार सिन्हा को बिहार प्रदेश सचिव मनोनीत किए जाने पर गिरियक प्रखंड के पावापुरी नगर पंचायत स्थित जदयू कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई। इस अवसर पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी गई तथा शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया।दौलाचक निवासी विजय कुमार सिन्हा समता पार्टी के समय से ही संगठन से जुड़े रहे हैं। वे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री के सहयोगी के रूप में भी लंबे समय तक सक्रिय रहे हैं। उनके राजनीतिक अनुभव और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।कार्यक्रम में नालंदा जिला भाजपा मंत्री रवि राज ने भी शॉल भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। मौके पर प्रो. हरिवंश प्रसाद सिंह, रामरतन शर्मा, रंजीत कुमार, उमेश कुमार सहित जदयू एवं भाजपा के कई कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

### पुलिस को देख छत से कूदा आरोपित

**बिहारशरीफ**। अस्थावां थाना क्षेत्र के उगवा गांव में मारपीट के एक मामले में गिरफ्तारी के लिए पहुंची पुलिस को देखकर एक आरोपी छत से कूद गया। इस दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके दोनों पैर और दाहिना हाथ टूट गया। पुलिस ने उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से बेहतर उपचार के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष सत्यम कुमार ने बताया कि करीब तीन माह पूर्व पारिवारिक विवाद के बीच हुई मारपीट की घटना में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसी मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए बुधवार की रात पुलिस टीम उसके घर पहुंची थी।दरवाजा खटखटाने के दौरान जवानों और अधिकारियों की आवाज सुनकर आरोपी घर की छत पर चढ़ गया और वहां से भागने का प्रयास करने लगा। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया, जिससे वह छत से नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल आरोपी का इलाज पुलिस अभिरक्षा में चल रहा है।

### लूटकांड का फरार आरोपित गिरफ्तार

**इसलामपुर**। इसलामपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कई दिनों से फरार चल रहे लूटकांड के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में हिलसा भेज दिया।थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के वेशवक गांव में छापेमारी कर लूटकांड के आरोपी प्रकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी घटना के बाद से लगातार पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था।

### मोरा पचासा फ्लाईओवर के पास मिला युवक का शव

**बिहारशरीफ**। भागन बिगहा थाना क्षेत्र के मोरा पचासा फ्लाईओवर के समीप गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद भागन बिगहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। शव के चेहरे पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया किसी दुर्घटना अथवा अन्य कारणों की आशंका जताई जा रही है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने बताया कि शव मोरा पचासा फ्लाईओवर के पास से बरामद किया गया है। मृतक की शिनाख्त कराने के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों में सूचना भेजी जा रही है।

### दीपनगर में सामूहिक दुष्कर्म, दो आरोपित गिरफ्तार

**बिहारशरीफ**। दीपनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की रात मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां के एक महादलित टोले की 14 वर्षीया किशोरी को बंधक बनाकर दो दरिंदों ने सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर आरोपी फरार हो गए। हालांकि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और महज कुछ ही घंटों के भीतर दोनों मुख्य आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नगमा गांव निवासी बिट्टू यादव और विक्रम उर्फ टमाटर पासवान के रूप में हुई है। दोनों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार दलबल के साथ सक्रिय हुए। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर विशेष छापेमारी दल का गठन कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। विधि-व्यवस्था डीएसपी रामदुलार प्रसाद ने बताया कि स्पीडी ट्रायल के जरिए दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए पुलिस वैज्ञानिक साक्ष्य जुटा रही है। डॉग स्क्वायड की विशेष टीमों को घटनास्थल पर बुलाकर गहन जांच कराई गई, जहां से कई महत्वपूर्ण और पुख्ता सबूत बरामद कर सुरक्षित रख लिए गए हैं।

### प्रधानमंत्री मातृत्व जांच शिविर में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच

**कौआकोल**। प्रत्येक माह की 9वीं तारीख को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री मातृत्व जांच शिविर के तहत गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कौआकोल में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।इस दौरान चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी। साथ ही निःशुल्क आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं तथा विभिन्न आवश्यक जांच भी की गईं। महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित प्रसव पूर्व जांच, आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों के सेवन और संस्थागत प्रसव के महत्व की जानकारी भी दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच से मां और गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की बेहतर निगरानी संभव होती है। इसलिए सभी गर्भवती महिलाओं से प्रत्येक माह आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री मातृत्व जांच शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई।

# दिन में ठेले पर बेचता था मोमोज, रात में गर्ल्स हॉस्टल में छात्राओं से करता था गंदा काम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। दिन में अस्पताल चौक पर मोमोज का ठेला लगाने वाले एक युवक का खौफनाक चेहरा सामने आया है। आरोपी रात में अपने पिता द्वारा कागजी मोहल्ला में संचालित निजी गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं को अपनी हवस का शिकार बनाता था। पुलिस ने 10वीं की एक छात्रा से डरा-धमकाकर लगातार दुष्कर्म करने के आरोप में बुधवार को देर शाम त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी संचालक पुत्र अनंत उर्फ सत्यांशु को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, इस घिनौनी करतूत की शुरुआत इसी वर्ष 12 जनवरी को हुई थी। पीड़िता ने बताया कि हॉस्टल में रहने के दौरान संचालक के बेटे अनंत ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपित ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इस भयावह धमकी से सहमी नाबालिग छात्रा लंबे समय तक खामोश रही। आरोपी उसकी इसी मजबूरी और डर का फायदा उठाकर लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। छात्रा के व्यवहार में आए अचानक बदलाव, अत्यधिक मानसिक तनाव और उदासी को देखकर नोएडा में रह रही उसकी मां को अनहोनी का अंदेशा हुआ। मां के कड़ाई से पूछताछ करने पर पीड़िता फूट-फूट कर रो पड़ी और अपनी पूरी आपबीती सुना दी। बेटी की व्यथा सुनकर मां ने तत्काल नोएडा के स्थानीय थाने में जीरो एफआईआर दर्ज कराई। चूंकि मामला बिहार थाना क्षेत्र से जुड़ा था, इसलिए प्राथमिकी को यहां स्थानांतरित (ट्रांसफर) किया गया। बिहार थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि जीरो एफआईआर प्राप्त होते ही मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए विशेष टीम का गठन किया गया और आरोपी को अविलंब दबोच लिया गया। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि पुलिस इस बिंदु पर भी गहनता से जांच कर रही है कि इस पूरी वारदात में हॉस्टल प्रबंधन या किसी अन्य कर्मी की क्या भूमिका थी। यदि प्रबंधन की ओर से कोई लापरवाही या संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके विरुद्ध भी कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सदर अस्पताल का सिविल सर्जन ने किया निरीक्षण

## पांच बेड का अत्याधुनिक आईसीयू जल्द होगा शुरु इमरजेंसी रजिस्ट्रेशन काउंटर की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। सिविल सर्जन ने गुरुवार को बिहारशरीफ सदर अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, उपलब्ध संसाधनों और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) श्याम कुमार निर्मल, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राजेंद्र चैधरी, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन, डॉ. वीणा प्रभा सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने अस्पताल में नवस्थापित पांच बेड के अत्याधुनिक आईसीयू का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा उपकरणों, ऑक्सीजन व्यवस्था, मॉनिटरिंग सिस्टम, विद्युत बैकअप, दवाओं की उपलब्धता तथा मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी लेकर सभी तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया।उन्होंने बताया कि अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार पर इमरजेंसी निबंधन (रजिस्ट्रेशन) काउंटर शुरू कर दिया गया है। इससे सामान्य मरीजों को इमरजेंसी वार्ड में जाने की आवश्यकता नहीं होगी और वे सीधे पर्ची बनवाकर संबंधित विभाग में चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। इससे अस्पताल की व्यवस्था अधिक सुचारु होगी और भीड़ पर भी नियंत्रण रहेगा। सिविल सर्जन ने कहा कि पांच बेड वाला आईसीयू पूरी तरह तैयार है और औपचारिक उद्घाटन के बाद इसकी सेवा आम मरीजों के लिए शुरू कर दी जाएगी। इससे गंभीर मरीजों को इलाज के लिए पटना, पावापुरी मेडिकल कॉलेज या निजी अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा।निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, साफ-सफाई, दवा वितरण, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति, भोजन, पेयजल, शौचालय, बिजली और संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था का भी जायजा लिया। साथ ही भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

# चार वर्षों से जलजमाव की मार, रजौली बस स्टैंड के दुकानदारों की रोजी-रोटी पर संकट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। रजौली मुख्यालय स्थित एनएच-20 की सर्विस लेन से सटे एसएच-70 पर बने सिरदला बस स्टैंड पर पिछले चार वर्षों से हर बारिश में घुटने तक पानी भर जाता है। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से आसपास के दर्जनों दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एनएचएआई द्वारा सर्विस रोड निर्माण में बरती गई अनियमितता और रखरखाव एजेंसी की लापरवाही के कारण यह समस्या लगातार बनी हुई है। दुकानदारों का कहना है कि पहले सड़क की स्थिति सामान्य थी, लेकिन सर्विस रोड निर्माण के दौरान सड़क का स्तर बिगाड़ दिया गया। बाद में केवल पेवर ब्लॉक बिछाकर औपचारिकता पूरी कर दी गई, जिससे बारिश होते ही पूरा क्षेत्र जलमग्न हो जाता है। मिठाई दुकानदार अंजू देवी और रेडीमेड व्यवसायी मनीष कुमार ने बताया कि जलजमाव के कारण ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पाते, जिससे कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि सर्विस रोड के किनारे बनी नालियां कई जगह टूटी और धंसी हुई हैं। खुले नालों और गड्ढों के कारण राहगीरों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। समस्या को लेकर एसडीएम, जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका। एनएचएआई के परियोजना निदेशक सुभाष मीणा ने बताया कि रखरखाव एजेंसी को सभी कमियों को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया गया है। वहीं एजेंसी के प्रतिनिधि आर.के. त्रिपाठी ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और एक सप्ताह के भीतर आवश्यक सुधार कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। सीओ मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि डीएम के निर्देश पर गठित संयुक्त टीम ने स्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार कर जिला मुख्यालय भेज दी है। रिपोर्ट के आधार पर जलनिकासी और नाली निर्माण का कार्य कराया जाएगा।

# छठियार में बज रहे बाजे से दो पक्षों में जमकर मारपीट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। थाना क्षेत्र के मुरहेना गांव में बीते बुधवार की रात्रि को एक घर में छठियार के मौके पर गाना बज रहा था। इसी बीच गाने के बोल से उपजे विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भीड़ गए। दोनों पक्षों की ओर से जमकर लात-घूंसे एवं लाठी-डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्षों से लगभग आठ लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. परितोष कुमार ने सभी घायलों का इलाज किया। उन्होंने बताया कि प्रथम पक्ष से घायलों में मुरहेना गांव निवासी गनौरी चौधरी, गनौरी चौधरी के पुत्र लक्ष्मण चौधरी व पुत्री मोना कुमारी,जनवरी चौधरी की पत्नी कैली देवी एवं लक्ष्मण चौधरी की पत्नी अनिता कुमारी शामिल हैं। वहीं द्वितीय पक्ष से मुरहेना गांव निवासी सुखदेव चौधरी,सुखदेव चौधरी के पुत्र मुन्ना चौधरी,नीतीश कामत,पुत्री कंचन देवी व पत्नी कारी देवी शामिल है। चिकित्सक ने बताया कि घायल मोना कुमारी के सिर में गम्भीर चोटें आई है एवं नीतीश कुमार के सिर भी फटे हैं। सभी घायलों का प्राथमिक इलाज कर जरूरी सुई व दवाइयां दी गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि मुरहेना गांव में किसी तीसरे व्यक्ति के यहां छठियार में बज रहे गाने से उपजे विवाद में दो पक्ष आपस में मारपीट हुई है। मारपीट को लेकर प्रथम पक्ष से मोना कुमारी एवं द्वितीय पक्ष से नीतीश कुमार ने थाने को लिखित आवेदन देकर पांच-पांच लोगों को नमाजद अभियुक्त बनाया है। प्राप्त आवेदन के आलोक में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए द्वितीय पक्ष से दो आरोपियों नीतीश कुमार और सुखदेव चौधरी को गिरफ्तार किया है। वहीं प्रथम पक्ष से आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों को गुरुवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# लोन विवाद में नया मोड़ः दूसरे पक्ष ने लगाए जमीन कब्जाने और रास्ता मांगने के आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)**। तुंगी राम नगर बाजार में चर्चित 20 लाख रुपये के कथित बैंक लोन मामले में अब दूसरा पक्ष भी खुलकर सामने आया है। सुलेखा देवी के पुत्र प्रहलाद कुमार ने पूर्व पैक्स अध्यक्ष अंकित कुमार यादव द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि यह मामला बैंक लोन का नहीं, बल्कि कई वर्षों से चले आ रहे जमीन और रास्ते के विवाद से जुड़ा है। प्रहलाद कुमार का दावा है कि उनके परिवार की भूमि पर विधिवत बाउंड्री बनी हुई है। उनका आरोप है कि अंकित कुमार यादव एवं उनके समर्थक बाउंड्री तोड़कर लगभग 40 फीट रास्ता देने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कहा जाता है कि गाड़ी खड़ी करने में परेशानी होती है, इसलिए उक्त भूमि पर पार्किंग बनाई जाएगी, जबकि संबंधित जमीन उनकी माता सुलेखा देवी, पति हीरा विश्वकर्मा के नाम है।

प्रहलाद कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले करीब पांच वर्षों से उनके परिवार को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उनके अनुसार, कई बार दबंगों को साथ लेकर उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया, झूठे मुकदमे दर्ज कराए गए तथा धमकियां भी दी गईं। उन्होंने बताया कि खाता संख्या 2510 से संबंधित भूमि विवाद का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। दूसरी ओर, पूर्व पैक्स अध्यक्ष अंकित कुमार यादव पहले ही यह आरोप लगा चुके हैं कि उनके मकान के विरुद्ध किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर लगभग 20 लाख रुपये का बैंक ऋण दर्ज दिखाया गया और बैंक अधिकारी नीलामी की कार्रवाई के लिए पहुंचे थे। फिलहाल दोनों पक्ष एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। मामले की वास्तविक स्थिति प्रशासनिक जांच, बैंक के आधिकारिक रिकॉर्ड तथा न्यायालय की प्रक्रिया के बाद ही स्पष्ट होगी।

# 14 नवनियुक्त फार्मासिस्टों की जिले के अस्पतालों में तैनाती, सदर अस्पताल को मिले तीन फार्मासिस्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिले के सरकारी अस्पतालों में फार्मासिस्टों की कमी को दूर करने के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति के माध्यम से 14 नवनियुक्त फार्मासिस्टों की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में प्रतिनियुक्ति की गई है। इससे मरीजों को समय पर दवाएं उपलब्ध कराने और दवा वितरण व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। इनमें से तीन फार्मासिस्टों की तैनाती सदर अस्पताल, बिहारशरीफ में की गई है।सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश सिंह ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , अनुमंडलीय अस्पताल , रेफरल अस्पताल तथा सदर अस्पताल में फार्मासिस्टों की प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से स्वास्थ्य संस्थानों में फार्मासिस्टों की कमी बनी हुई थी, जिसे अब काफी हद तक दूर किया जा सकेगा।सदर अस्पताल में रवि शंकर कुमार, विवेक कुमार और आयुष रंजन की तैनाती की गई है। वहीं अब तक अंजुलता कुमारी पीएचसी थरथरी, नितेन्द्र नारायण एसडीएच हिलसा, सनी सक्सेना रेफरल अस्पताल अस्थावां, मो. साबिर सीएचसी सरमेरा, कुमार चंचल पीएचसी हरनौत, अभिषेक कुमार पीएचसी बेन तथा आयुष रंजन सीएचसी रहुई सहित कई फार्मासिस्टों ने संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों में योगदान दे दिया है।

# प्रबोधन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड), गया पहुंचकर 11 और 12 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले बिहार विधानसभा के सदस्यों के प्रबोधन कार्यक्रम की तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने कार्यक्रम स्थल, सभागार, आवास, भोजन, परिवहन, पंजीकरण, सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और निर्देश दिया कि कार्यक्रम से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध, सुव्यवस्थित और त्रुटिरहित ढंग से सुनिश्चित की जाएं, ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के बाद डॉ. प्रेम कुमार ने तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रबोधन कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं लगभग पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी अंतिम चरण की तैयारियों को पूरा करने में जुटे हैं और कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सभी स्तरों पर समन्वय बनाए रखा जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आवास, भोजन, परिवहन, सुरक्षा और पंजीकरण सहित प्रत्येक व्यवस्था का अंतिम बार परीक्षण कर लिया जाए, ताकि कार्यक्रम का संचालन सुचारु और व्यवस्थित ढंग से हो सके। निरीक्षण के दौरान बिपार्ड की अपर महानिदेशक-सह-आयुक्त, मगध प्रमंडल डॉ. सफीना ए. एन. तथा बिपार्ड के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा बिहार विधानसभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारी भी निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे और तैयारियों की जानकारी दी।

## करंट से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के दिघी गांव में बिजली का तार ठीक करते समय करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान 30 वर्षीय ब्रजेश कुमार पुत्र राजदेव यादव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गुरुवार की शाम ब्रजेश घर में बिजली का टोका/तार फंसाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गए। परिजनों और गांव वालों ने तुरंत उन्हें बिजली के संपर्क से हटाकर बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची कोंच थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है।

## अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर फूटा दुकानदारों का गुस्सा, कहा-बड़े प्रतिष्ठानों पर क्यों नहीं होती कार्रवाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी जीटी रोड के किनारे नेशनल हाईवे अथॉरिटी (एनएचएआई) और स्थानीय प्रशासन द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान प्रभावित दुकानदारों में भारी नाराजगी देखने को मिली। कार्रवाई के दौरान कई अस्थायी दुकानों को हटाया गया जिसके बाद दुकानदारों ने प्रशासन पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। प्रभावित दुकानदारों का कहना है कि प्रशासन केवल गरीब और झोपड़ीनुमा दुकानों पर कार्रवाई करता है जबकि सड़क के काफी करीब बने पेट्रोल पंपों और अन्य बड़े स्थायी प्रतिष्ठानों के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया जाता। उनका सवाल है कि यदि अतिक्रमण हटाना ही उद्देश्य है तो सभी पर एक समान नियम लागू होने चाहिए। दुकानदारों ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें दुकान और सामान हटाने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। उनका कहना है कि वर्षों से रोजी-रोटी का सहारा बनी दुकानों को अचानक हटाने से उनके सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। प्रभावित लोगों ने प्रशासन से वैकल्पिक व्यवस्था करने और सभी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ समान रूप से कार्रवाई करने की मांग की। इधर प्रशासन ने अभियान को पूरी तरह नियमानुसार बताया है। अंचलाधिकारी उषा कुमारी ने कहा कि यह कार्रवाई नेशनल हाईवे की सुरक्षा और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में की जा रही है। उन्होंने बताया कि जीटी रोड के किनारे निर्धारित सीमा तक अतिक्रमण हटाया जा रहा है तथा खाली कराई गई भूमि पर भविष्य में पौधारोपण कराया जाएगा। अभियान के दौरान पुलिस बल की तैनाती रही और प्रशासन की मौजूदगी में कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से पूरी कराई गई। हालांकि प्रभावित दुकानदारों की नाराजगी और उनके सवालों ने अभियान की निष्पक्षता को लेकर स्थानीय स्तर पर नई बहस छेड़ दी

## रोड रोलर की चपेट में आने से सिक्यूरिटी गार्ड की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/परैया।** परैया थाना क्षेत्र के परैया पुल के पास रेलवे लाइन किनारे बुधवार रात करीब 9:30 बजे हुए हादसे में केसीसी कंपनी में तैनात एक सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। वाहन चालक की लापरवाही से हुआ यह हादसा ड्यूटी के दौरान बताया जा रहा है। मृतक की पहचान कोंच थाना क्षेत्र के ग्राम चतुरी बिगहा निवासी इंद्रदेव यादव उर्फ नेता जी के 45 वर्षीय पुत्र प्रमोद यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार प्रमोद पिछले 9 महीने से केसीसी कंपनी में रात्रि पाली में सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी कर रहे थे। रोज की तरह बुधवार शाम भी वे गांव से ड्यूटी पर परैया स्थित निर्माण स्थल पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ड्यूटी के दौरान प्रमोद कुर्सी पर बैठकर खाना खा रहे थे। इसी समय रेलवे चौड़ीकरण के निर्माण कार्य में लगा एक रोड रॉलर अनियंत्रित होकर उनकी ओर आ गया और उन्हें कुचल दिया। हादसे में प्रमोद का शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के स्वजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर परैया थाना पुलिस के साथ डीएसपी सुशांत कुमार चंचल भी घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रात 2:40 बजे पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज गया भेजा। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया। प्रमोद अपने तीन भाइयों में मंझले थे। उनके तीन पुत्र हैं जिनकी उम्र क्रमशः 20, 18 और 14 वर्ष है। घर के इकलौते कमाने वाले की मौत से परिवार गहरे सदमे में है। केसीसी कंपनी की ओर से मृतक की पत्नी जीरा देवी को 7 लाख रुपये का करारनामा तैयार किया गया है। साथ ही कंपनी ने एग्रीमेंट अवधि तक पत्नी को प्रतिमाह करीब 12 हजार रुपये देने पर भी सहमति जताई है। मौके पर कंपनी प्लांट में जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद यादव, राजेंद्र यादव, पूर्व जिला पार्षद रामचंद्र आजाद, पूर्व प्रमुख जितेंद्र यादव, सामाजिक कार्यकर्ता सह चिकित्सक डॉ. अनुज कुमार, दिलीप कुमार दिलेर, उमेश यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

## एनइपी-2020 के तहत इंटर्नशिप होगी अनिवार्य, पीएचडी कोर्स वर्क नामांकन का रास्ता साफ

**मगध विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय, परीक्षा व्यवस्था को समयबद्ध बनाने पर जोर**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया अन्तर्गत अतिथि भवन में कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी की अध्यक्षता में परीक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, पीएचडी कोर्स वर्क में नामांकन, परीक्षा संचालन तथा विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न शैक्षणिक विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श करते हुए कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में कुलसचिव डॉ. बिनोद कुमार मंगलम, कुलानुशासक प्रो. के. डी. प्रसाद वर्मा, समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. एस. एन. पी. यादव 'दीन', प्रबंधन संकाय से प्रो. आनंद प्रकाश, वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो. शंकर शाह, सीसीडीसी प्रो. संजय कुमार तिवारी, एस. सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्र सहित परीक्षा समिति के सदस्य एवं विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा एनईपी-2020 के तहत स्नातक सीबीसीएस पाठ्यक्रम में प्रतिष्ठा उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए पांचवें सेमेस्टर में इंटर्नशिप के आयोजन को लेकर था। राज्यपाल सचिवालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों के आलोक में सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में इंटर्नशिप कार्यक्रम के सफल संचालन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। समिति ने इस व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक प्रशासनिक एवं शैक्षणिक तैयारियां शीघ्र पूरी करने पर सहमति व्यक्त की। विश्वविद्यालय का मानना है कि इंटर्नशिप से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान, कौशल विकास तथा रोजगारोन्मुख अनुभव प्राप्त होगा। बैठक में पैट 2022-23 के परीक्षाफल के उपरांत जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, इतिहास एवं समाजशास्त्र विषयों में पीएचडी कोर्स वर्क में नामांकन प्रारंभ करने के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। समिति ने विश्वविद्यालय के प्रावधानों के अनुरूप नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्णय लिया जिससे शोध गतिविधियों को गति मिल सके और शोधार्थियों को समय पर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। इसके अतिरिक्त परीक्षा संबंधी विभिन्न प्रशासनिक एवं शैक्षणिक विषयों, आगामी परीक्षाओं की तैयारियों, परीक्षा परिणामों के समयबद्ध प्रकाशन तथा विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी एवं छात्रहितैषी बनाने के उपायों पर भी चर्चा हुई। समिति ने सभी संबंधित शाखाओं एवं विभागों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के सभी प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जहानाबाद में रेलवे की हाईटेंशन लाइन काट ले गए चोर

**35 मीटर ओवरहेड तार चोरी, 3 घंटे तक बाधित रहा रेल परिचालन**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** पटना-गया रेलखंड पर गुरुवार की सुबह चोरों ने रेलवे को बड़ा झटका दिया। जिले के ऊंटा-मदारपुर के समीप चोरों ने रेलवे की ओवरहेड हाईटेंशन बिजली लाइन का करीब 35 मीटर लंबा तार काट दिया। इस घटना के कारण डाउन लाइन पर रेल परिचालन करीब तीन घंटे तक प्रभावित रहा। सुबह लगभग 4 बजे से 7 बजे तक कई महत्वपूर्ण ट्रेनों की आवाजाही बाधित रही जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार सबसे पहले दानापुर रेल मंडल को ओवरहेड तार कटने की सूचना मिली। इसके बाद जहानाबाद के रेलवे अधिकारियों, आरपीएफ और तकनीकी टीम को तत्काल घटनास्थल पर भेजा गया। सूचना मिलने के बाद आरपीएफ प्रभारी प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में सुरक्षा टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचने की आहट मिलते ही चोर फरार हो गए। तलाशी अभियान के दौरान रेलवे का कटा हुआ तार पास के एक गड्ढे से बरामद कर लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) की तकनीकी टीम विशेष वाहन से घटनास्थल पहुंची। तकनीशियनों ने क्षतिग्रस्त ओवरहेड तार की मरम्मत कर सिग्नल एवं विद्युत व्यवस्था को पुनः बहाल किया। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद सुबह करीब 7 बजे रेल परिचालन सामान्य हो सका। इस घटना का असर कई महत्वपूर्ण ट्रेनों पर पड़ा। गंगा-दामोदर एक्सप्रेस, हटिया-इस्लामपुर एक्सप्रेस, पलामू एक्सप्रेस और गया-पटना मेमू सहित कई ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर रोकना पड़ा।

## शेरघाटी में एबीवीपी ने मनाया 78वां स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शेरघाटी इकाई द्वारा बुधवार को संगठन का 78वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एस.एम.एस.जी. कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण से हुई जहां परिषद के कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कॉलेज परिसर में पौधे लगाए। इसके बाद इंदिरा नगर स्थित गुरुकुल के समीप सेवा बस्ती के छोटे-छोटे बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर मंत्री सचिन कुमार एवं छात्र नेता रंजन कुमार ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर रंजन कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्रों में अनुशासन, संस्कार, चरित्र निर्माण और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ना है। नगर मंत्री सचिन कुमार ने संगठन की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि एबीवीपी छात्र हित के साथ-साथ समाज और राष्ट्रहित के कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि परिषद प्रत्येक वर्ष गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग करती है तथा सेवा बस्तियों में पाठशालाओं का संचालन भी करती है। कॉलेज इकाई अध्यक्ष सुबोध चौधरी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा राष्ट्रहित और छात्रहित के लिए समर्पित रही है। वहीं कॉलेज के प्राध्यापकों ने परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संगठन के कार्यकर्ता परिसर में छात्र-छात्राओं की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव सक्रिय रहते हैं। कार्यक्रम में रंजन कुमार, अमित कुमार, सचिन कुमार, सुबोध चौधरी, शशि कुमार, अकलेश कुमार सहित कॉलेज के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कृषि फीडर से सोलह घंटे बिजली आपूर्ति की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** सामान्य से कम वर्षा होने के कारण धान की रोपनी प्रभावित होने पर प्रखंड अंतर्गत खनेटू ग्राम पंचायत के किसानों ने कृषि फीडर से प्रतिदिन सोलह घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है। इस संबंध में पंचायत निवासी रामानुज कुमार ने मुख्यमंत्री, ऊर्जा विभाग एवं जिला पदाधिकारी, गया जी को आवेदन के माध्यम से सूचित किया है कि इस वर्ष पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण पंचायत के अधिकांश खेतों में अब तक धान की रोपनी शुरू नहीं हो सकी है। किसान भूमिगत जल के सहारे सिंचाई कर खेती करने को विवश हैं, लेकिन कृषि फीडर से प्रतिदिन मात्र चार घंटे बिजली मिलने के कारण सिंचाई कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है जिससे धान की खेती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और किसानों के सामने आर्थिक संकट गहराने लगा है। रामानुज कुमार ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि किसानों के हित में खनेटू ग्राम पंचायत के कृषि फीडर से प्रतिदिन सोलह घंटे नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि धान की रोपनी समय पर पूरा हो सके। खनेटू के रमेश शर्मा, उमेश कुमार, विजय शर्मा, मुकेश कुमार और अमरेश कुमार ने कहा है कि हम लोगों ने स्थानीय बिजली अधिकारियों से इसकी मांग की थी, लेकिन हमारी मांग को अनसुना कर दिया गया।

## कोंच अंचलाधिकारी मुकेश कुमार को दी गयी विदाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** स्थानांतरण के बाद गुरुवार को कोंच अंचल कार्यालय एवं कोंच पैक्स कार्यालय में अंचलाधिकारी मुकेश कुमार को भावभीनी विदाई दी गई। अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और स्मृति-चिहन भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंचल कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में वक्ताओं ने कहा कि मुकेश कुमार ने अपने कार्यकाल में ईमानदारी, पारदर्शिता और जनहित की भावना के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में उनकी भूमिका सराहनीय रही। वहीं कोंच पैक्स कार्यालय में आयोजित समारोह की अध्यक्षता शिक्षक विवेकानंद शर्मा ने की। इस दौरान पैक्स अध्यक्ष रिया कुमारी ने अंचलाधिकारी को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। पैक्स अध्यक्ष रिया कुमारी ने कहा मुकेश सर के कार्यकाल में पैक्स का कामकाज काफी बेहतर हुआ। किसानों को समय पर खाद, बीज और सरकारी योजनाओं का लाभ मिला। उनके सहयोग और मार्गदर्शन से हमारा कार्यालय सुचारू रूप से चला। उनके जाने से हम सभी को कमी खलेगी। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। समारोह को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी मुकेश कुमार ने कहा कि कोंच में बिताया गया समय उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा।

## महिला के गले से चेन की छिनतई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** नगर परिषद कार्यालय के समीप दिनदहाड़े बाइक सवार अज्ञात उचक्कों ने एक महिला के गले से सोने की चेन झपट ली व मौके से फरार होने में सफल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़िता की पहचान पड़डिया गांव निवासी सोनी कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार महिला किसी कार्य से नगर परिषद कार्यालय के समीप से गुजर रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो अज्ञात युवक उनके पास पहुंचे व गले से सोने की चेन छीनकर तेज रफ्तार से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर अज्ञात उचक्कों के विरुद्ध चेन स्नैचिंग की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

## छेड़छाड़ के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस।** थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव स्थित सरकारी मध्य विद्यालय में एक नाबालिग छात्रा से कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने 58 वर्षीय शिक्षक एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रा के परिजनों ने शिक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। घटना की सूचना मिलते ही आक्रोशित परिजन विद्यालय पहुंचे और आरोपी शिक्षक की पिटाई कर दी। इस दौरान विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। परिजनों और ग्रामीणों ने आरोपी शिक्षक को तत्काल विद्यालय से हटाने और उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर आमस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पीड़ित पक्ष के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।**

**भूमि बिक्री अनुमति वाद संख्या–54/2026**

**आम इस्तेहार**

आवेदक सुरेश ठाकुर, पिता–चुरामन ठाकुर, ग्राम–सेरेगड़ा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार द्वारा लक्ष्मी देवी पति–राजेश ठाकुर, ग्राम–बुकरू, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री के लिए अनुमति हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा– 46(1–बी) के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| सेरेगड़ा | 02 | 554 | 6 डि |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
विधि शाखा, लातेहार।

PR 384583 District(26-27)D


## मीम नाजिश पी. एच. डी. उपाधि से हुए सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** अल हम्द इस्लामिक स्कूल के निदेशक मीम नाजिश को मगध विश्वविद्यालय बोधगया द्वारा डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी के उपाधि से अलंकृत किया गया। वे हाजी शकील अहमद के पुत्र हैं, उनके शोध का विषय था 'स्टडी ऑन द इंसेक्ट पेस्ट बायोडायवर्सिटी ऑन ग्राम क्रॉप एट गया, बिहार' उनके शोध पत्र के निरीक्षक प्रोफेसर डॉक्टर अबुल फतह, मिर्जा गालिब कॉलेज गया तथा संरक्षक डॉक्टर सरफराज अली मगध विश्वविद्यालय बोध गया रहे जबकि परीक्षक डॉक्टर तुमुल सिंह प्रोफेसर एवं हेड यू पी कॉलेज वाराणसी उपस्थित रहे। मीम नाजिश के इस उपलब्धि के लिए उनके परिवार के अतिरिक्त शिक्षा जगत एवं सामाजिक क्षेत्र से बधाइयां एवं शुभकामनाएं मिल रही हैं।

## भरौंधा प्लस टू हाई स्कूल बना पीएम श्री विद्यालय, अब कक्षा 6 से 12 तक मिलेगी आधुनिक शिक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड की मंडा पंचायत स्थित भरौंधा प्लस टू हाई स्कूल का चयन पीएम श्री विद्यालय के रूप में किया गया है। अब इस विद्यालय में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण में पढ़ाई का अवसर मिलेगा। विद्यालय के पीएम श्री योजना में शामिल होने से विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। पीएम श्री योजना के तहत विद्यालय को स्मार्ट क्लास, डिजिटल शिक्षा, आधुनिक प्रयोगशालाओं, खेल-कूद की बेहतर सुविधाओं, स्वच्छ एवं सुरक्षित परिसर तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के अनुरूप विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भरौंधा प्लस टू हाई स्कूल का पीएम श्री विद्यालय के रूप में चयन पूरे मंडा पंचायत के लिए गर्व की बात है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध होगी। ग्रामीणों ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि अब कक्षा 6 से ही बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिलेगा, जिससे उनकी शैक्षणिक नींव मजबूत होगी और भविष्य में वे बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। भरौंधा पीएम श्री प्लस टू हाई स्कूल का विकास क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई शुरुआत माना जा रहा है जिससे आने वाले वर्षों में हजारों विद्यार्थियों को लाभ मिलने की उम्मीद है।


**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या : 32–एसडीएसटीई–एएसएन–2026–27, दिनांक 08.07.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल–i) "वरिष्ठ डीईएन/III/आसनसोल के खंड में प्रतिस्थापन के आधार पर पाराज स्टेशन में नए एफओबी का प्रावधान"। ii) "वरिष्ठ डीईएन/III/आसनसोल के खंड में वारिया स्टेशन में प्रतिस्थापन के आधार पर नए एफओबी का प्रावधान"। iii) "वरिष्ठ डीईएन/III/आसनसोल के खंड में राजबाँध स्टेशन में प्रतिस्थापन के आधार पर नए एफओबी का प्रावधान"। iv) "वरिष्ठ डीईएन/III/आसनसोल के खंड में गलसी स्टेशन में प्रतिस्थापन के आधार पर नए एफओबी का प्रावधान"। v) "वरिष्ठ डीईएन/III/आसनसोल के खंड में मानकर स्टेशन में प्रतिस्थापन के आधार पर नए एफओबी का प्रावधान"। vi) "सीतारामपुर–झाझा खंड में जैकेटिंग एवं अन्य कार्यों सहित ब्रिज नं. 643/अप एवं डाउन के बीजीएमएल स्टैंडर्ड गर्डर का प्रतिस्थापन"। **निविदा मूल्य:** रु. 1,58,10,451.17, **बयाना राशि:** रु. 3,16,200/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 31.07.2026 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www. ireps.gov.in/

ASN-171/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EastернRailway
@easternrailwayheadquarter



**Office of the Principal District & Session Judge, Garhwa**

**Tender Notice**

**Inviting of Tender for regular maintenance of toilets and cleanliness in the Judgeship of Garhwa**

Pursuant to Letter No. 166/Admn Misc. dated 15.05.2026 from the Hon'ble High Court of Jharkhand, a Committee was constituted vide Misc. Order No. 125/2026 dated 06.06.2026 to engage professional outsourcing agencies for cleanliness and maintenance of toilets/washrooms of Judgeship of Garhwa . The Committee has resolved to invite proposals from outsourcing agencies for engaging professional outsourcing agencies on a contract basis to provide services for regular maintenance, cleanliness, and upkeep of toilets/washrooms in the Judgeship, including the Civil Court, Garhwa premises and the Sub-Divisional Civil Court, Nagar Untari premises, by employing modern cleaning methods and machinery.

Accordingly, sealed proposals are hereby invited from outsourcing professional agencies having requisite experience and resources to undertake the work of cleanliness and maintenance of toilets/ wash rooms at the following Court premises:

1. **Civil Court, Garhwa** – 4 Blocks (13 Court Building, 6 Court Building, Family Court Building, and one under-construction building)
2. **Sub-Divisional Civil Court, Nagar Untari** – 1 Building

Interested agencies are required to submit their proposals along with details of manpower, cleaning equipment, methodology, and financial quotation prepared after visiting the Court premises to assess the requirements ( **pre-bid site inspection) on 17.07.2026** during which necessary assistance will be provided for convenience.

The required Tender/Proposal must be submitted in sealed cover addressed to the undersigned on or before **23.07.2026**. Proposals received after the last date shall not be entertained.

**Email of Civil Court, Garhwa**
**garhwacivilcourt14@gmail.com**

Sd/-
Secretary, DLSA, Civil Court, Garhwa
cum - Member of outsourcing professional agencies, Judship of Garhwa

PR.NO.384462 Law(26-27):D

संपादकीय

# डोनाल्ड ट्रंप : खेल में भी दादागिरी

अमेरिका राष्ट्रपति लगता है जीवन के हर क्षेत्र में दादागिरी और गुंडई का रिकॉर्ड बनाना चाहते हैं। ट्रंप मानते है कि वो अमेरिका तो क्या दुनिया के हर नियम कानून से ऊपर हैं। उनकी हर बात को, आदेश को, मूर्खता को दुनिया को मानना ही पड़ेगा और दुर्भाग्य से काफी हद तक ऐसा हो भी रहा है। सारे विश्व में अपने बड़बोलेपन, मनमौजीपन और बेसिरपैर की बातों से (कु) ख्याति अर्जित कर चुके ट्रंप ने अब विश्व कप फुटबॉल में भी सीधे दखल देकर अमेरिकी फुटबॉल टीम के एक खिलाड़ी का निलंबन रद्द कराया। हैरानी की बात यह है कि फीफा अध्यक्ष ने ट्रंप के 'आदेश' को चुपचाप मान भी लिया। गौरतलब है कि इस बार फीफा कप 2026 अमेरिका के साथ-साथ मैक्सिको और कनाडा में संयुक्त रूप से आयोजित हो रहा है। शायद ट्रंप ने इसी का फायदा उठाया है। यही नहीं, उन्होंने खुद इस बात को स्वीकार भी किया है, मानो बहुत बड़ा तीर मारा हो। फीफा कप में पिछले दौर में बोस्निया-हर्जेगोविना के डिफेंडर तारिक मुहारेमोविक पर फाउल करने के लिए सीधे लाल कार्ड दिखाए जाने के बाद बेल्जियम के ख़िलाफ़ अपनी टीम के अंतिम 16 मुकाबले से बाहर होने वाले थे। लेकिन फीफा ने एक चौंकाने वाला फैसला लेते हुए इस एक मैच के प्रतिबंध को 12 महीने के लिए निलंबित कर दिया। इसकी यूईएफ़ए, बेल्जियम और इंग्लैंड के फ़ुटबॉल संघों ने आलोचना की। फ़ीफ़ा के इस फ़ैसले से अमेरिकी फॉरवर्ड स्ट्राइकर बालोगुन को बेल्जियम के ख़िलाफ़ सिएटल में खेले जा रहे मैच में उतरने की छूट मिल गई। बालोगुन ने अब तक इस टूर्नामेंट में तीन गोल किए हैं। रॉयल बेल्जियन फ़ुटबॉल एसोसिएशन (आरबीएफ़ए) ने इस कदम पर हैरानी जताई है। उसने यूनाइटेड स्टेट्स सॉकर फेडरेशन को बताया है कि फ़ैसले के ख़िलाफ़ उसकी अपील ख़ारिज होने के बाद वह बालोगुन के मैच में खेलने पर सवाल उठाता है। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि फ़ीफ़ा ने 'सही निर्णय लिया।' उन्होंने कहा कि अगर प्रतिबंध लागू किया जाता, तो टूर्नामेंट पर 'एक बड़ा धब्बा' लग जाता। सोमवार को व्हाइट हाउस में बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि उन्होंने फ़ीफ़ा से फ़ैसले की समीक्षा करने के लिए कहा था, क्योंकि उन्हें 'नहीं लगता था कि यह फ़ाउल था। ट्रंप ने पुष्टि की कि उन्होंने फ़ीफ़ा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो से बात की थी। लेकिन उन्होंने 'केवल' समीक्षा करने के लिए कहा था। ट्रंप के अनुसारमुझे लगता है कि निलंबन से एक बड़ा दाग लग जाता। मेरा मानना है कि यह फ़ैसला कमीशन ने लिया था। और यह सही फ़ैसला था।' हालांकि, यूरोपीय फ़ुटबॉल की गवर्निंग बॉडी यूईएफ़ए ने कहा कि इससे फ़ुटबॉल की अखंडता ख़तरे में पड़ गई है। अमेरिका के स्टार फ़ॉरवर्ड फोलारिन बालोगुन को दिखाए गए रेड कार्ड को प्रभावी रूप से रद्द करने के फ़ैसले ने कई सवालों को जन्म दिया है। गौरतलब है कि वर्ल्ड कप फुटबॉल के इतिहास में अब तक 189 रेड कार्ड दिखाए गए हैं, और केवल दो खिलाड़ियों ने निलंबन की सज़ा नहीं भुगती है। व्हाइट हाउस और फीफा के बीच नज़दीकी संबंधों को देखते हुए, मौजूदा वर्ल्ड कप के को-होस्ट के पक्ष में लिए गए इस अत्यंत असामान्य निर्णय पर सवाल उठ रहे हैं। पूछा जा रहा है कि क्या इस क़दम के बाद फ़ुटबॉल के इतिहास में एक नई मिसाल क़ायम हो गई है? इसमें केवल 'फ़ीफ़ा अनुशासनात्मक संहिता के अनुच्छेद 27' का हवाला दिया गया। अनुच्छेद 27 फ़ीफ़ा को 'सज़ा को पूर्ण या आंशिक रूप से निलंबित करने' की अनुमति देता है। क्या कोई राजनेता इस खेल आयोजन में इस हद तक दखल दे सकता है कि जिससे नियमों की व्याख्या और अमल ही बदल जाए?

# मानव अधिकारों के आईने में 'सतलुज'

**आतंकवाद विरोधी कानून कैसे मानव विरोधी साबित होता है यह भी बताती है। कानून व्यक्ति के लिए है व्यक्ति कानून के लिए नहीं है। आज भी कमोबेश हर प्रदेश में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और आरटीआई कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जाता है उनकी हत्या तक कर दी जाती है। हम खबरों में पढ़ या सुन लेते हैं लेकिन सवाल यह है कि क्या हम उनके लिए उनके अधिकारों और उनके परिवारों के लिए संवेदनशील है? या फिल्म बनने का इंतजार कर रहे हैं।**

**चित्रा माली**



टाडा और पोटा एक्ट से मेरा परिचय 2001 में (आईआईएचआर) से मानवाधिकार में पीजी डिप्लोमा करने के दौरान हुआ था। तब इस कानून के दुरुपयोग और भयावहता को जाना था और जाना था कि कैसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मानव-अधिकारों का सरेआम हनन या कहें उल्लंघन किया जाता है। जबकि व्यक्ति के न चाहने पर भी उसको उसके मानवाधिकारों से भी वंचित नहीं किया जा सकता है। टाडा (TADA-The Terrorist and Disruptive Activities (Prevention) Act) जिसे हिंदी में 'आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम' कहा जाता है। यह भारत का पहला व्यापक आतंकवाद विरोधी कानून था,जिसे1985 में लागू किया गया और 1987 में संशोधित कर इसे और अधिक कठोर बनाया गया था। इस अधिनियम में पुलिस को विशेष अधिकार प्रदान किए गए थे। जिस के तहत पुलिस किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को बिना आरोप-पत्र (चार्जशीट) के 180 दिनों (6 महीने) तक हिरासत में रख सकती थी और जिसे बढ़ाकर एक वर्ष तक किया जा सकता था। इस विशेषाधिकार का पंजाब पुलिस के द्वारा जमकर दुरुपयोग किया गया साथ ही इसका इस्तेमाल व्यक्तिगत द्वेष,खुन्नस और प्रमोशन के लिए भी किया गया था। जसवंत सिंह खालरा एक मानवाधिकार कार्यकर्ता थे। इन्होंने पुलिस पर फर्जी गोलीबारी में निहत्थे संदिग्धों को मारने और पंजाब में 25,000 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार और आतंकवाद विरोधी अभियानों में सहयोग न करने वाले लगभग 2,000 पुलिस कर्मी व अधिकारियों की पुलिस द्वारा हत्या का आरोप लगाया गया था। खालरा जब अपने कुछ लापता दोस्तों की तलाश कर रहे थे तब उन्हें अमृतसर नगर निगम की फाइलें मिलीं जिनमें उन लोगों के नाम,उम्र और पते दर्ज थे जिन्हें पुलिस ने मार डाला था और बाद में जला दिया था। पंजाब के 3 अन्य जिलों में भी ऐसे मामले सामने आए थे। जसवंत सिंह खालरा ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस मुद्दे को उठाया और वे हजारों दबी जुबानों की आवाज बने। 6 सितंबर 1995 में जब खालरा अपने घर के सामने अपनी कार धो रहे थे, तब पंजाब पुलिस के कर्मियों ने उनका अपहरण कर लिया और उन्हें झबल पुलिस स्टेशन ले गए। गवाहों ने पुलिस को दोषी ठहराते हुए बयान दिए और पंजाब पुलिस के महानिदेशक कंवर पाल सिंह गिल को साजिशकर्ता बताया, जबकि पुलिस ने खालरा को गिरफ्तार करने या हिरासत में लेने से इनकार किया था। इसके अतिरिक्त पुलिस ने दावा किया कि उन्हें खालरा के ठिकाने की कोई जानकारी नहीं है। दो माह तक जब पुलिस जसवंत सिंह खालरा की तलाश नहीं कर पायी तो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दबाव के चलते जांच 1996 में,सीबीआई (केंद्रीय जांच ब्यूरो) को सौंप दी गई थी। सीबीआई को इस बात के सबूत मिले थे कि खालरा को तरन तारन के एक पुलिस स्टेशन में रखा गया था। सीबीआई ने हत्या और अपहरण के लिए नौ पंजाब पुलिस अधिकारियों पर मुकदमा चलाने की सिफारिश की थी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह संधू की 1997 में हत्या कर दी गई थी और हत्या को आत्महत्या का रूप दिया गया था। 18 नवंबर 2005 को, छह पंजाब पुलिस अधिकारियों को दोषी ठहराया गया। दो आरोपियों,उप-पुलिस अधीक्षक जसपाल सिंह और अमरजीत सिंह को खालरा के अपहरण और हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा और अन्य को सात साल कैद की सजा सुनाई गई। 16 अक्टूबर 2007 को,न्यायमूर्ति मेहताब सिंह गिल और ए.एन. जिंदल की अध्यक्षता में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने अन्य चार आरोपियों: सतनाम सिंह, सुरिंदर पाल सिंह, जसबीर सिंह (सभी पूर्व सब इंस्पेक्टर) और पृथ्वीपाल सिंह (पूर्व हेड कांस्टेबल) की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। 11 अप्रैल 2011 को, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने चार आरोपियों द्वारा आजीवन कारावास की सजा के विरुद्ध दायर अपील को खारिज कर दिया और अशांति के दौरान पंजाब पुलिस द्वारा किए गए अत्याचारों की कड़ी आलोचना की। मानवाधिकारों के व्यापक दुरुपयोग के कारण टाडा एक्ट को 23 मई 1995 को समाप्त कर दिया गया। इसके बाद भारत सरकार के द्वारा वर्ष 2002 में आतंकवाद से निपटने के लिए सख्त कानून पोटा बनाया गया। पोटा (POTA - Prevention of Terrorism Act) जिसका हिंदी नाम आतंकवाद निवारण अधिनियम है। भारतीय संसद पर हुए हमले के बाद आतंकवाद विरोधी अभियानों को मजबूत करने के लिए इसे लागू किया गया था। मानवाधिकार संगठनों द्वारा इस कानून के अत्यधिक दुरुपयोग और राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाए जाने के आरोपों के कारण, इसे 2004 में यूपीए (UPA) सरकार द्वारा अध्यादेश के माध्यम से रद्द (repeal) कर दिया गया था। जसवंत सिंह खालरा के जीवन पर आधारित एक हिंदी फिल्म 'सतलुज' फरवरी 2025 में रिलीज होने वाली थी। जिसका पहले नाम 'घालूघारा' (जिसका अर्थ 'नरसंहार') और 'पंजाब '95' रखा गया था,लेकिन सेंसर बोर्ड ने फिल्म और निर्माण इकाई पर आपत्ति जताते हुए 127 कट लगाने और एक नया शीर्षक देने की मांग की थी। इसके बाद फिल्म की रिलीज अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई,और अंततः 3 जुलाई 2026 को बिना किसी कट के ZEE5 पर रिलीज हुई। इस फिल्म में मुख्य किरदार दिलजीत दोसांझ है जिन्होंने जसवंत सिंह खालरा की निभाई है। फिल्म को रविवार 5 जुलाई 2026 को ZEE5 से हटा दिया गया। फिल्म को हटा दिए जाने के बाद से लोगों ने जसवंत सिंह खारला को गूगल पर सर्च किया और उनके बारे में जानकारी हासिल की। यह फिल्म सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर चर्चा में है। जो व्यक्ति इस फिल्म को देख पाए वे लगातार संवेदना प्रकट कर रहे हैं,दुखी हो रहे हैं और जो नहीं देख पाए वे खेद प्रकट कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण अपने आप मे एक साहसपूर्ण कार्य था जिसे हनी त्रेहान ने बखूबी निभाया है। इस फिल्म का कालखंड 1985 से 1995 का है। जो उस दौर से उस दौर की ज्यादतियों से हमें रूबरू करवाती है।

आतंकवाद विरोधी कानून कैसे मानव विरोधी साबित होता है यह भी बताती है। कानून व्यक्ति के लिए है व्यक्ति कानून के लिए नहीं है। आज भी कमोबेश हर प्रदेश में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और आरटीआई कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जाता है उनकी हत्या तक कर दी जाती है। हम खबरों में पढ़ या सुन लेते हैं लेकिन सवाल यह है कि क्या हम उनके लिए उनके अधिकारों और उनके परिवारों के लिए संवेदनशील है? या फिल्म बनने का इंतजार कर रहे हैं।

अध्यात्म

## जीवन बहुमूल्य है, इसके हर एक पल को उत्साह और खुशी के साथ जीना चाहिए



पुराने समय में एक राजा अपने मंत्री की किसी बात से बहुत नाराज हो गया। उसने मंत्री को फांसी पर चढ़ाने की सजा दे दी। राजा ने सैनिकों से कहा कि जाओ आज शाम मंत्री को फांसी पर लटकाना है, इसकी सूचना मंत्री को दे आओ।

राजा के सैनिक मंत्री के घर के पहुंचे। सभी ने घर को चारों ओर से घेर लिया और कुछ सैनिक घर के अंदर गए। वहां मंत्री और उसके रिश्तेदार, मित्र उत्सव मना रहे थे। क्योंकि मंत्री का जन्मदिन था।

सैनिकों ने मंत्री और वहां सभी लोगों को राजा का आदेश बताया। ये सुनते ही सभी उदास हो गए। लेकिन, मंत्री ने सभी को समझाया कि हमारे आज शाम तक का तो समय है ही, हमें हर एक पल को उत्साह के साथ जीना चाहिए।

मित्र और परिवार के लोग निराश थे, लेकिन मंत्री की बात मानकर फिर से उत्सव मनाने लगे। ये बात सैनिकों ने राजा को बताई तो राजा भी आश्चर्यचकित रह गया। उसने तुरंत ही मंत्री को बुलवाया।

राजा ने मंत्री से कहा कि क्या तुम पागल हो गए हो, आज शाम तुम्हें फांसी पर लटका दिया जाएगा और तुम उत्सव मना रहे हो। मंत्री ने कहा कि राजन् आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, आपने मुझे शाम तक समय तो दिया। अब मैं शाम तक अपने परिवार के साथ रह सकूंगा। अगर मैं निराश होकर बैठ जाऊंगा तो परिवार के साथ रहने का ये समय बर्बाद हो जाएगा। इसीलिए मैं शाम तक का एक-एक पल उत्साह और खुशी के साथ ही बिताना चाहता हूं।

ये बात सुनकर राजा बहुत खुश हुआ। उसने सोचा कि जो व्यक्ति जीवन के हर एक पल की कद्र करता है, उसे मृत्युदंड देना उचित नहीं है। उसने मंत्री की सजा माफ कर दी।

**सीख**

हमें जीवन के पल-पल का मूल्य समझना चाहिए। निराशा से बचें और खुश होकर जीवन जीना चाहिए।

# सिर्फ ब्रांड नहीं, अब संयोजकता और अनुकूलन ग्रामीण भारत की सफलता की कुंजी



**डॉ मो वसीम अख्तर**

ग्रामीण भारत अब सिर्फ एक विशाल बाजार नहीं, बल्कि तेज गति से बदलती अर्थव्यवस्था और उपभोक्ता आदतों का केंद्र बन गया है। 2026 के दृष्टिकोण से, यह स्पष्ट है कि पुराने ज़माने की रणनीतियाँ अब पर्याप्त नहीं हैं। यह बदलाव केवल जनसंख्या के आकार के कारण नहीं है, बल्कि डिजिटल क्रांति, बढ़ती आय और सरकारी सहायता के संयुक्त प्रभाव के कारण है। सफलता की नई रणनीति डिजिटल समावेशन, हाइपरलोकल अप्रोच और उत्पाद नवाचार के संगम पर टिकी है।

**ग्रामीण बाजारः नए आंकड़े, नई असलियत :** सबसे पहले, आंकड़ों की वास्तविकता समझना ज़रूरी है। कोरोना के बाद के दौर में ग्रामीण उपभोक्ता कहीं अधिक सक्रिय और जागरूक हुआ है।

जनसंख्या और शक्तिः 2025 तक, भारत की अनुमानित 146 करोड़ (1.46 billion) की आबादी में से लगभग 92 करोड़ से अधिक लोग (63%) ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं । यह विशाल उपभोक्ता आधार अकेले ही किसी भी ब्रांड के लिए अपार संभावनाएं पैदा करता है ।

डिजिटल क्रांतिः ग्रामीण भारत अब पूरी तरह डिजिटल हो रहा है। दिसंबर 2024 तक, ग्रामीण इंटरनेट पहुंच दर बढ़कर 78त्न हो गई है, जो शहरी क्षेत्रों की विकास दर से भी अधिक है । कुल मिलाकर, सक्रिय इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 2025 तक 90 करोड़ तक पहुंची है । डिजिटल भुगतान का चलन भी तेजी से बढ़ा है। क्क्ल ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में लगभग 38त्न लेनदेन के लिए पसंदीदा तरीका बन गया है ।

बदलती खरीदारी की आदतेंः ग्रामीण उपभोक्ता अब सिर्फ स्थानीय ब्रांडों तक सीमित नहीं हैं। वे प्रीमियम उत्पादों को भी अपना रहे हैं। ग्रामीण परिवारों का सुपर-प्रीमियम वॉल्यूम में हिस्सा 2021 में 30त्न से बढ़कर 2025 में 42त्न हो गया है। यह दर्शाता है कि ग्रामीण बाजार में गुणवत्ता और ब्रांड के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ी है।

बढ़ती साक्षरताःसाक्षरता दर में भी सुधार हुआ है। PLFS 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय साक्षरता दर 80.9त्न है, जबकि ग्रामीण साक्षरता दर 77.5त्न है। हालाँकि शहरी-ग्रामीण के बीच का अंतर बना हुआ है (87.7% बनाम 76.5%), लेकिन सरकारी योजनाओं जैसे PMGDISHA के तहत अब तक 6.39 करोड़ से अधिक लोगों को डिजिटल रूप से साक्षर किया जा चुका है।

**काम करने वाली रणनीतियाँःहाइपरलोकल से डिजिटल तक :** इन बदलती प्राथमिकताओं को देखते हुए, मार्केटर्स को अपनी रणनीतियों को अपडेट करना होगा। केवल दीवारों पर पेंटिंग या मेलों में स्टॉल लगाना अब पर्याप्त नहीं है।

1. हाइपरलोकल और वर्नाक्यूलर कंटेंट का उपयोगः ग्रामीण उपभोक्ता स्थानीय भाषा और परंपराओं से जुड़ता है। ब्रांडों को अपने संदेश को स्थानीय बोलियों, दृष्टांतों और संदर्भों में ढालना होगा। YouTube, ShareChat और स्थ्नद्ध जैसे प्लेटफॉर्म इसके लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं ।

2. सशक्तिकरण और आपूर्ति श्रृंखला का नवाचारः ONDC (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) जैसी पहल ने ग्रामीण विक्रेताओं के लिए नए दरवाजे खोले हैं। ONDC के DigiDukaan पहल ने हजारों किराना स्टोर ऑनबोर्ड किए हैं, और FY26 में किसानों व ग्रामीण विक्रेताओं के ऑर्डर वॉल्यूम में 11 गुना की वृद्धि हुई है । ष्टस्ष्ट (कॉमन सर्विस सेंटर) के साथ साझेदारी से द्र-कॉमर्स की पहुंच और भी व्यापक हो रही है ।

3. प्रीमियम उत्पादों का सही आकारःग्रामीण बाजार में छोटे पैक की रणनीति अब तक की सबसे सफल रणनीतियों में से एक है। इसने सीमित बजट वाले उपभोक्ताओं को भी प्रीमियम ब्रांड्स का अनुभव लेने का मौका दिया है-। स्नस्ष्टत्र कंपनियां इसे और आगे बढ़ाते हुए सैंपल और ट्रायल पैक बांटने के लिए घर-घर जाने वाले अभियान चला रही हैं ।

4. डिजिटल भुगतान और एआई का एकीकरणः UPI का बढ़ता उपयोग ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पारदर्शिता ला रहा है। मार्केटर्स को अपनी विज्ञापन और वितरण रणनीतियों को इन डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म से जोड़ना होगा। इसके अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग अब ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता की पसंद को समझने और उसी के अनुसार स्थानीय अभियान चलाने के लिए किया जा रहा है।

**निष्कर्षः दो-तरफा संवाद का दौर :** ग्रामीण विपणन अब एकतरफा संदेश फैलाने का काम नहीं रह गया है। यह दो-तरफा संवाद बन गया है, जहां ब्रांड को ग्राहक के रूप में ग्रामीण उपभोक्ता की नई पहचान और उसके सशक्तिकरण को पहचानना होगा। 2026 और उसके बाद की सफलता, एक साथ दोनों दुनियाओं (ट्रेडिशनल और डिजिटल) में सामंजस्य बिठाने वाली ब्रांड्स की होगी। वह ब्रांड सफल होगा, जो 90 करोड़ उपभोक्ताओं के इस बाजार में न सिर्फ उत्पाद बेचेगा, बल्कि विश्वास, अवसर और विकास का वादा भी करेगा।

**(लेखक डॉ सी वी रमन यूनिवर्सिटी , वैशाली में कार्यरत हैं )**

## दलबदल पूर्णत : प्रतिबंधित किया जाए

**एल.एस. हरदेनिया**

1967 के चुनाव में अनेक राज्यों में कांग्रेस सरकारें बनीं। परंतु जो कांग्रेसी सरकारें बनीं थीं उनमें से दलबदल हुआ। यह देश में पहला दलबदल था। उस समय कांग्रेस से इतर अन्य पार्टियों की राज्य सरकारें बनीं। उसके लिए कांग्रेस से दलबदल करवाया गया। 1967 के दलबदल में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका जनसंघ ने अदा की। उत्तरप्रदेश, बिहार और अन्य राज्यों में कुछ राजनैतिक पार्टियों ने दलबदल कर एक दूसरे की सहायता की और अनेक राज्यों में दलबदल से सरकारें बनीं जिन्हें संयुक्त विधायक दल अर्थात एसवीडी कहा गया। परंतु दलबदल से बनी हुई सरकारें ज्यादा समय नहीं चल सकीं।

मध्यप्रदेश में 1967 के चुनाव में काफी कठिनाई से कांग्रेस की सरकार बनी। पंडित डी.पी. मिश्र मुख्यमंत्री बने। परन्तु उनकी सरकार दलबदल से अपदस्थ कर दी गई और ज्यादा दिन नहीं टिकी। संविद सरकार के टूटने के बाद पुनः कांग्रेस सरकार गठित हुई। उसके मुखिया बने श्यामाचरण शुक्ल, जो पूर्व मुख्यमंत्री रविशंकर शुक्ल के पुत्र थे। यह सरकार भी ज्यादा दिन नहीं चल सकी। 1969 के बाद फिर चुनाव हुए कांग्रेस सरकार बनी।

दलबदल करने वालों को 'आया राम गया राम' का नाम दिया गया। कांग्रेस के जो लोग कांग्रेस छोड़कर गए थे, फिर कांग्रेस में आ गए और उन्होंने श्यामाचरण शुक्ल का नेतृत्व स्वीकार किया। जब उनसे पूछा गया कि आपने कांग्रेस क्यों छोड़ी और फिर वापस क्यों आए, तो उन्होंने कहा, 'जैसे उड़ि जहाज को पंछी, पुनि जहाज पर आवै'।

1967 के बाद एक और डेवलपमेंट हुआ। अनेक राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियाँ बन गईं। इनमें उत्तरप्रदेश में मुलायम सिंह यादव द्वारा गठित जनता पार्टी शामिल थी। बिहार में भी नया दल बना जिसमें प्रमुख भूमिका निभाई लालू प्रसाद यादव ने। बंगाल में कुछ समय के बाद कम्युनिस्ट सरकार बनी, जिसके नेता बने ज्योति बसु। केन्द्र में भी एक समय ऐसा आया जब पहली बार अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में गैर-कांग्रेसी सरकार बनी।

दिल्ली में एच.डी. देवगौड़ा, इन्द्रकुमार गुजराल के नेतृत्व में भी केन्द्रीय सरकार बनी। लगभग सभी पार्टियां दलबदल से प्रभावित हुईं। इससे हमारे देश में प्रजातंत्र की जड़ें कमजोर होती गईं। 1985 के आसपास राजीव गांधी के नेतृत्व में दलबदल रोकने के लिए एक कानून बना जिसके अन्तर्गत सामूहिक दलबदल को वैध माना गया।

## आज का कार्टून

राम मंदिर में चंदा चोरी पर चक्रपाणि ने कहा– यहां बच जाओगे, वहां चित्रगुप्त कड़ाही में तलवाएंगे




## राशिफल

**मेष**

साझेदारी में नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। आपके सभी काम बेहतरीन तरीके से पूरे होंगे। जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक समय का आनन्द उठायेंगे।

**वृषभ**

आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। जॉब में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पुराना उधार चुकाने में सफलता मिलेगी। कानूनी मामलों के लिये आज का दिन शुभ है।

**मिथुन**

नव विवाहित जोड़े कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं। अपने प्रेमीजन को प्रपोज करने के लिये दिन शुभ है। अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास करें।

**कर्क**

छात्र पढ़ाई को लेकर गम्भीर रहेंगे। नजदीकी लोगों की सलाह की उपेक्षा करना नुकसानदेह हो सकता है। दाम्पत्य सम्बन्धों में कड़वाहट हो सकती है।

**सिंह**

करियर में बड़ा बदलाव करने की योजना बना सकते हैं। दाम्पत्य सम्बन्धों में आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कानूनी मामलों में आपको विजय मिलने के योग बन रहे हैं।

**कन्या**

जीवनसाथी के साथ आप एकान्त में समय बिताना पसन्द करेंगे। बाहर का भोजन करने से पाचन खराब हो सकता है। आज उधार लेने से आपको बचना चाहिये।

**तुला**

पुराने निवेश से धन-लाभ होगा। युवा जातक प्रेम सम्बन्धों को लेकर परिवार में चर्चा कर सकते हैं। ऑफिस का काम पूरी मेहनत से करेंगे।

**वृश्चिक**

कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। तात्कालिक निर्णय लेने में जल्दबाजी करना उचित नहीं है। बिना माँगे किसी को राय देने से अपमान हो सकता है।

**धनु**

यात्राओं से धन-लाभ होगा। प्रेम सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। लोग आपसे परामर्श लेना पसन्द करेंगे। कारोबार को लेकर यात्रा हो सकती है। अधिकारी आपके काम से अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे।

**मकर**

रिश्तों में मधुरता का आनन्द लेंगे। कारोबार में कठिनायी हो सकती है। आपके कार्य धीमी गति से पूर्ण होंगे। पड़ोसियों के साथ विवाद उभरने की आशंका है।

**कुंभ**

महत्त्वपूर्ण कार्यों के लिये दिन शुभ है। दाम्पत्य सम्बन्धों में थोड़ी उठापटक हो सकती है। धर्म-कर्म में रुचि कम होने की सम्भावना है। शोधकार्यों में बड़ी सफलता मिलेगी।

**मीन**

स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में खराबी हो सकती है। कारोबार में बड़ा निवेश करने से पहले पूरी जाँच-परख कर लें।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब के साथ युवक बाइक सहित गिरफ्तार

**मसौढ़ी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के ग्राम सेवदाहा में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सेवदाहा गांव में छापा मारा। इस दौरान मनीष कुमार उम्र 22 वर्ष पिता कमलेश चौधरी साकिन धनरूआ को पकड़ा गया।तलाशी के दौरान उसके पास से 12 लीटर विदेशी शराब और एक प्लास्टिक के बोरे में रखी 37 लीटर देशी चुलाई महुआ शराब बरामद की गई। साथ ही शराब की तस्करी में इस्तेमाल की जा रही होंडा शाइन बाइक को भी जब्त किया गया है। कुल मिलाकर पुलिस ने 49 लीटर शराब बरामद की है। गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है कि शराब कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई की जानी थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।



### बायो प्रदूषण की शिकायत पर मधुश्री एग्रो फार्म की जांच

**मसौढ़ी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ स्थित मधुश्री एग्रो फार्म में बायो प्रदूषण की शिकायत मिलने पर एसडीएम अभिषेक कुमार ने फार्म का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से पत्र प्राप्त हुआ था कि धनरूआ में संचालित मधुश्री एग्रो फार्म से वायु प्रदूषण की शिकायत है। इसी के आलोक में स्थल पर जांच की गई है। जांच के दौरान फार्म की साफ-सफाई, अपशिष्ट निपटान और आसपास के क्षेत्र में गंध व प्रदूषण की स्थिति देखी गई। एसडीएम ने कहा कि प्रॉपर तकनीकी जांच के बाद जो रिपोर्ट आएगी, उसी के आधार पर नियमानुसार अग्रतर कार्रवाई की जाएगी*। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों के अनुसार ही आगे की प्रक्रिया तय होगी। वहीं मधुश्री एग्रो फार्म के संचालक मयंक सिंह ने बताया कि फार्म को हाल ही में पशुपालन विभाग द्वारा प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी मानकों का पालन किया जा रहा है और शिकायत निराधार है।एसडीएम ने कहा कि मामले में तकनीकी टीम से भी जांच कराई जाएगी। रिपोर्ट आने के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा।





### युवक पर जानलेवा हमला, 6 नामजद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र में बाजार से घर लौट रहे एक युवक पर घात लगाकर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित जेपी पासवान पिता रामशंकर पासवान ने मसौढ़ी थाने में लिखित आवेदन देकर 6 लोगों को नामजद किया है। आवेदन में उन्होंने बताया कि वह मसौढ़ी बाजार से काम निपटाकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान खरांट मोड़ के पास पहले से घात लगाए लोगों ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों में अमरजीत यादव पिता संजीव राय, अमित कुमार पिता मंटू यादव, ढल्लू कुमार पिता रंजीत राय, मल्लू कुमार पिता अखिलेश राय, नीतीश कुमार पिता बिरीजा राय और लवकुश राय पिता संजीव राय शामिल हैं। पीड़ित का आरोप है कि सभी ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए लाठी-डंडे, लोहे के रॉड और खंती से अंधाधुंध मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब उनकी पत्नी बचाने आई तो सभी आरोपी उत्तर दिशा की ओर भाग गए।घटना में जेपी पासवान को गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।मसौढ़ी थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट, 2 पर प्राथमिकी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कोरियावां गढ़ गांव में एक घर में घुसकर एक महिला के साथ मारपीट कर उसे बेहोश कर देने का मामला सामने आया है। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।इस संबंध में घायल महिला के पति मधु केवट पिता यदुनंदन केवट ने मसौढ़ी थाने में दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में बताया गया है कि घटना के समय घर के सभी सदस्य किसी काम से बाहर गए हुए थे। घर में पत्नी अकेली थी। इसी का फायदा उठाकर गांव के ही संजय केवट पिता यदुनंदन केवट और रे खा देवी पति संजय केवट घर में घुस आए।आरोप है कि दोनों ने लोहे के रोड और लाठी-डंडे से महिला के साथ जान मारने की नियत से मारपीट की। हमले में महिला बेहोश होकर गिर पड़ी। उसे मरा हुआ समझकर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।शोर सुनकर जब परिजन घर पहुंचे तो महिला बेहोशी की हालत में मिली। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।मसौढ़ी पुलिस ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।



### पटना-गया रेलखंड पर ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**मसौढ़ी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड पर गुरुवार की दोपहर ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना पोठही रेलवे स्टेशन के नजदीक आउटर सिग्नल के पास हुई। मृतक की पहचान बबली कुमार पिता फेकन राम निवासी मखदुमपुर, केवड़ा के रूप में हुई है।स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक पटना जाने के लिए ट्रेन पर सवार हुआ था। इसी क्रम में वह पोठही स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरकर उसकी चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही तारेगना रेल जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद रेलवे ट्रैक के आसपास लोगों की भीड़ जुट गई थी।जीआरपी पुलिस मामले की जांच कर रही है कि युवक ट्रेन से कैसे गिरा।



### विनोद कुमार सिंह बने जदयू के महासचिव

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा एवं अध्यक्ष उमेश कुशवाहा द्वारा विनोद कुमार सिंह को जनता दल (यूनाइटेड) का महासचिव नियुक्त किए जाने पर दानापुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। इस अवसर पर उन्हें शुभकामना एवं बधाई देने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। कार्यकताओं एवं समर्थकों ने इस निर्णय को संगठन की मजबूती और बिहार की जनता के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। इस अवसर पर बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से दानापुर प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार, खगौल नगर अध्यक्ष सिकंदर कुमार महतो, पूर्व खगौल नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता, प्रखंड महासचिव रिंकू कुमार, नीरज कुमार, अजय सिंह, नागेन्द्र सिंह, धनंजय सिंह, बिंद सिंह, रीता पासवान, दिनेश कुशवाहा, रामजी राम एवं ओम सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं शामिल थे।



## तारेगना स्टेशन : शोभा की वस्तु बना वाटर बूथ, यात्रियों को परेशानी

**प्लेटफार्म पर लगा स्टेनलेस स्टील का राउंड बूथ, कई दिनों से एक भी नल में नहीं आ रहा पानी**






**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड के तारेगना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए लगाया गया वाटर बूथ इन दिनों महज शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। दरअसल प्लेटफार्म संख्या एक और दो पर एक-एक रेलवे विभाग द्वारा स्टेनलेस स्टील का राउंड वाटर बूथ स्थापित किया गया था, लेकिन पिछले कई दिनों से इसके किसी भी नल से पानी नहीं निकल रहा है।स्टेशन पर सफर करने वाले यात्रियों का कहना है कि गर्मी के मौसम में पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। रेलवे ने मल्टी-टैप सुविधा वाला वाटर बूथ तो लगा दिया, लेकिन उससे एक बूंद पानी नहीं मिल रहा। मजबूरी में यात्रियों को बाहर से बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है या इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।यात्रियों ने कहा, "नल तो लगा दिए गए हैं, लेकिन पानी ही गायब है। जब सुविधा ही नहीं मिलनी तो इसे लगाने का क्या फायदा? यह बूथ अब शोपीस बनकर रह गया है।" बुजुर्ग, महिला और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि वाटर बूथ की मरम्मत कर जल्द से जल्द पानी की आपूर्ति शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि प्लेटफार्म पर यात्रियों के लिए पीने के पानी की वैकल्पिक व्यवस्था भी की जाए, ताकि लोगों को परेशानी न हो। रेलवे विभाग के आईओडब्ल्यू रंजन यादव ने बताया कि जल्द ही पानी की सुविधा बहाल कर दी जाएगी, कुछ असमाजिक तत्व के द्वारा नल बराबर तोड़ देते हैं जिस वजह से कई तकनीकी त्रुटि आई थी लेकिन जल्द ही पानी की सुविधा शुरू हो जायेगी।

## जल संकट गहराया: डाकबंगला पानी टंकी की मोटर जलने से 7 वार्डों में हाहाकार

**प्लेटफार्म पर लगा स्टेनलेस स्टील का राउंड बूथ, कई दिनों से एक भी नल में नहीं आ रहा पानी**





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भीषण गर्मी के बीच मोकामा नगर के लोगों की मुश्किलें दोगुनी हो गई हैं। डाकबंगला स्थित पानी टंकी का मोटर पिछले दो दिनों से जला पड़ा है, जिसके कारण नगर के आधा दर्जन से अधिक वार्डों में जलापूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है।मोटर जलने से वार्ड नं 1, 2, 3, 6, 7, 8 और 9 में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। पिछले 48 घंटे से नलों में एक बूंद पानी नहीं आया है। लोग टैंकर और चापाकल के भरोसे हैं, लेकिन इस तपती गर्मी में वो भी नाकाफी साबित हो रहा है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि डाकबंगला पानी टंकी की हालत बेहद खराब है। पिछले एक साल में यह तीसरी बार है जब मोटर जल गया है। लोगों का कहना है कि बिजली का केबल और सर्किट जर्जर हालत में है, जिसकी वजह से बार-बार स्पार्क होता है और तेज आवाज के साथ मोटर जल जाता है। मंगलवार देर शाम भी जोरदार स्पार्क और धमाके के साथ मोटर ने काम करना बंद कर दिया।इस मामले में नगर सभापति नीलेश कुमार ने बताया कि जले हुए मोटर को जल्द से जल्द दुरुस्त करने की कोशिश की जा रही है। वहीं पंप ऑपरेटर का कहना है कि केबल और फ्यूज की खराबी को लेकर नगर परिषद में कई बार शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ। गर्मी में पानी की किल्लत से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है।फिलहाल नगर परिषद की टीम मोटर की मरम्मत में जुटी है, लेकिन लोगों की मांग है कि सिर्फ मोटर बदलने से काम नहीं चलेगा—जर्जर केबल और सर्किट को भी तुरंत बदला जाए ताकि यह समस्या बार-बार न हो।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 207 गर्भवतियों की जांच

**विशेष शिविर का आयोजन, मसौढ़ी पीएससी में 160, अनुमंडल अस्पताल में 47 प्रसव पूर्व जांच**



**मसौढ़ी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गुरुवार को मसौढ़ी अनुमंडल के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच और उचित परामर्श उपलब्ध कराना है। अनुमंडलीय अस्पताल मसौढ़ी में 47 और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में 160 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इसके अलावा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सभी वेलनेस सेंटरों पर भी विशेष कैंप लगाए गए। शिविर में गर्भवती महिलाओं का रक्तचाप, वजन, हीमोग्लोबिन, एचआईवी और अन्य पैथोलॉजिकल जांच की गई। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें विशेष प्रबंधन और परामर्श दिया गया। खून की कमी पाए जाने पर आयरन की गोली के साथ पोषक आहार लेने की सलाह दी गई। इस दौरान महिलाओं के बीच फल और पौष्टिक आहार का भी वितरण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में जांच के लिए 3 डॉक्टर और 15 स्वास्थ्यकर्मियों की टीम गठित की गई थी।अधिकारियों ने क्या कहा मसौढ़ी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामानुज ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य की समय पर जांच कर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना है। अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी डॉ. नलिनी ने कहा कि प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव से महिलाओं की जान जाने का खतरा सबसे अधिक होता है। इसलिए प्रसव पूर्व जांच बेहद जरूरी है। शिविर में अनुमंडल अस्पताल के प्रबंधक चंद्रशेखर प्रसाद, पीएचसी के स्वास्थ्य प्रबंधक ललन कुमार, प्रखंड लेखा प्रबंधक चंद्र भूषण प्रसाद एएनएम संगीता कुमार, मंजू कुमारी, पूनम कुमारी सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## मसौढ़ी में 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' को लेकर बैठक

**27 जुलाई को 1 करोड़ हस्ताक्षर के साथ ज्ञापन सौंपने का संकल्प**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत में गौ-हत्या बंद कराने और गाय को राष्ट्रीय सम्मान दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान" के तहत बुधवार को मसौढ़ी के कृष्णा गुरुकुल स्कूल प्रांगण में गौ-प्रेमियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में टीम की वरिष्ठ सदस्य कविता उपाध्याय विशेष रूप से पहुंची थीं। निष्ठा ने अपना जीवन गौ-रक्षा को समर्पित कर संन्यासिनी का जीवन धारण किया है।टीम ने पटना और मसौढ़ी के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क कर लोगों से हस्ताक्षर अभियान में सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक में बताया गया कि साधु-संतों, देशभक्तों और गौ-प्रेमियों के माध्यम से पूरे देश में यह अभियान चलाया जा रहा है।आयोजकों ने कहा कि 27 जुलाई को गौ-सम्मान दिवस घोषित कर राज्य व केंद्र सरकार को 1 करोड़ से अधिक गौ-प्रेमियों के हस्ताक्षर वाला ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसमें गौ-माता को उचित सम्मान देने और गौ-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की जाएगी।कार्यक्रम में उपस्थित गौ-प्रेमियों ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। प्रमुख रूप से विश्वरंजन, जय विकास जी, संजय केशरी, इंजीनियर रविशंकर कुमार, उमेश कुमार, संतोष कुमार, वीरेंद्र कुमार, वेदप्रकाश जी, आलोक कुमार, अलख निरंजन जी, गुंजन कुमार और अमृत आनंद उपस्थित थे।

## निगरानी ब्यूरो ने किया मणिकांत सिंह सम्मानित, धनरुआ अंचल लिपिक को पकड़वाया

**बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत मिला प्रशस्ति-पत्र**

**मसौढ़ी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह 02-08 जुलाई 2026 के अवसर पर निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, निगरानी विभाग बिहार सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सराहनीय कार्य करने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया।इस दौरान निगरानी थाना कांड सं०-80/26 के सत्यापनकर्ता मणिकांत सिंह, सहायक अवर निरीक्षक को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। महानिदेशक निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना द्वारा जारी पत्रांक 259/गो० में कहा गया कि मणिकांत सिंह द्वारा किया गया सटीक एवं निष्पक्ष सत्यापन के फलस्वरूप प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को दिनांक 06.07.2026 को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।प्रशस्ति-पत्र में कहा गया कि धनरुआ अंचल में पदस्थ लिपिक को रिश्वत लेते पकड़ने में उनकी सतर्कता, ईमानदारी और साहस की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। उनके इस उत्कृष्ट कार्य से प्रशासन पर जन-विश्वास मजबूत हुआ है और समाज में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मजबूत संदेश गया है।निगरानी ब्यूरो ने उनके समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और निष्ठा की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही अपेक्षा जताई कि वे निरंतर इसी प्रकार समाज और राष्ट्र की सेवा करते रहेंगे।धनरुआ अंचल कार्यालय में कार्यरत एक लिपिक पर रिश्वत मांगने का आरोप था। अरक्ष मणिकांत सिंह के सत्यापन के बाद निगरानी टीम ने 6 जुलाई को आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

## एमडीएम विवाद में युवक को घर में चढ कर मारी गोली, हालत गंभीर, पटना रेफर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना क्षेत्र के हरवंशपुर गांव स्थित डोमाचक टोला में सरकारी स्कूल के एमडीएम भोजन को लेकर हुए विवाद में गुरुवार की शाम हथियारबंद बदमाशों ने घर पर चढ एक युवक को गोली मार दी। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान अरुण कुमार, 22 वर्ष पिता लालबाबू पासवान निवासी डोमचक हरवंशपुर के रूप में हुई है। बदमाशों ने उसे दोनों पैरों में गोली मार दी है। जख्मी की पत्नी मुस्कान कुमारी ने बताया कि कुछ दिन पहले आदर्श मध्य विद्यालय चाननपुर में एमडीएम का भेंडर लेकर आए गाड़ी चालक के साथ कुछ लड़कों ने मारपीट की थी। गुरुवार शाम करीब छह की संख्या में हथियारबंद युवक उनके घर आए और ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। आरोप है कि बदमाशों ने एक गोली जांघ में और दूसरी घुटने के नीचे मारी और फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर लहसुना पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायल को पहले अनुमंडलीय अस्पताल मसौढ़ी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

## डॉ. सतीश कुमार चुने गए शिक्षक प्रतिनिधि, 1 वोट से मिली जीत

**मसौढ़ी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बृजलाल प्रसाद महाविद्यालय मसौढ़ी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव गुरुवार को महाविद्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ। चुनाव विश्वविद्यालय प्रतिनिधि सदस्य डॉ. प्रोफेसर फजल अहमद एवं महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. साधु शरण की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से कराया गया।इस चुनाव में डॉ. सतीश कुमार, विभागाध्यक्ष - जंतु विज्ञान एवं प्रोफेसर अजय कुमार कांत के बीच मुकाबला हुआ। मतगणना के बाद डॉ. सतीश कुमार को 17 वोट और प्रोफेसर अजय कुमार कांत को 16 वोट प्राप्त हुए। इस प्रकार डॉ. सतीश कुमार ने मात्र 1 वोट के अंतर से जीत दर्ज की।परिणाम घोषित होते ही महाविद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। डॉ. सतीश कुमार की जीत पर महाविद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में प्रोफेसर उदय चंद दिवाकर, प्रोफेसर सी.पी. मंडल, डॉ. योगेंद्र प्रसाद, प्रोफेसर जयमाला कुमारी, प्रोफेसर अनिता कुमारी सिन्हा, प्रोफेसर विनोद कुमार सिन्हा, डॉ. रामबली प्रसाद सिन्हा, डॉ. ब्रह्मानंद प्रसाद, डॉ. नमिता चंद्रा, डॉ. रामजी प्रसाद, प्रोफेसर उमाशंकर प्रसाद, प्रोफेसर अरुण कुमार, प्रोफेसर लल्लू प्रसाद और महाविद्यालय के दानदाता सदस्य निशांत चंद्रा सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल थे।

# जगत नारायण लाल कॉलेज खगौल में राष्ट्रीय परिचर्चा एवं पुस्तक लोकार्पण



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर जगत नारायण लाल कॉलेज ,खगौल, पटना में स्नातकोत्तर केन्द्र इतिहास विभाग और इतिहास विभाग पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ,पटना में "समकालीन भारतीय इतिहास लेखनः चुनौतियां और संभावनाएं" इस विषय पर राष्ट्रीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके उपरांत सभी सम्मानित अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन सचिव प्रोफेसर निखिल कुमार सिंह ने स्वागत भाषण से सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया।यह कार्यक्रम दो सत्रों में हुआ। प्रथम सत्र में प्रो अभय कुमार ने इतिहास लेखन की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि विभिन्न परिस्थितियों में इतिहास लेखन विभिन्न तथ्यों पर आधारित होते हैं। उन्होंने आंचलिक क्षेत्र से इतिहास लेखन की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। पुणे से प्रो लहु गायकवाड़ ने समकालीन भारतीय लेखन पर शोधकताओं को आनलाइन माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी दी। द्वितीय सत्र में उत्तराखंड से प्रो संजय कुमार ने ऑनलाइन माध्यम से इतिहास लेखन की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद खुदा बख्श लाइब्रेरी के भूतपूर्व पूर्व निदेशक प्रो इम्तियाज अहमद ने अपने सम्बोधन में कहा कि इतिहास लेखन आरंभ से चुनौतिपूर्ण रहा है। लेकिन पूर्वाग्रह से मुक्त हो कर लेखन कार्य करना चाहिए। इसके बाद 'भारत की अवधारणा' पुस्तक का विमोचन किया गया। पुस्तक के लेखक प्रो रत्ना अमृत,प्रो अरविंद कुमार और प्रो अविनाश कुमार , प्रो शशि कांत प्रसाद प्रो शिवांगी त्रिपाठी प्रो अवंतिका कुमारी ने अपने संबोधन में पुस्तक की महत्ता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। दरभंगा विश्वविद्यालय के भूतपूर्व इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो रत्नेश्वर मिश्रा ने इतिहास लेखन की कला पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने संबोधन ने कहा कि अन्वेषण करके जो पता चले उसे तथ्यपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करना इतिहास है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा विचार और विचारधारा दो पृथक तत्व है। विचार व्यक्ति विशेष का होता है, किन्तु विचारधारा एक संस्कृति का परिचायक है। महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रो मधुप्रभा सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में इतिहास लेखन के लिए सभी को प्रेरित किया तथा इतिहास लेखन के महत्व पर प्रकाश डाला प्रथम सत्र का संचालन डॉ स्वेता कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ शुभांगी त्रिपाठी ने किया तथा द्वितीय सत्र का संचालन प्रो अविनाश कुमार झा एवं डॉ गिरिजेश नंदन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।इस अवसर पर अन्य महाविद्यालय शिक्षिका नीतू तिवारी, डॉ मनिता कुमारी यादव,सभी प्राध्यापकगण, अनेक शोधार्थी गण और पत्रकार गण , संजय कुमार पाण्डेय, चंदू प्रिन्स,पंकज दुबे, रंजीत प्रसाद सिन्हा उपस्थित रहे।

### पीजी रेलखंड में चोरों ने काटा 25 हजार वोल्ट का ओएचई तार, पटना-गया रेलखंड पर 3 घंटे ठप रहा परिचालन

**मसौढ़ी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड पर तड़के सुबह चोरों ने हाईटेंशन तार काटकर रेल परिचालन को करीब 3 घंटे तक बाधित कर दिया। घटना जहानाबाद स्टेशन और ऊंटा-मदारपुर के बीच डाउन लाइन पर हुई। जिससे तारेगना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को कई तरह का मुश्किलों का सामना करना पड़ा, बताया जाता है की गुरुवार को तड़के सुबह करीब 3:05 बजे जहानाबाद स्टेशन के समीप ऊंटा-मदारपुर और तेहटा के बीच चोरों ने 25 हजार वोल्ट का लगभग 35 से 100 मीटर लंबा ओवरहेड हाईटेंशन तार काट लिया। तार कटने से उस सेक्शन में बिजली आपूर्ति ठप हो गई।ओएचई लाइन कटने के कारण डाउन लाइन पर ट्रेनों का आवागमन रोकना पड़ा। इसके बाद डाउन लाइन की ट्रेनों को अप लाइन से सिंगल लाइन व्यवस्था के तहत चलाया गया।

## मिल्की केवटी गांव में 20 से अधिक पोल से बिजली तार चोरी

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोसवरी प्रखंड के मिल्की केवटी गांव के पास अज्ञात चोरों ने बड़े पैमाने पर बिजली के तार चोरी कर लिए। चोरों ने लगभग 20-21 बिजली के खंभों से तार काटकर गायब कर दिए, जिसके बाद पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई।घटना के बाद बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता नीतीश कुमार ने सम्यागढ़ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। विभाग के मुताबिक चोरी हुए तारों की कीमत करीब ₹1.25लाख आंकी गई है।मिल्की केवटी गांव और आसपास के इलाके में बिजली से ही खेतों की सिंचाई होती है। तार चोरी के कारण मोटर-पंप बंद हो गए हैं और धान समेत खरीफ फसलों की पटवन रुक गई है। किसान परेशान हैं और उन्हें फसल बर्बाद होने का डर सता रहा है।

# वॉलेंटियरशिप प्रोग्राम में एक्यूप्रेशर से स्वास्थ्य का मंत्र, इनडोर गेम्स से बढ़ा आत्मविश्वास

**प्राचार्य ने सिखाए हथेली के पॉवर पॉइंट, बालों के लिए बताया देसी नुस्खा, 1500 छात्र-छात्राएं बने साक्षी**





**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नई शिक्षा नीति के तहत वॉलेंटियरशिप कार्यक्रम में गुरुवार को श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय,हिलसा में एईसी-4 के छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य और खेल दोनों का पाठ पढ़ाया गया। "गागर में सागर" की तर्ज पर एक ही मंच से प्राचीन चिकित्सा, आधुनिक फिटनेस और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का संगम देखने को मिला।

**हथेली में छिपा है स्वास्थ्य का खजाना:** प्राचार्य डॉ. शिवचंद्र सिंह ने एक्युप्रेशर चिकित्सा पद्धति पर प्रायोगिक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह प्राचीन और कामयाब पद्धति है जिसमें बिना दवा के शरीर को ठीक किया जा सकता है। उन्होंने हथेली के कई पॉवर पॉइंट्स पर प्रेशर देकर बताया कि कैसे असाध्य रोगों में राहत मिल सकती है:

**सिरदर्द-तनाव:** अंगूठे और तर्जनी के बीच वाले बिंदु को 1 मिनट दबाएं

**पाचन-गैस:** हथेली के बीचों-बीच गोलाई में मसाज करें

**पीठ दर्द :** हथेली के बाहरी किनारे पर प्रेशर दें

**सांस की समस्या:** दोनों हाथों की मध्यमा उंगली के नाखून के नीचे दबाएं

**नींद न आना:** कलाई के ठीक नीचे वाले पॉइंट पर रात में 2 मिनट दबाव दें

प्राचार्य ने बालों के लिए देसी नुस्खा भी बताया। नारियल तेल में रतनजोत डुबोकर एक सप्ताह रखें। इस तेल को लगाने से बाल काले, घने और घुंघराले होते हैं। रासायनिक तत्व वाले शैम्पू से बाल न धोएं, प्रकृति से जुड़ें तो रोग खुद दूर भागेंगे।

**खेल ही जीवनः जिम से लूडो तक उत्साह**

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन के सूत्र को साकार करते हुए कॉलेज में जिम, कैरमबोर्ड, चेस और लूडो इनडोर गेम्स का आयोजन किया गया। कई बैच में छात्र-छात्राओं ने उत्साहित होकर हिस्सा लिया। खेल पदाधिकारी ने कहा कि खेल अनुशासन, एकाग्रता और टीम भावना सिखाते हैं।

**ये रहे मौजूद:** कार्यक्रम में एनएस पदाधिकारी डॉ0 पिंकी कुमारी, डॉ0 संदीपा इंद्रा, वितेक्षक प्रो0 पीसी चौरसिया, डॉ0 सम्राट सरकार, डॉ0 शिव प्रसाद ठाकुर, जलेन्द्र कुमार, मीडिया प्रभारी व कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ0 राजीव कुमार नयन, खेल पदाधिकारी प्रो0 रविन्द्र साह, जिम इंचार्ज प्रो0 अभिषेक कुमार, कैरमबोर्ड व लूडो इंचार्ज डॉ अश्विनी कुमार झा, प्रो0 प्रभात कुमार, डॉ0 घनश्याम कुमार, डॉ0 भुबनेश्वर कुमार मंडल, प्रो0 कुमारी लूसी, प्रो0 सौरभ कुमार, प्रो0 पंकज कुमार सिंह, पर्यावरण विज्ञान के नवपदस्थापित प्राध्यापक डॉ अमित कुमार, प्रधान सहायिका सुभद्रा सिन्हा, तकनीकी कर्मी मधुसूदन, वरीय खेल सहायक आलोक कुमार सिंह, एकॉउंटेंट श्री रोनित रॉय, सचिव शैलेश कुमार, बीरेंद्र कुमार, मो0 वसीम, बजरंगी लाल वर्मा, राजा, चिंटू, गुड्डू, सियापति देवी, शांति व 1500 से अधिक छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कटिहार-पूर्णिया पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य शुरु

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व उप मुख्यमंत्री, बिहार सह विधायक तारकिशोर प्रसाद ने बताया कि पथ प्रमंडल कटिहार अंतर्गत कटिहार-पूर्णिया पथ (एनएच- 131ए के पुराने सरेखन) पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस पथ की कुल लंबाई 14 किलोमीटर है ।वर्तमान में पथ की चौड़ाई 5.5 मीटर एवं 7 मीटर है। पथ के चौड़ीकरण के उपरांत बीच में डिवाइडर के साथ पथ की चौड़ाई 11.50 मीटर हो जाएगी। उन्होंने बताया कि पथ की कुल लागत राशि 56.55 करोड़ है। यह पथ कटिहार जिला अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पथ है। जो एनएच-131 ए (दलन)से प्रारंभ होकर जिला मुख्यालय- मनिहारी मोड़ होते हुए उदामारेखा कुशवाहा चौक (एनएच-131 ए )पर समाप्त होती है। उक्त पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण होने से शहरी आवागमन सुचारू रूप से होने लगेगा, साथ ही शहर में लगने वाली जाम की समस्या से भी लोगों को निजात मिलेगी।

### अपराध नियंत्रण के लिए चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में अपराध नियंत्रण व शराब धंधेबाजों पर नकेल कसने के लिए एसपी ने सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग के साथ-साथ रात में हो रही पुलिस गश्ती में और तेजी लाने का निर्देश दिया. बुधवार को को अपराध नियंत्रण को लेकर हाजीपुर, बिदुपुर, महुआ लालगंज, सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान शहर के रामाशीष चौक, पुरानी गंडक पुल सहित अन्य जगहों के पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. चेकिंग के दौरान वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट सहित वाहनों का कागजात की जांच की गयी. इस दौरान कई वाहन चालक बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाते पकड़े गये. पकड़े गये सभी वाहन चालकों चालान काटा गया, जिसके बाद कड़ी चेतवानी देकर छोड़ा गया। यह विशेष अभियान जिले में अपराध नियंत्रण एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।इस अजांच के दौरान वाहन चालकों के कागजातों की सत्यापन, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान तथा अवैध वस्तुओं के परिवहन पर विशेष नजर रखी जा रही है।



### आदर्श दुबे ने जीता स्वर्ण पदक, नेशनल में क्वालिफाई

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत एकमा बाजार के भरहोपुर गांव निवासी 17 वर्षीय आदर्श दुबे ने पटना में आयोजित बिहार एमएमए (मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स) स्टेट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर एकमा एवं सारण जिले का नाम रोशन किया है। इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने आगामी एमएमए नेशनल चैंपियनशिप के लिए भी अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। पांच जुलाई को पटना में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों एवं राज्यों के 400 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। कड़े मुकाबलों के बीच आदर्श ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वर्तमान में आदर्श पटना के कंकड़बाग स्थित एमएमए एरीना में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, प्रशिक्षकों तथा नियमित एवं अनुशासित अभ्यास को दिया। आदर्श ने कहा कि उनका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर देश के लिए पदक जीतना है। आदर्श की इस उपलब्धि पर समाजसेवी योगेंद्र शर्मा, अजय पंडित, सत्येंद्र सिंह, भवानी मुन्ना दुबे, कांग्रेस नेता नरेंद्र प्रताप मिश्रा, अवध बिहारी मिश्रा, तेज प्रताप पांडेय, जनसुराज नेता ललित तिवारी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।



### 18 को विशेष लोक अदालत की सफलता को लेकर बैठक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी विशेष लोक अदालत दिनांक 18 जुलाई 2026 के सफल आयोजन एवं अधिकाधिक वादों के निष्पादन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के सचिव श्री नितिन त्रिपाठी की अध्यक्षता में सभी न्यायालयों के कार्यालय लिपिकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव श्री त्रिपाठी ने बताया कि इस विशेष लोक अदालत में मुख्य रूप से चेक बाउंस (परक्राम्य लिखत अधिनियम, धारा 138) से संबंधित वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से वादों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण होने से वादकारियों के समय, धन एवं अनावश्यक न्यायिक प्रक्रिया की बचत होती है। उन्होंने बताया कि संबंधित वादों के दोनों पक्षों को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जा चुका है। साथ ही सभी कार्यालय लिपिकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने - अपने स्तर से संबंधित अधिवक्ताओं एवं वादकारियों से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक मामलों को विशेष लोक अदालत में लाकर उनका निष्पादन सुनिश्चित करें। बैठक में सभी कर्मियों से विशेष लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग करने तथा अधिकाधिक मामलों के सुलहपूर्ण निस्तारण हेतु गंभीरता एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।



### स्टील वायर के टोचन में गर्दन फसने से युवक की मौत

**हरसिद्धि (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हरसिद्धि-छपवा मुख्य मार्ग पर गुरुवार को एचपी गैस बॉटलिंग प्लांट के समीप स्टील वायर के टोचन में गर्दन फंसने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के 28 वर्षीय राजेश कुमार की रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार फंसे गैस टैंकर को निकालने के लिए बंधी स्टील वायर की चपेट में युवक आ गया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने शव रखकर सड़क जाम कर दिया। मौके पर पुलिस व प्रशासन पहुंचकर स्थिति नियंत्रित कर और अग्रिम कार्रवाई में जुटी।

### 65 बोरी यूरिया जब्त, दो गिरफ्तार

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र डुमरा चौक के समीप एक गोदाम में छापामार कर अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे गए यूरिया जब्त किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त गोदाम जो रंजन साह का बताया गया है।पुलिस ने सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भंडारित 65 बोरी यूरिया खाद जब्त किया। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# पैसे के विवाद में युवक की गोली मार की हत्या, दो जिंदा बम बरामद

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गोरोल थाना क्षेत्र के वासीपुर कटरमाला गांव में एक सनसनीखेज वारदात सामने आया है। जहां एक ठेकेदार से पैसे मांगना एक युवक को इतना महंगा पड़ गया कि उसे इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। मृतक अमित कुमार गोरोल थाना क्षेत्र के वासीपुर कटरमाला गांव निवासी नगीना सिंह का पुत्र था।आरोप है कि युवक को घर से बुलाकर अपराधियों ने उसके सिर में गोली मार दी। वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही एसपी शुभांक मिश्रा घटनास्थल पर पहुंचे कल मामले की छानबीन की। इसके बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी।बताया जा रहा है कि युवक का गांव के एक ठेकेदार से पैसों का लेन-देन का विवाद चल रहा था। परिजनों का आरोप है कि इसी विवाद के चलते युवक को घर से बाहर बुलाया गया, जहां पहले से घात लगाए अपराधियों ने उसके सिर में गोली मार दी। गोली लगते ही युवक की मौके पर ही मौत हो गई।गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। देखते ही देखते पूरे गांव में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही गोरौल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और इसके बाद वैशाली के एसपी शुभांक मिश्रा भी घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे।मृतक के पिता ने गांव के ही ठेकेदार आशुतोष पर हत्या कराने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने परिजनों के आरोप के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसपी के निर्देश पर संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है ताकि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। हत्या की इस वारदात के पीछे पैसों का विवाद ही वजह है या कोई और कारण, इसका खुलासा जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पूरे इलाके में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।



## किराना दुकानदार के घर पर बदमाशों ने की बमबाजी, जांच में जुटी पुलिस

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर थाना क्षेत्र के मदारपुर में बुधवार की देर रात बदमाशों ने एक किराना दुकानदार के घर पर बमबाजी कर दहशत फैला दी। घटना घटना के बाद आसपास के काफी लोग जुट गए, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ है। इस संबंध में स्थानीय किराना दुकानदार उदय मिश्रा ने बताया कि देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच उनके दरवाजे पर 4 बम फेंके गए। उन्होंने कहा कि पहले लगा कि ट्रक का चक्का फटा है या पटाखे की आवाज है। सुबह देखा तो सुतली, शीशे, फूल के पौधे इधर-उधर बिखरे पड़े थे। दुकानदार ने घटना की सूचना सदर थाने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से 2 विस्फोटित बम के अवशेष और 2 जिंदा बम बरामद किए हैं। दोनों जिंदा बमों को निष्क्रिय कराने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



**एफएसएल की टीम ने की जांच पड़ताल**

छानबीन के दौरान एफएसएल टीम और बम स्क्वायड को भी बुलाया गया है। एफएसएल की टीम घटनास्थल पर जांच पड़ता के दौरान घटनास्थल से कुछ सैंपल को एकत्रित किया। जिसे अपने साथ ले गई।

**क्या कहते हैं पदाधिकारी**

इस संबंध में सदर एसडीपीओ-1 सुबोध कुमार ने बताया कि उदय मिश्रा ने सूचना दी थी कि उनके कैंपस में सुतली बम मिला है और रात में आवाज आई थी। घटनास्थल से दो सुतली बम बरामद किए गए हैं। एसडीपीओ ने कहा कि इस मामले में पूर्व से भी विवाद चला आ रहा है। उदय मिश्रा के लड़के पर पहले से 3 से अधिक मामले दर्ज हैं। घर में लगा सीसीटीवी कैमरा भी क्षतिग्रस्त मिला है, उसमें छेड़छाड़ की आशंका है। इस पहलू पर भी जांच की जा रही है।उदय मिश्रा ने आरोप लगाया कि उनके पुत्र की हत्या की साजिश रची जा रही है। इस संबंध में पहले भी सदर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। उन्होंने एसपी और डीएसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई और कहा कि इलाके में अवैध सामान और नशीले पदार्थों की खुलेआम बिक्री होती है। पुलिस ने घरवालों से विस्तार से पूछताछ की है और साक्ष्य इकट्ठा किए हैं।

## रुद्राभिषेक के साथ महात्मा गांधी केंद्रीय विवि में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ

**कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने किया 'वैदेही कैफेटेरिया' का उद्घाटन**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार में ग्रीष्मावकाश के उपरांत नए शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ आध्यात्मिक आस्था, नवोत्साह एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के संकल्प के साथ हुआ। विश्वविद्यालय की समृद्धि, शांति एवं सतत प्रगति की मंगलकामना हेतु गांधी भवन में प्रातःकाल कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस पावन अनुष्ठान में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारी, प्रशासनिक एवं गैर - शिक्षण कर्मचारी तथा विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए विश्वविद्यालय की निरंतर उन्नति एवं सफलता के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए माननीय कुलपति ने सभी को नए शैक्षणिक सत्र की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा विश्वविद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य से समर्पण, नवाचार और सामूहिक प्रयास की भावना के साथ कार्य करते हुए शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं संस्थागत विकास के नए आयाम स्थापित करने का आह्वान किया। छात्र - केंद्रित अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए माननीय कुलपति ने गांधी भवन स्थित 'वैदेही कैफेटेरिया' का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा, वैदेही कैफेटेरिया केवल भोजन एवं अल्पाहार की सुविधा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सार्थक संवाद, अनौपचारिक शैक्षणिक



चर्चाओं तथा सामुदायिक सहभागिता का एक सशक्त मंच भी बनेगा। यह पहल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, उनके कल्याण तथा विश्वविद्यालय समुदाय के बीच आपसी संवाद एवं सहभागिता को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। परिसर निदेशक प्रो. प्रसून दत्ता सिंह ने कैफेटेरिया के नाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'वैदेही' माता सीता का एक अत्यंत पूजनीय नाम है। यह नाम मिथिला एवं बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है तथा विद्यार्थियों में अपनी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति आत्मीयता, गर्व एवं अपनत्व की भावना को सुदृढ़ करता है। इस अवसर पर प्रो. शिरीष मिश्रा, प्रो. श्याम कुमार झा, प्रो. शहाना मजूमदार, प्रो. अरविंद कुमार शुक्ला, डॉ. कैलाश चंद्र प्रधान, डॉ. श्याम नंदन, डॉ. बबीता मिश्रा, डॉ. बबलू पाल, डॉ. अमित रंजन, विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) डॉ. सच्चिदानंद सिंह तथा उप कुलसचिव श्री सुहर्ष कुमार सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

## बिरसा मुंडा और राष्ट्रीय आंदोलन' पुस्तक का प्रकाशन

**जनजातीय संघर्ष और राष्ट्रीय चेतना का प्रामाणिक दस्तावेज**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के मीडिया अध्ययन विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. अंजनी कुमार झा की नवीन पुस्तक 'बिरसा मुंडा और राष्ट्रीय आंदोलन' प्रकाशित हो गई है। यह पुस्तक भारत के महान जनजातीय नायक बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष तथा भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में उनके ऐतिहासिक योगदान का विस्तृत एवं तथ्यपरक अध्ययन प्रस्तुत करती है। पुस्तक में बिरसा मुंडा के संघर्ष की विभिन्न अवस्थाओं, औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध उनके आंदोलन तथा जनजातीय समाज में जागृत राष्ट्रीय चेतना का विश्लेषण किया गया है। इसके अतिरिक्त टाना भगत आंदोलन, असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन सहित विभिन्न जनआंदोलनों का भी समग्र विवेचन किया गया है। पुस्तक का एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इसमें तिलका मांझी, रघुनाथ



महतो, सिंगराय मानकी, बिंदुराय मानकी, सुरगा मुंडा, काते एवं बिंजी राय, बुद्ध भगत, बुली महतो, गंगा नारायण सिंह, चानकू महतो, नीलाम्बरझपीताम्बर तथा ठाकुर विश्वनाथ शाही जैसे अनेक जनजातीय वीरों के संघर्ष और योगदान को भी समाहित किया गया है।डॉ. अंजनी कुमार झा पिछले दो दशकों से शिक्षण, पत्रकारिता और शोध के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे वर्तमान में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी में मीडिया अध्ययन विभागाध्यक्ष हैं तथा अनेक शोध परियोजनाओं का नेतृत्व कर चुके हैं। उनके द्वारा अब तक 25 से अधिक पुस्तकें तथा हजारों लेख एवं शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं।

## अवध किशोर सिंह उर्फ दारा सिंह बने शिवहर सांसद के चिरैया प्रखंड प्रतिनिधि

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सेमरा गांव निवासी एवं फ्रेंड्स ऑफ आनंद के सक्रिय नेता अवध किशोर सिंह उर्फ दारा सिंह को शिवहर सांसद लवली आनंद ने चिरैया प्रखंड का अधिकृत प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इस संबंध में सांसद ने चिरैया के बीडीओ, सीओ, थानाध्यक्ष, सिकरहना एसडीएम, एसडीपीओ सहित पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी है। जारी पत्र में सांसद ने स्पष्ट किया है कि उनकी अनुपस्थिति में अवध किशोर सिंह उर्फ दारा सिंह संसदीय क्षेत्र से संबंधित विभिन्न सरकारी बैठकों में उनके प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगे तथा जनहित एवं विकास कार्यों से जुड़े आवश्यक मामलों में अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे। दारा सिंह के मनोनयन की सूचना मिलते ही जदयू कार्यकताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण निर्णय बताते हुए सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जलालपुर पहुंचे पूर्व सीएम नीतीश कुमार, पंडित महेंद्र मिश्र की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत**



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद एवं जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार मंगलवार को सारण जिले के मांझी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जलालपुर बाजार पहुंचे। जहां उन्होंने महेंद्र चौक स्थित भोजपुरी लोकगीत एवं पूर्वी धुनों के अमर रचनाकार, स्वतंत्रता सेनानी पंडित महेंद्र मिश्र की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उनके आगमन को लेकर क्षेत्र में पहले से ही व्यापक तैयारियां की गई थीं। वहीं जदयू कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। माल्यार्पण के बाद नीतीश कुमार ने कुछ समय तक स्थानीय नेताओं एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों और क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति को लेकर भी संक्षिप्त चर्चा की। इसके बाद वह सड़क मार्ग से पटना के लिए रवाना हो गए। हालांकि उन्होंने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की और किसी भी राजनीतिक सवाल पर प्रतिक्रिया देने से परहेज किया। पूर्व मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता और स्थानीय लोग महेंद्र चौक पर जुटे हुए थे। ढोल- नगाड़ों, पुष्पवर्षा और 'नीतीश कुमार जिंदाबाद' के नारों के बीच उनका जोरदार स्वागत किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बना रहा और महेंद्र चौक राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, क्षेत्रीय भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, स्थानीय मांझी विधानसभा क्षेत्र के जदयू विधायक रणधीर कुमार सिंह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए पंडित महेंद्र मिश्र के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक योगदान को याद किया और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान मांझी विधानसभा क्षेत्र के जदयू विधायक रणधीर कुमार सिंह ने कहा कि मांझी क्षेत्र के लिए यह गौरव की बात है कि बिहार के विकास पुरुष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का विशेष स्नेह और मार्गदर्शन इस क्षेत्र को लगातार मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि इस दौरे से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होने के साथ- साथ संगठन को भी मजबूती मिलेगी। विधायक ने विश्वास जताया कि क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर भी पूर्व मुख्यमंत्री का सहयोग आगे भी मिलता रहेगा। कार्यक्रम स्थल पर पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के समर्थकों ने भी उनके समर्थन में नारेबाजी की। हालांकि इस घटनाक्रम पर नीतीश कुमार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। शांतिपूर्वक अपना कार्यक्रम पूरा कर पटना के लिए रवाना हो गए। पूरे दौरे के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

## बैंक से लौट रही युवती के बैग से 35 हजार रुपये उड़ाए, आरोपी गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसबीआई की एकमा शाखा से 35 हजार रुपये निकालकर घर लौट रही एक युवती के बैग से शातिर बदमाश ने खुजली वाला पदार्थ डालकर रुपये उड़ा लिए। हालांकि पीड़िता की शिकायत पर एकमा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की पूरी राशि बरामद कर ली। बरामद रुपये पीड़िता को वापस सौंप दिए गए, जबकि आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार एकमा थाना क्षेत्र के बिंदालाल रामपुर मठिया गांव निवासी हवलदार राय की पुत्री नीलम कुमारी मंगलवार को एसबीआई की एकमा शाखा से 35 हजार रुपये निकालकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान हाई स्कूल मोड़ के समीप एक युवक ने बिस्कुट में मिलाया गया खुजली वाला पदार्थ उनके शरीर पर डाल दिया। अचानक तेज खुजली होने पर नीलम पास के नल पर हाथ-मुंह धोने लगीं। इसी मौके का फायदा उठाकर आरोपी ने उनके बैग में ब्लेड मारकर 35 हजार रुपये निकाल लिए और फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़िता ने एकमा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही एसआई कुंदन पांडेय पुलिस बल के साथ जांच में जुट गए। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एकमा थाना क्षेत्र के माने मठिया गांव निवासी साहब तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उसके पास से चोरी की पूरी राशि बरामद कर पीड़िता को वापस सौंप दी गई। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## एबीवीपी के 78वें स्थापना दिवस पर छपरा में रक्तदान शिविर, युवाओं ने दिया मानव सेवा का संदेश

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (एबीवीपी) के 78वें स्थापना दिवस सह विद्यार्थी दिवस के अवसर पर छपरा नगर इकाई द्वारा गुरुवार को सदर अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में परिषद् के पदाधिकारियों, कार्यकताओं, स्वयंसेवकों एवं बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया और समाज सेवा का प्रेरणादायी संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि "रक्तदान महादान" है। एक यूनिट रक्त किसी गंभीर रूप से बीमार या दुर्घटना में घायल व्यक्ति के लिए जीवनदायी साबित हो सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने का आह्वान किया, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

## उन्नत आधार सेवा केन्द्र का विधायक न किया उद्घाटन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चम्पारण विधायक प्रमोद कुमार ने (मोतिहारी) में उन्नत आधार सेवा केंद्र (ऑॅ१ रीप् डील्लर्ि - अरङ) का उ द्घाटन किया। इस अवसर पर उपमहापौर डॉ. लाल बाबू प्रसाद की भी गरिमामयी रूप से उपस्थित रहीं। इस उन्नत आधार सेवा केंद्र का उ द्घाटन पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) और आसपास के क्षेत्रों में आधार सेवाओं की डिलीवरी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस केंद्र को उन्नत तकनीकी सुविधाओं और बेहतर अवसंरचना के साथ विकसित किया गया है, ताकि आधार नामांकन और अ द्यतन सेवाएँ अधिक तेज, पारदर्शी और निवासी अनुकूल तरीके से उपलब्ध कराई जा सकें। पूर्व में बिहार में यूआईडीएआई के आधार सेवा केंद्र केवल चार जिलों-पटना, मुजफ्फरपुर भागलपुर पूर्णिया में ही उपलब्ध थे। अब इन मौजूदा केंद्रों के साथ-साथ चरणबद्ध तरीके से नए आधार सेवा केंद्र 11 अन्य जिलों में आधार केंद्र स्थापित हो चुके है तथा 17 नए जिलों में आधार केंद्र खोलने का कार्य चल रहा है आने वाले दो महीनो में ये सारे केंद्र कार्य करने लगेंगे ' इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार ने आधार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और लोगों को आधार सेवाओं तक सहज पहुंच उपलब्ध कराने के लिए यूआईडीएआई के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहले सार्वजनिक सेवा वितरण में पारदर्शिता, दक्षता और सुविधा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के 5 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर तथा पुनः 15 वर्ष की आयु पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (टइव) अवश्य कराएं, ताकि बच्चे छात्रवृत्ति जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें तथा जहां लागू हो, वहाँ ठएएळ, उवएळ जैसी प्रवेश परीक्षाओं के पंजीकरण में किसी प्रकार की समस्या न हो। मीडिया से बातचीत के दौरान माननीय उपमहापौर डॉ लाल बाबू प्रसाद ने भी अभिभावकों को अपने बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराने के लिए प्रोत्साहित किया और वि द्यालयों से आग्रह किया कि वे यूआईडीएआई के मिशन मोड अभियान के अंतर्गत एमबीयू लंबित मामलों को कम करने के लिए सक्रिय पहल करें। इस कार्यक्रम में यूआईडीएआई राज्य कार्यालय पटना के उपनिदेशक श्री शशि रंजन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। मोतिहारी स्थित यह उन्नत आधार सेवा केंद्र सीधे यूआईडीए- आई द्वारा संचालित किया जा रहा है। केंद्र में दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों और गर्भवती महिलाओं के लिए अलग समर्पित काउंटर की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सके। साथ ही स्तनपान कराने वाली माताओं की सुविधा के लिए एक फीडिंग रूम की व्यवस्था भी की गई है। यह उन्नत आधार सेवा केंद्र आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए आधार सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएगा। इससे परिचालन दक्षता में वृद्धि होगी, अस्वीकृति की संभावना कम होगी तथा आधाबर अपडेट की प्रक्रिया और तेज होगी।




## बाल विवाह की आड़ में मानव तस्करी का प्रयास विफल, राजस्थानी दूल्हे सहित चार व्यक्ति गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर, पूर्वी चंपारण को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि राजस्थान के कुछ व्यक्तियों द्वारा रक्सौल की नाबालिग लड़कियों से चोरी-छिपे विवाह कर, शादी की आड़ में मानव तस्करी किए जाने की संभावना है। सूचना के आधार पर प्रयास द्वारा संबंधित एजेंसियों को अवगत कराते हुए एक संयुक्त टीम गठित की गई, जिसमें सर्किल ऑफिसर, रक्सौल; हरैया थाना; प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर, पूर्वी चंपारण, बिहार; मानव तस्करी रोधी इकाई; एसएसबी 47वीं वाहिनी; स्वच्छ रक्सौल संस्था; तथा न्याय नेटवर्क परियोजना शामिल थीं। संयुक्त टीम ने स्रोत द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पाया गया कि शादी की पूरी तैयारी कर ली गई थी और मंडप भी तैयार था। नाबालिग लड़की पूजा कुमारी (बदला हुआ नाम), उम्र लगभग 14 वर्ष, की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान बच्ची ने बताया कि उसके परिवार द्वारा जबरन शादी कराई जा रही है। उसने यह भी बताया कि राजस्थान से कुछ लोग पिछले चार दिनों से रक्सौल स्थित राजेश्वर होटल में ठहरे हुए हैं, उसकी सौतेली मां को कुछ पैसे दिए गए हैं, तथा लड़के द्वारा घर का सामान और गहने देने का प्रलोभन भी दिया गया है। सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी, रक्सौल के निर्देश पर हरैया थाना, रक्सौल थाना, एसएसबी 47वीं वाहिनी और प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर, पूर्वी चंपारण की टीम प्राइवेट होटल पहुंची और रूम नंबर 209 से चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया। पूछताछ और जन्म सत्यापन संबंधी दस्तावेजों की जांच में पता चला कि नाबालिग लड़की की उम्र 14 वर्ष है, जबकि विवाह करने वाला व्यक्ति 35 वर्ष का है। चारों व्यक्ति राजस्थान के रहने वाले हैं और आपस में मित्र हैं। जब विवाह करने वाले व्यक्ति से लड़की का नाम और उसके माता-पिता का नाम पूछा गया, तो वह जानकारी नहीं दे सका। जांच में यह भी सामने आया कि इन चारों में से एक व्यक्ति के द्वारा यह विवाह कराया जा रहा था। उचित प्रक्रिया अपनाते हुए नाबालिग लड़की को संरक्षण में लिया गया।



## एक नजर

### अंडरपास के अभाव में जीटी रोड बनती जा रही ब्लैक स्पॉट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहरी क्षेत्र में जीटी रोड पर जसोइया गांव से ओवरब्रिज बाईपास तक लगभग दो किमी के दायरे में अंडरपास की अनुपस्थिति के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर घनी आबादी बसी हुई है परंतु सुरक्षित आवागमन के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है। इसके परिणामस्वरूप लोग मजबूरन तेज रफ्तार वाहनों के बीच में से पार करने को विवश हैं जिससे यह इलाका दुर्घटनाओं का एक प्रमुख केंद्र बन गया है। जसोइया से बाईपास ओवरब्रिज के बीच पश्चिम दिशा में क्षत्रिय नगर और कथरुआ गांव स्थित हैं जबकि पूर्व दिशा में शहर है। यहीं नजारा पिपरडीह के पास भी बनी हुई है जहां अंडरपास की अनुपस्थिति के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। शहर की ओर से जीटी रोड को जोड़ने वाली नागा बिगहा रोड और सत्येंद्र नगर समेत कई अन्य संपर्क मार्गो से आवागमन करने वाले लोगों को भी इसी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि अंडरपास की मांग के कारण ही इस क्षेत्र में काम अधूरा पड़ा हुआ है। स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि पहले अंडरपास निर्माण की शर्त पर ही सड़क चौड़ीकरण कार्य को आगे बढ़ाने की बात कर रहे हैं।

### मुख्य प्रवक्ता बने नीरज कुमार, प्रदेश सचिव बने डॉ. सतीश कुशवाहा, कार्यकर्ताओं में हर्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** विधान पार्षद नीरज कुमार को पार्टी का मुख्य प्रवक्ता तथा डॉ. सतीश कुशवाहा को प्रदेश सचिव बनाए जाने पर प्रखंड क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर मंडरा पैक्स अध्यक्ष नीतू कुमारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता राहुल कुमार ने दोनों नेताओं को बधाई देते हुए इसे संगठन के लिए महत्वपूर्ण निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि नीरज कुमार लंबे समय से संगठन और जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं, जबकि डॉ. सतीश कुशवाहा ने भी अपने कार्यों से संगठन को मजबूती प्रदान की है। दोनों को नई जिम्मेदारी मिलने से पार्टी और अधिक सशक्त होगी तथा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और दोनों नेताओं के सफल कार्यकाल की कामना की। बधाई देने वालों में अर्जुन पासवान, रमाकांत सिंह, सुमित, सुमंत, सोनू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों नेता अपने नए दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कतरीसराय।** पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को टेक नारायण प्लस टू विद्यालय, बादी में युको क्लब के तहत प्रखंड के नोडल शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण जिला शिक्षा पदाधिकारी हेमचंद्र पासवान के निर्देश एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमरजीत प्रसाद के नेतृत्व में संपन्न हुआ।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डॉ. अभिनव कुमार, प्रशांत कुमार तथा प्रखंड स्तरीय ट्रेनर सतीश कुमार, धर्मेंद्र कुमार और राहुल कुमार ने पर्यावरण संरक्षण, हरियाली, जैव विविधता, जल एवं ऊर्जा संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि युको क्लब के माध्यम से पूरे वर्ष विद्यालयों में पर्यावरण संबंधी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी।प्रशिक्षकों ने बताया कि प्रखंड के 44 सरकारी और 13 निजी विद्यालयों के शिक्षकों को इस अभियान से जोड़ा गया है। विद्यालयों में श्एक पेड़ मां के नामश् अभियान के तहत पौधारोपण के साथ बच्चों को पौधों के संरक्षण का भी संदेश दिया जाएगा।जिला शिक्षा पदाधिकारी हेमचंद्र पासवान ने कहा कि विद्यालयों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति विकसित करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमरजीत प्रसाद ने बताया कि प्रखंड को पांच हजार पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है और शिक्षकों व विद्यार्थियों के सहयोग से लक्ष्य से अधिक पौधारोपण की उम्मीद है।

### भोभी क्रिकेट युवा क्लब ने दो विकेट से जीता केपीएल 2026 का खिताब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा।** प्रखंड के कछियावां पंचायत स्थित कछियावां गांव में आयोजित कछियावां प्रीमियर लीग (केपीएल) 2026 का फाइनल मुकाबला गुरुवार को रोमांचक अंदाज में संपन्न हुआ। फाइनल में भोभी क्रिकेट युवा क्लब ने कन्हाई बिगहा वॉरियर्स को दो विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।पहले बल्लेबाजी करते हुए कन्हाई बिगहा वॉरियर्स की टीम निर्धारित 10 ओवर में 48 रन ही बना सकी। जवाब में भोभी क्रिकेट युवा क्लब ने संघर्षपूर्ण खेल का प्रदर्शन करते हुए 9.4 ओवर में आठ विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। पूरे मुकाबले में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में अंत तक रोमांच बना रहा।विजेता टीम को 5,100 रुपये नकद, ट्रॉफी एवं मेडल, जबकि उपविजेता टीम को 2,000 रुपये नकद, ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

व्यक्तिगत पुरस्कारों में कछियावां के सुदामा कुमार को 11 विकेट लेने पर सर्वाधिक विकेट तथा राजेश कुमार को 71 रन बनाने पर सर्वाधिक रन का पुरस्कार मिला। दोनों खिलाड़ियों को 300 रुपये नकद, ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए गए।समापन समारोह में मुख्य अतिथि हिलसा नगर परिषद के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रजनीकांत कुमार उर्फ पप्पू एवं सरपंच खुशबू कुमारी ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे खेल आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ खेल भावना और सामाजिक भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का संचालन युवा समाजसेवी अमन पटेल एवं स्थानीय युवाओं ने किया।

### विशेष अभियान में एक बाल श्रमिक मुक्त, नियोजक पर होगी एफआईआर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** श्रम संसाधन विभाग के निर्देश पर नालंदा में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बिहारशरीफ सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में बिहारशरीफ प्रखंड के भरावपर एवं लहेरी थाना क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक प्रतिष्ठान से एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया।श्रम अधीक्षक नरेश कुमार ने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम, 1986 के तहत संबंधित नियोजक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं मुक्त कराए गए बाल श्रमिक को आवश्यक कार्रवाई के लिए बाल कल्याण समिति, बिहारशरीफ के समक्ष प्रस्तुत किया गया।अभियान में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी जयकृष्ण गुप्ता, सुनील कुमार पंकज, राकेश कुमार, मुरारी सिंह, इरशाद जेया, आईडिया संस्था नालंदा के प्रतिनिधि तथा लहेरी थाना की पुलिस टीम भी शामिल रही।

### हसपुरा के वार्ड नं- पांच में सड़क व नाली की स्थिति बदहाल रहने से बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के हसपुरा प्रखंड के छक्कन बिगहा स्थित वार्ड सं- पांच में करीब ९० घर है। गांव की सड़क एवं नाली की स्थिति इन दिनों अत्यंत बदहाल हो गई है। नाली का पानी सड़क पर बहता रहता है। जिससे सड़क पर पैदल चलने में ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। एक समय यह पक्की सड़क थी परंतु नाली नहीं होने और सड़क पर मिट्टी जमा होने से कीचड़ में तब्दील हो गया है। पहली नजर में यह पहचान पाना मुश्किल हो जाता है कि सड़क पर कीचड़ है या कीचड़ में सड़क। देखने में सड़क की स्थिति खेत जैसी लगती है। नागरिक रामकेश्वर सिंह, यदुनंदन सिंह सहित ने बताया कि सड़क ग्रामीण गली से बदतर हो चुकी है। बता दें कि इस सड़क से होकर प्रतिदिन १०० से अधिक परिवार के लोग आवागमन करते हैं। संपर्क पथों को जोड़ने वाली यह सड़क अब गड्ढों और कीचड़ से भर चुकी है। सड़क से आवागमन करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। स्थिति यह है कि लोग घर से निकलते समय जमीन पर पैर रखने के लिए जगह तलाशते नजर आते हैं। खासकर बच्चों और महिलाओं को को इस सड़क से गुजरने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा समस्या का समाधान नहीं किया गया है।

# 35 लाख खर्च कर आरंभ हुआ डायलिसिस सेंटर

**डॉ. उपेंद्र कश्यप**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में डायलिसिस सेंटर का आरंभ गुरुवार को कर दिया गया है। इस पर लगभग 35 लाख रुपए से अधिक की राशि खर्च हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपोलो हॉस्पिटल और बिहार सरकार के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत यह डायलिसिस सेंटर आरंभ किया गया है। यहां एक बार में पांच मरीज का डायलिसिस एक साथ किया जा सकता है। पांच मशीन लगाई गई है, लेकिन दो ही चालू किया गया है। तीन इंस्टॉल करके छोड़ दिया गया है। लेकिन उसका कार्य आरंभ नहीं किया गया है। अनुमंडल अस्पताल द्वारा बताया गया कि मरीजों की संख्या बढ़ने पर यानी आवश्यकता होने पर अन्य तीन डायलिसिस मशीन आरंभ किए जाएंगे। बताया गया कि प्रत्येक मशीन पांच लाख रुपये का है। 10 लाख रुपए इनको इंस्टॉल करने के साथ अन्य उपकरण पर खर्च हुआ है। हालांकि अभी तक एसी नहीं लगा है, जबकि डायलिसिस सेंटर बिना एसी के प्रायः नहीं होते। बताया गया कि एसी रास्ते में है। जल्द ही वह भी लग जाएगा। अस्पताल के प्रबंधक ठाकुर चंदन सिंह ने बताया कि जिनके पास राशन कार्ड है। उनको डायलिसिस की सुविधा निशुल्क उपलब्ध होगी। लेकिन जिनके पास राशन कार्ड या आयुष्मान कार्ड नहीं है उनको एक बार डायलिसिस करने के लिए 1797 रुपए खर्च करना होगा। महत्वपूर्ण है कि किडनी के मरीज को डायलिसिस की जरूरत होती है और मरीज की स्थिति पर डायलिसिस की संख्या निर्भर करती है। किसी मरीज को सप्ताह में एक बार तो किसी को दो, तो किसी को तीन बार डायलिसिस की जरूरत पड़ती है। डायलिसिस के लिए फीस लगना अलग बात है, लेकिन अनुमंडल स्तर पर डायलिसिस सेंटर आरंभ होने से किडनी के मरीजों को काफी राहत होगी। प्रथम दिन बाजार के 72 वर्षीय मरीज का डायलिसिस किया गया। प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. शांता कुमारी ने सेंटर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधक ठाकुर चंदन सिंह, अपोलो डायलिसिस के ऑपरेशन मैनेजर एजाज अहमद, सीनियर टेक्नीशियन चंदन कुमार पटेल तथा लिपिक विकास कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार इस सुविधा के शुरू होने से दाउदनगर और आसपास के क्षेत्रों के किडनी रोगियों को अब डायलिसिस के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही बेहतर और समय पर उपचार उपलब्ध होने से मरीजों का समय और आर्थिक खर्च दोनों बचेंगे।



# अभाविप का 78वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को मदनपुर इकाई की ओर से एक कोचिंग संस्थान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने अभाविप के इतिहास, संगठन की विचारधारा और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 9 जुलाई 1949 को स्थापित अभाविप आज विश्व का सबसे बड़ा गैर-राजनीतिक छात्र संगठन है। संगठन ने अपने मूल मंत्र 'ज्ञान, शील और एकता' को आधार बनाकर छात्र शक्ति को राष्ट्र शक्ति में बदलने का कार्य किया है। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश के समक्ष केवल राजनीतिक आजादी को सुरक्षित रखना ही चुनौती नहीं थी, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र, शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक चेतना के पुनर्निर्माण की भी आवश्यकता थी। ऐसे समय में अभाविप ने यह विचार स्थापित किया कि विद्यार्थी केवल भविष्य के नागरिक नहीं, बल्कि वर्तमान के सक्रिय नागरिक भी हैं। शिक्षा में सुधार, छात्र हितों की रक्षा, राष्ट्रीय एकता तथा विभिन्न सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों में परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत कार्य और रक्तदान जैसे सेवा कार्यों में भी संगठन के कार्यकर्ता सक्रिय भागीदारी निभाते रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद के प्रेरक विचार—"उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए"—को जीवन में अपनाने का आह्वान किया गया।

# अपहरण और छेड़छाड़ के मामले में एक साल की सज़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायलय औरंगाबाद के जिला जज प्रथम विश्व विभूति गुप्ता ने टंडवा थाना की एक कांड में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान सज़ा सुनाई है। एपीपी रामनरेश प्रसाद ने बताया कि प्राथमिक अभियुक्त रंजीत राजवंशी को 18 जून 2026 को इस कांड में दोषी ठहराया गया था और बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था। आज़ सज़ा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान एक साल की सजा और 10 हजार रूपये जुर्माना लगाया है। प्राथमिकी सूचक ने 15 अक्टूबर 2018 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें अभियुक्त पर शादी के नियत से बेटी की अपहरण का आरोप लगाया था। आज कोर्ट में अभियुक्त और उसकी पत्नी तथा चार लड़कियां हाथ जोड़कर रोने लगे तो जज साहब काफी भावुक हो गए थे तत्पश्चात उन्होंने सज़ा सुनाई।

विदित हो कि आज विभिन्न मामलों में समस्या देखते हुए कोर्ट में वरीय चिकित्सा पदाधिकारी को बुला कर कहा है कि किसी भी हिंसा के जख्म प्रतिवेदन ससमय प्रस्तुत हो, नाबालिग के मामले में माता-पिता के मंतव्य प्रतिवेदन में अवश्य करें। उम्र के बारे में भी जिक्र प्रतिवेदन में करने का प्रयास करें और गवाही समय पर करवाये। जिला विधिज्ञ संघ और अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष से कहा गया है कि बीएनएस और बीएनएसएस लागु हो जाने के बाद से अनुसंधान काफी आधुनिक तकनीक से युक्त हो गया है जिसके कारण बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं को भी अपना पक्ष रखने में इसकी जानकारी, ई-साक्ष्य की जानकारी, कम्प्यूटर लेपटॉप 5 जी मोबाइल की जानकारी अति आवश्यक हो गया है। साइबर सुरक्षा के प्रति भी बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं को जागरूक रहना चाहिए। न्यायालय अब धीरे धीरे पेपरलेस होने की प्रक्रिया में है। ओनलाइन फाइलिंग शत प्रतिशत सफल है। बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं अधिक से अधिक आधुनिक तकनीक का उपयोग करना शुरू कर देना चाहिए।

# 624 अधूरे आवासों को पूर्ण कराने को 15 दिन का वक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद जफर इमाम की अध्यक्षता में आवास योजना की समीक्षा बैठक गुरुवार को की गई। बैठक में आवास सहायकों, आवास सुपरवाइजरों एवं लेखपालों ने भाग लिया। इसमें कुल 624 अपूर्ण आवासों को पूरा करने के लिए 15 दिन का समय बीडीओ की तरफ से दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राशि की अनुपलब्धता के कारण लाभुक आवास पूरा नहीं बना पाए थे। अपूर्ण रह गए ऐसे ही आवासों को पूर्ण करने के लिए लगभग एक करोड रुपए से अधिक की राशि सरकार ने उपलब्ध कराया है। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के 420 तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 के 204 अधूरे



आवासों की प्रगति की समीक्षा की गई। बीडीओ मो. जफर इमाम ने सभी संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि लंबित आवासों का निर्माण कार्य 15 दिनों के भीतर हर हाल में पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि लाभुकों से लगातार संपर्क बनाए रखें और निर्माण कार्य में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए

**एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि उपलब्ध**

**बीडीओ मोहम्मद जफर इमाम ने की समीक्षा, दिया समय**

निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य हासिल करें। बैठक में आवास योजना के कार्यों में तेजी लाने, नियमित मॉनिटरिंग करने तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया। मौके पर कार्यपालक सहायक सुनील कुमार, लेखपाल सहायक कुमारी आरती, आवास सहायक विमलेश कुमार, विक्रांत कुमार, जीवन कुमार, मृगेन्द्र पासवान, बीरेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# कुटुंबा में अवैध क्लिनिकों की भरमार, स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल

**अंबा (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में बिना वैध पंजीकरण संचालित निजी क्लिनिकों और कथित झोलाछाप चिकित्सकों के बढ़ते संचालन को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि इन क्लिनिकों में नियमों की अनदेखी कर मरीजों का इलाज किया जा रहा है, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ रही है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार बसडीहा मोड़ (सिमरा) सहित कई स्थानों पर बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर स्वयं को विशेषज्ञ चिकित्सक बताने वाले लोग मरीजों का उपचार कर रहे हैं। इन क्लिनिकों में पैथोलॉजी, एम्बुलेंस और 24 घंटे चिकित्सा सेवा उपलब्ध होने का दावा किया जाता है, जबकि अधिकांश स्थानों पर योग्य चिकित्सक मौजूद नहीं रहते। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि कथित झोलाछाप चिकित्सकों की लापरवाही से मरीजों की मौत होने पर कई मामलों को आपसी समझौते के जरिए दबा दिया जाता है, जिससे पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिल पाता। ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग का जांच अभियान केवल औपचारिकता बनकर रह गया है। उनका आरोप है कि जांच टीम के पहुंचने से पहले ही क्लिनिक संचालकों को सूचना मिल जाती है, जिसके कारण संबंधित क्लिनिक अस्थायी रूप से बंद कर दिए जाते हैं और टीम के लौटते ही पुनः संचालन शुरू हो जाता है। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# नामांकन, समस्या एवं सुझावों से अवगत हुए बीईओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर नगर परिषद क्षेत्र स्थित अशोक इंटर विद्यालय में गुरुवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह कल्याण पदाधिकारी विकास कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड के प्रधानाध्यापकों की बैठक की गई। बैठक में प्रखंड लेखापाल अमरेश कुमार भी उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना, विद्यालयों से बाहर रह गए बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए विशेष नामांकन अभियान की रूपरेखा तैयार करना तथा संबंधित अधिकारियों एवं प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देना था। बैठक के दौरान विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से फीडबैक भी लिया गया। प्रधानाध्यापकों ने अपने-अपने विद्यालयों में नामांकन अभियान की तैयारियों, समस्याओं एवं सुझावों से अधिकारियों को अवगत कराया।



बैठक में बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशों के आलोक में विशेष नामांकन अभियान की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय अपने पोषक क्षेत्र में नामांकन से वंचित बच्चों की पहचान करेगा। इसके लिए घर-घर सर्वे एवं संपर्क अभियान चलाया जाएगा, ताकि ऐसे बच्चों को विद्यालय से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए सभी पात्र बच्चों का समय पर नामांकन कराना तथा उनकी नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करना अभियान की प्राथमिकता होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यालयवार नामांकन की नियमित समीक्षा की जाए तथा अभियान की प्रगति से संबंधित प्रतिवेदन निर्धारित समय पर उपलब्ध कराया जाए। अभियान के सफल संचालन के लिए शिक्षकों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जीविका समूहों एवं समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही सभी प्रधानाध्यापकों को विभागीय दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए अभियान को पूरी गंभीरता से संचालित करने, निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक कार्य पूर्ण करने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नामांकन अभियान की सफलता तथा विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

# एबीवीपी के 78वें स्थापना दिवस पर सेवा और संस्कार का संगम, बच्चों को बांटीं पुस्तकें-कॉपियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के कासमा रोड स्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यालय में गुरुवार को संगठन के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर उत्साह और गरिमामय वातावरण में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राहुल गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर संगोष्ठी से हुई। इसके बाद एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कार्यालय पर ध्वजारोहण किया तथा विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचकर बच्चों के बीच पुस्तक और कॉपियों का वितरण कर शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।




इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हार्दिक सिंह राजपूत ने गुरुवार दोपहर दो बजे कहा कि 9 जुलाई 1949 को स्थापित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आज विश्व का सबसे बड़ा गैर-राजनीतिक छात्र संगठन बन चुका है। उन्होंने कहा कि परिषद ने "ज्ञान, शील और एकता" के मूल मंत्र को अपनाकर छात्र शक्ति को राष्ट्र शक्ति में बदलने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश के सामने केवल राजनीतिक स्वतंत्रता की रक्षा ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र, शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक चेतना के पुनर्निर्माण की भी चुनौती थी। ऐसे समय में एबीवीपी ने यह विचार दिया कि विद्यार्थी केवल भविष्य का नागरिक नहीं, बल्कि वर्तमान का सक्रिय नागरिक भी है। हार्दिक सिंह राजपूत ने कहा कि शिक्षा सुधार, छात्र हितों की लड़ाई, राष्ट्रीय एकता, प्राकृतिक आपदाओं में राहत कार्य और रक्तदान जैसे सामाजिक सरोकारों में एबीवीपी के कार्यकर्ता हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक संदेश "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए" को याद करते हुए सभी कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला संयोजक अभय कुशवाहा, नगर सह मंत्री रोहन गुप्ता, रोहित कुमार, रंजन कुमार, राजू कुमार, सौरभ पाठक, गौरव मिश्रा, प्रांशु सिंह सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद के

# जोगडी गांव के तालाब का नही हो सका जीणोद्धार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के जोगडी गांव स्थित सैंकड़ों वर्ष पुराना तालाब सरकारी उपेक्ष के कारण अपना पहचान खो रहा है। बता दें कि यह तालाब लगभग एक किमी के दायरा में है। बता दें कि पूर्व में इसमें बांध बांधकर छोटी वितरणी बनाने का प्रारुप तैयार किए थे जिससे सैंकड़ों बीघे की जमीन की सिंचाई होता है परंतु उसके बाद से कुछ नहीं हुआ तालाब की उड़ाही नहीं होने के कारण इसको नुकसान हो रहा है। तालाब के कुछ भाग में स्थानीय श्रमिक किसान मखाना की खेती किए हैं इसका रखरखाव बाहर के श्रमिकों द्वारा कराया जाता है। सरकार मखाना की खेती को उद्यमी योजना से जोड़कर बढ़ावा देने में जुटी है परंतु हसपुरा प्रखंड के टाल गांव स्थित तालाब की ओर सरकार कोई ध्यान नहीं है। गांव के विजय सिंह सहित बताते हैं कि तालाब की उड़ाही व उसके तटबंध को मरम्मत कराए जाने के लिए पंचायत स्तरीय योजना को लेकर ग्रामसभा हो या आमसभा तालाब का जीणोद्धार के लिए प्रस्ताव लिया जाता है परंतु प्रस्ताव का अबतक अमलीजामा नहीं पहनाया गया।

# अंचल अधिकारी हरिहरनाथ पाठक को विदाई, कर्मियों के सहयोग की सराहना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** अंचल कार्यालय परिसर में स्थानांतरित अंचल अधिकारी हरिहरनाथ पाठक के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राजस्व अधिकारियों एवं अंचल कार्यालय के कर्मियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना की। अपने संबोधन में हरिहरनाथ पाठक ने कहा कि स्थानांतरण सरकारी सेवा की सामान्य प्रक्रिया है और नौकरी में यह क्रम निरंतर चलता रहता है। उन्होंने कहा कि ओबरा अंचल में कार्यकाल के दौरान उन्हें राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सभी सहयोगियों का भरपूर सहयोग मिला। इसी टीमवर्क के कारण विभिन्न प्रशासनिक कार्यों का सफलतापूर्वक निष्पादन संभव हो सका। उन्होंने सभी कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करने की शुभकामनाएं दीं। समारोह में प्रधान सहायक रामदीप राम, लिपिक सत्येंद्र शर्मा, नाजिर संदीप



कुमार, नवीन कुमार, रविरंजन कुमार, आईटी सहायक शैलेंद्र कुमार, कार्यपालक सहायक आशीष कुमार, राजीव रंजन, जहांगीर अख्तर, माधुरी कुमारी, राजस्व कर्मचारी नवीन कुमार, सूरज चौरसिया, राजू कुमार, अमीन धनंजय कुमार, मनोज कुमार सहित अंचल कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के तहत गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हसपुरा में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंची गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व (एएनसी) स्वास्थ्य जांच की गई। अस्पताल प्रभारी डॉ. कुणाल कामाख्या नारायण एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों की देखरेख में महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही उन्हें निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं तथा संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। शिविर के दौरान गंभीर एनीमिया एवं उच्च रक्तचाप से पीड़ित हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उनके मातृत्व कार्ड पर लाल स्टिकर लगाया गया, ताकि प्रसव तक उनकी विशेष निगरानी की जा सके। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत



प्रत्येक माह की 9, 15 एवं 21 तारीख को विशेष शिविर आयोजित किए जाते हैं। शिविर में सबसे पहले महिलाओं का निबंधन किया गया। इसके बाद रक्तचाप, वजन एवं अन्य आवश्यक जांच कर पैथोलॉजिकल नमूने लिए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर चिकित्सकों ने आवश्यक परामर्श और उपचार उपलब्ध कराया। अस्पताल प्रबंधन की ओर से शिविर में आने वाली महिलाओं के लिए पेयजल एवं जलपान की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधक मनीष कुमार, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# नगर निगम की बैठक में राजस्व बढ़ाने व जलजमाव हटाने पर दिया गया जोर

## निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड लगाने का दिया गया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** नगर निगम की साधारण बोर्ड बैठक बुधवार को महापौर अरविंद राणा की अध्यक्षता में निगम सभागार में हुई। करीब पांच घंटे तक चली बैठक में शहर की पेयजल व्यवस्था, सड़क-नाली निर्माण, जलजमाव, वित्त आयोग की योजनाएं, राजस्व वृद्धि, अतिक्रमण, सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक सुबह 11:30 बजे राष्ट्रगान के साथ शुरू हुई और शाम चार बजे समाप्त हुई। पहली बार पदेन सदस्य के रूप में सांसद मनीष जायसवाल बैठक में शामिल हुए। बैठक का सबसे अहम निर्णय नगर निगम के कार्यपालक अभियंता के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करना रहा। सदन ने पेयजल आपूर्ति में लगातार आ रही समस्याओं, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता संबंधी अनियमितताओं तथा विकास योजनाओं के कार्यस्थलों पर अनिवार्य सूचना बोर्ड नहीं लगाए जाने को गंभीर लापरवाही माना। महापौर अरविंद राणा ने कहा कि सूचना बोर्ड नहीं होने से आम लोगों को योजना की लागत, अवधि, संवेदक और कार्य की प्रगति की जानकारी नहीं मिल पाती, जिससे पारदर्शिता प्रभावित होती है। इन मुद्दों को गंभीर मानते हुए महापौर ने कार्यपालक अभियंता के खिलाफ निंदा प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। साथ ही निर्देश दिया गया कि सभी निर्माण स्थलों पर सूचना बोर्ड लगाए जाएं, कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराए जाएं और पेयजल व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर ने स्पष्ट कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में अनियमितता या गुणवत्ता से समझौता करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। बैठक में 13वें एवं 16वें वित्त आयोग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपलब्ध राशि का शीघ्र उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। वार्डों से प्राप्त लगभग 37 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं को जल्द स्वीकृति देकर कार्य शुरू कराने का निर्णय लिया गया। महापौर ने सदन के समक्ष शहर के विकास से जुड़े 25 महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे, जिनमें लगभग 50 तालाबों एवं जलस्रोतों का संरक्षण, गहरीकरण और सौंदर्यीकरण प्रमुख रहा। तालाबों पर अतिक्रमण हटाने तथा सुरक्षा दीवार निर्माण की दिशा में भी कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि नगर निगम की पहली प्राथमिकता सड़क, नाली और जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करना होना चाहिए। उन्होंने केशव हॉल के समीप नगर निगम की भूमि पर पार्किंग विकसित करने, पुराना बस स्टैंड स्थित सब्जी मंडी का विस्तार करने तथा फुटपाथी दुकानदारों के व्यवस्थित पुनर्वास का सुझाव दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सफाई और ड्रेनेज कार्यों के लिए आधुनिक मशीनों या अन्य आवश्यक संसाधनों की जरूरत पड़ने पर सांसद निधि से सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में शिवपुरी नाला, कोनार नदी में छठ घाट सहित 42 महत्वाकांक्षी योजनाओं पर भी चर्चा हुई। सांसद ने इन योजनाओं का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर राज्य सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजने का सुझाव दिया तथा केंद्र से वित्तीय स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया। मानसून की तैयारियों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत 150 अतिरिक्त श्रमिकों की तैनाती कर पिछले 15 से 20 दिनों में शहर के प्रमुख नालों की विशेष सफाई कराई गई है। शेष क्षेत्रों में भी अभियान जारी है। जलजमाव की सूचना मिलते ही राहत टीम भेजकर समस्या का समाधान करने का दावा किया गया।

## परीक्षा देने जा रहे दो युवक घायल

**जमुई/झाझा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झाझा थाना क्षेत्र के संसारपुर के समीप गुरुवार की सुबह कुत्ते को बचाने के प्रयास में स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। हादसे में स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान हथिया गांव निवासी अभिनव कुमार सिंह और सौरभ कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी झाझा पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों की स्थिति पर नजर रखी। समय पर इलाज मिलने से दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घायल युवक के स्वजन सुमन सिंह ने बताया कि अभिनव और शौरभ स्कूटी से कटौना परीक्षा देने जा रहे थे तभी संसारपुर के समीप अचानक एक कुत्ता सड़क पर आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने स्कूटी का संतुलन खो दिया, जिससे वाहन फिसल गया और दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।घटना की सूचना मिलने के बाद स्वजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## निःशुल्क हृदय जांच एवं ऑपरेशन पंजीकरण शिविर 18 को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के 'गिफ्ट ऑफ लाइफ' अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए 18 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक न्याय सदन सभागार, कैंप-2, बोकारो में निःशुल्क हृदय जांच एवं हार्ट ऑपरेशन पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। सिविल सर्जन, बोकारो डॉ. अभय भूषण प्रसाद ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं उच्चस्तरीय उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि उनका समुचित इलाज सुनिश्चित किया जा सके। डी.ई.आई.सी. मैनेजर मो. वसीम ने बताया कि इस शिविर में 0 से 18 वर्ष तक के ऐसे सभी बच्चे, जिन्हें जन्मजात हृदय रोग की समस्या है अथवा उसके लक्षण दिखाई देते हैं, निःशुल्क जांच करवा सकते हैं। जांच के उपरांत आवश्यकता अनुसार चयनित बच्चों का अमृता अस्पताल, कोच्चि (केरल) में हार्ट ऑपरेशन एवं उपचार पूरी तरह निःशुल्क कराया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार यदि किसी बच्चे को सांस लेने में कठिनाई, बार-बार निमोनिया या छाती में संक्रमण, वजन नहीं बढ़ना, शारीरिक कमजोरी, होंठ, नाखून या त्वचा का नीला पड़ना (सायनोसिस), दूध पीते समय जल्दी थक जाना अथवा दिल की धड़कन असामान्य रूप से तेज महसूस होना जैसी समस्याएं हों, तो यह जन्मजात हृदय रोग के लक्षण हो सकते हैं। ऐसे बच्चों को इस शिविर में अवश्य लाकर जांच कराएं। शिविर में पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए मो. वसीम तथा डॉ. अरविंद कुमार, मेडिकल ऑफिसर, आर बी एस के, चास से संपर्क किया जा सकता है। सिविल सर्जन, बोकारो डॉ. अभय भूषण प्रसाद ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि यदि उनके परिवार या आसपास किसी बच्चे में जन्मजात हृदय रोग के लक्षण दिखाई दें, तो इस निःशुल्क शिविर का लाभ अवश्य उठाएं।

# सोलर अपनाकर बिजली बिल करें शून्य : सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के बंशीलाल चौक, मंगल बाजार के समीप गुरुवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कार्यालय का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना के लाभों की जानकारी दी गई। योजना के फ्रेंचाइजी हेमंत कुमार ने ली हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने योजना के पहले लाभार्थी सुनील केशरी को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि घरों की छतों पर सोलर सिस्टम लगाने से बिजली बिल लगभग शून्य हो सकता है। साथ ही आवश्यकता से अधिक बिजली का उत्पादन होने पर उसे विद्युत विभाग को देकर आर्थिक लाभ भी प्राप्त किया जा सकता है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि केंद्र सरकार इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 78 हजार तक की सब्सिडी उपलब्ध करा रही है, जिससे सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाना पहले की तुलना में काफी आसान हो गया है। उन्होंने लोगों से इस जनहितकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा इसकी जानकारी अन्य लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर नीलेंदु जयपुरियार ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी को बहुत जल्द समाप्त किया जा सकता है। ऐसे में हजारीबाग के लोगों को समय रहते इस योजना का लाभ उठा लेना चाहिए। कार्यक्रम में योजना का लाभ उठाने वालों में राहुल राणा, राजीव सिन्हा, प्रभात कुमार सहित अन्य लोग शामिल रहे। वहीं समारोह में बबलू सिंह, विजय श्री, हरीश श्रीवास्तव, के.पी.ओझा, किशोरी राणा, रंजन चौधरी, सिब्रोटी चेटरजी, सुनील सिन्हा, अमरेंद्र कुमार, पंचम, विशाल, सनी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रेलवे पुलिया के नीचे सड़क की मरम्मत शुरू

**जमुई/झाझा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झाझा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत यक्षराज स्थान जाने वाले मार्ग पर खलासी मुहल्ला के समीप स्थित रेलवे पुलिया के नीचे लंबे समय से जर्जर पड़ी सड़क की मरम्मत का कार्य रेलवे की ओर से शुरू करा दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिया के नीचे सड़क काफी दिनों से क्षतिग्रस्त थी। जगह-जगह गड्ढे बनने से राहगीरों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई बार लोग असंतुलित होकर दुर्घटना का भी शिकार हुए। बारिश के दिनों में पुलिया के नीचे भारी जलजमाव होने से स्थिति और गंभीर हो जाती थी, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता था। समाजसेवी गौरव सिंह राठौड़ ने भी समस्या को लेकर कई बार रेलवे प्रशासन से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की थी।

# देसी रिवॉल्वर, कारतूस व अपाची बाइक के साथ एक गिरफ्तार

## अवैध हथियार तस्करी का खुलासा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बरही थाना क्षेत्र के रसोईयाधमना गांव से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक देसी रिवॉल्वर, दो जिंदा कारतूस, एक मिसफायर कारतूस, एंड्रॉयड मोबाइल और एक अपाची मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ़ जिले से अवैध हथियार खरीदकर हजारीबाग के विभिन्न क्षेत्रों में ऊंचे दाम पर बेचने वाला गिरोह सक्रिय है। सूचना के अनुसार गिरोह का एक सदस्य बरही थाना क्षेत्र के रसोईयाधमना गांव में हथियार और कारतूस बेचने के लिए पहुंचा हुआ था। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही राधाप्रेम किशोर के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने रसोईयाधमना में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस वाहन को देखकर एक युवक भागने लगा, जिसे पीछा कर पकड़ लिया गया।




पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने अपनी पहचान मो. आमिर सोहैल उर्फ राजा बाबू निवासी रसोईयाधमना, थाना बरही, जिला हजारीबाग के रूप में बताई। कड़ी पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों सकलैन रजा उर्फ सकलेन कुरैशी, इयरार, बाबर तथा मुनाजिर हुसैन उर्फ बबलू के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह चलाता है। गिरोह रामगढ़ जिले के भुरकुंडा थाना क्षेत्र से कम कीमत पर अवैध हथियार खरीदकर हजारीबाग के विभिन्न इलाकों में ग्राहकों को ऊंचे दाम पर बेचकर मुनाफा कमाता था। इस कार्रवाई में एसडीपीओ बरही राधाप्रेम किशोर, बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। हजारीबाग पुलिस ने कहा कि जिले में अवैध हथियार तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## चोरी मामले में तीन गिरफ्तार

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हजारीबाग पुलिस ने बड़कागांव थाना कांड संख्या 120/26 में त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना का सफल उद्भेदन किया है। थाना प्रभारी बड़कागांव के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए कांड में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में विशाल भुईयां (पिता बूटन भुईयां), विशाल भुईयां (पिता स्वर्गीय झरी भुईयां) तथा विकास भुईयां (पिता बुधन भुईयां), सभी निवासी हरिजन मोहल्ला, बड़कागांव थाना क्षेत्र, जिला हजारीबाग शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए समरसेबल, बिजली का तार एवं रस्सी बरामद कर विधिवत जब्त कर लिया।

# आदर्श ग्राम योजना से संवरेगा जमुई के 68 गांवों का भविष्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमुई।** जिले के सुदूर ग्रामीण अंचलों के व्यापक कायाकल्प तथा हाशिए पर खड़े वंचित वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में गुरुवार को समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में 'प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना' (पी.एम.-अजय) के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय योजना मूल्यांकन-सह-अभिसरण समिति की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला का मुख्य केंद्र बिंदु जिले के उन 68 चयनित गांवों का सर्वांगीण और बहुआयामी विकास रहा, जिन्हें 'आदर्श ग्राम योजना' के तहत अंगीकार कर एक नई प्रशासनिक व सामाजिक पहचान देने का संकल्प लिया गया है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने इस बात पर विशेष बल दिया कि योजना का प्राथमिक उद्देश्य गांवों का एकीकृत और ढांचागत विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि विभिन्न सरकारी विभागों के आपसी समन्वय और धरातल पर मौजूद कमियों को दूर कर इन गांवों को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी ने रेखांकित किया कि ग्रामीण जीवन के स्तर में गुणात्मक सुधार लाने के लिए निर्धारित सभी दस प्रमुख डोमेन– यथा शुद्ध पेयजल व स्वच्छता, निर्बाध विद्युत व स्वच्छ ईंधन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक कृषि पद्धतियां, सुलभ स्वास्थ्य व पोषण, सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, सुदृढ़ ग्रामीण सड़कें व पक्के आवास, वित्तीय समावेशन, हर घर तक डिजिटलाइजेशन तथा युवाओं के लिए आजीविका एवं कौशल विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए। जिला पदाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि तमाम लोक-कल्याणकारी योजनाओं का चयन पूरी तरह स्थानीय आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप ही होना चाहिए ताकि लक्षित वर्ग को इसका सीधा लाभ मिल सके। योजनाओं के चयन और क्रियान्वयन की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और सटीक बनाने के लिए एक बहुस्तरीय ढांचा तैयार किया गया है। कार्यशाला में जानकारी दी गई कि सबसे पहले सर्वे टीमों द्वारा जमीनी स्तर पर जाकर 'अजय ऐप' के माध्यम से डिजिटल डेटा संकलित किया जाएगा।

## आवास हेतु उपलब्ध होगा भूखंड

**जमुई (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पटना की सितारा योजना 2023 (उभयलिंगी व्यक्तियों का एकीकरण पुनर्वास एवं न्याय तक पहुंच योजना) के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने न्याय सदन के प्रशाल में सचिव मंजूश्री कुमारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें मलयपुर निवासी किन्नर समुदाय की मुखिया रानी किन्नर के आवेदन पर उन्हें आवास हेतु भूखंड उपलब्ध कराने को लेकर गहन मंथन किया गया। एडीएम रेवेन्यू ने वर्चुअल माध्यम से आश्वासन दिया कि एक हफ्ते के अंदर भूमि चिन्हित कर किन्नर समुदाय को आवास बनाने हेतु आवंटित किया जाएगा।

# एसआईआर के सफल संचालन को लेकर जेएसएलपीएस की दीदियों को किया गया प्रशिक्षित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के सफल संचालन एवं शत-प्रतिशत मतदाता सत्यापन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कसमार प्रखंड कार्यालय के सभागार में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की दीदियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर समाहर्ता सुनील चंद्र ने उपस्थित दीदियों को एसआईआर 2026 की प्रक्रिया, उद्देश्य एवं उनकी जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। अपर समाहर्ता सुनील चंद्र ने कहा कि जेएसएलपीएस की दीदियां गांव-गांव एवं घर-घर तक पहुंच रखती हैं। ऐसे में वे मतदाताओं को जागरूक करने, आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने तथा बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान -एसआईआर 2026 के तहत गणना प्रपत्र भरने, मतदाताओं का सत्यापन, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी, स्थानांतरित, मृत एवं नए पात्र मतदाताओं से संबंधित प्रक्रिया तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही दीदियों से अपील की गई कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में लोगों को अभियान के प्रति जागरूक करें और समय पर सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कराने में सहयोग करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा उन्हें निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का उद्देश्य एसआईआर -2026 को जनभागीदारी के माध्यम से सफल बनाना तथा जिले में शत-प्रतिशत सही एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना है।

# सिकंदरा एवं अलीगंज प्रखंड की छह जीविका पोषित सहकारी समितियों की वार्षिक आम सभा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमुई।** जिले के सिकंदरा एवं अलीगंज प्रखंड अंतर्गत कुल छह जीविका पोषित महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समितियों की वार्षिक आम सभा का आयोजन गुरुवार को उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। सिकंदरा प्रखंड अंतर्गत सहयोग, संघर्ष, सुनहरा एवं अलीगंज प्रखंड के पहल, सखी एवं दीप समितियों के कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों एवं ग्राम संगठनों से जुड़ी बड़ी संख्या में जीविका दीदियों ने भाग लेकर सहकारी समितियों की गतिविधियों की समीक्षा की तथा आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया। सिकंदरा प्रखंड के लछुआर स्थित संघर्ष जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा का उद्घाटन समिति की अध्यक्ष सुनीता देवी एवं बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक सुजीत कुमार के द्वारा सयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में जीविका जिला कार्यालय से प्रबंधक संचार सुनीता कुमारी एवं जीविका की प्रखंड इकाई से टिंकू कुमार, सीताराम कुमार, मीना पासवान सहित जीविका कैडर्स एवं दीदियाँ मौजूद थी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष दीदी सुनीता कुमारी के द्वारा की गई एवं पूरे कार्यक्रम का संचालन जीविका मित्र निशा कुमारी के द्वारा की गई। आम सभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक प्रतिवेदन, अंकेक्षण प्रतिवेदन, आय-व्यय, लाभ-हानि एवं सभी प्रकार का खाता बही सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वहीं आगामी वर्ष 2026-27 के लिए वार्षिक कार्य योजना और बजट प्रस्तुत किया गया। योजना में नए समूह का गठन, जीविकोपार्जन को बढ़ावा, बैंक लिंकेज, बीमा और दीदियों का क्षमता निर्माण शामिल है। संघर्ष समिति से जुड़ी सुनैना देवी, गौरी देवी, मीनता देवी देवी ने जीविका से जुड़कर अपनी सफलता की कहानी को साझा की। उन्होंने बताया कि जीविका के माध्यम से उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण के साथ आत्मविश्वास एवं सामाजिक पहचान भी मिली है। जीविका के डीपीए संजय कुमार एवं बीपीएम अलीगंज मृत्युंजय कुमार भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में दीदियों ने अपना समूह से संकुल संघ तक का सफर साझा किया। उन्होंने बताया कि जीविका से जुड़कर उन्हें पैसे के लेन-देन, बैंक लिंकेज, जीविकोपार्जन में कितनी मदद मिली। कई दीदियों ने मुर्गी पालन, सब्जी उत्पादन, सिलाई और छोटी दुकान से अपनी आमदनी बढ़ाई है।

# ऊर्जा आत्मनिर्भरता से तैयार होगा बिहार में औद्योगिक निवेश का माहौल : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमुई।** गुरुवार को केंद्रीय मंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीकरणीय ऊर्जा की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एक अत्यंत महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस उच्च स्तरीय बैठक में जिलाधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में नवीकरणीय ऊर्जा की अपरिहार्यता और इसके बढ़ते महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा सुरक्षा के दृष्टिकोण से हरित ऊर्जा को भविष्य की मुख्य आवश्यकता बताया और साथ ही केंद्र सरकार द्वारा इसे बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए दी जा रही विभिन्न आवश्यक छूटों तथा रियायतों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात, माननीय मंत्री द्वारा जिलेवार प्रगति रिपोर्ट की गहन समीक्षा की गई और प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित किए गए सभी लक्ष्यों को एक निश्चित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूर्ण करने का कड़ा निर्देश दिया गया। इस बैठक में केंद्र सरकार की नवीकरणीय ऊर्जा से संबंधित महत्वाकांक्षी और जन-कल्याणकारी योजनाओं जैसे पीएम कुसुम योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना तथा पीएम कुटीर ज्योति योजना के प्रभावी उपयोग और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में यह बात रेखांकित की गई कि निर्धारित समय सीमा के भीतर इन लक्ष्यों को प्राप्त करने से न केवल पारंपरिक ऊर्जा पर हमारी निर्भरता में भारी कमी आएगी, बल्कि ग्रामीण जीवन के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ कृषि क्षेत्र और किसानों की आर्थिक समृद्धि में भी अभूतपूर्व वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त, हरित ऊर्जा के दायरे को बढ़ाने की दिशा में सभी संबंधित अधिकारियों को एक सुदृढ़ और दूरदर्शी कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि बिहार में औद्योगिक निवेश के लिए एक आदर्श और सुरक्षित वातावरण तैयार करने में ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना बेहद आवश्यक है। इसी दूरगामी सोच के साथ, माननीय मंत्री ने निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले में नवीकरणीय ऊर्जा के विकास हेतु आवश्यक कार्य योजना का निर्माण किया जाए और उसका धरातल पर क्रियान्वयन हर हाल में तय समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए ताकि राज्य औद्योगिक और आर्थिक विकास की नई ऊंचाइयों को छू सके।

# जर्जर बिजली तार बदलने को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई/झाझा।** झाझा नगर क्षेत्र के चर्घरा मोहल्ले में जर्जर बिजली तारों को बदलने की मांग को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों पुराने और जर्जर तारों के कारण अक्सर शार्ट सर्किट की घटनाएं होती रहती हैं, जिससे आग लगने का खतरा बना रहता है। प्रदर्शन में शामिल पिंटू कुमार, जितेंद्र कुमार, करण कुमार, राजन कुमार समेत अन्य लोगों ने बताया कि गुरुवार को भी बिजली तार में अचानक आग लग गई। समय रहते लोगों ने सतर्कता दिखाई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जर्जर तारों को बदलने की मांग कई बार बिजली विभाग से की गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। उनका कहना है कि तारों की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कभी भी तार टूटकर गिर सकता है, जिससे जान-माल का नुकसान हो सकता है। कनीय विद्युत अभियंता आदित्य कुमार ने बताया कि तार में आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल विद्युत आपूर्ति बंद कर तकनीकी कर्मियों को भेजा गया।

# किसानों को वैज्ञानिक खेती व सामूहिक विपणन की दी गई जानकारी

## पहसारा में कृषि उत्पादन क्लस्टर प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के पहसारा पूर्वी पंचायत में कृषि विभाग की ओर से एक दिवसीय कृषि उत्पादन क्लस्टर (एग्रीकल्चर प्रोडक्शन क्लस्टर) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में किसान, जीविका दीदियां, किसान प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को संगठित कर वैज्ञानिक एवं योजनाबद्ध खेती को बढ़ावा देना, सामूहिक उत्पादन की अवधारणा को मजबूत करना तथा उत्पादन से लेकर विपणन तक की आधुनिक जानकारी उपलब्ध कराना था। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को बताया गया कि कृषि उत्पादन क्लस्टर के तहत एक निश्चित क्षेत्र में एक ही प्रकार की फसल का वैज्ञानिक तरीके से उत्पादन किया जाएगा। इससे खेती की लागत में कमी आएगी, उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा किसानों को अपनी उपज का बेहतर बाजार और उचित मूल्य मिल सकेगा। साथ ही बीज, उर्वरक, कीटनाशक एवं अन्य कृषि आदानों की सामूहिक खरीद से लागत घटेगी और समय पर आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक एसएमएस शिवचंद्र कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में केवल अधिक उत्पादन करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि बाजार की मांग के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण फसल तैयार करना और उसकी बेहतर मार्केटिंग भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने किसानों को उन्नत बीजों के चयन, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, फसल विविधीकरण तथा समय पर कृषि कार्य करने के वैज्ञानिक तरीकों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि किसान समूह बनाकर एकीकृत रूप से खेती करेंगे तो उन्हें सरकारी योजनाओं, तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण, आधुनिक कृषि उपकरणों तथा बाजार से जुड़ने के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने पंचायत स्तर पर मजबूत माइक्रो प्रोडक्शन एरिया विकसित करने पर बल देते हुए कहा कि इससे क्षेत्र की कृषि को नई दिशा मिलेगी और किसानों की आय में स्थायी वृद्धि संभव होगी। प्रशिक्षण के दौरान कृषि उत्पादों की ग्रेडिंग, पैकेजिंग, भंडारण एवं विपणन की आधुनिक तकनीकों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। किसानों को बताया गया कि गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार कर सही समय पर उपयुक्त बाजार तक पहुंचाने से उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल सकता है। साथ ही किसान उत्पादक समूहों के गठन एवं सामूहिक विपणन के लाभों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शामिल किसानों ने कृषि उत्पादन क्लस्टर की अवधारणा की सराहना करते हुए इसे पंचायत स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने की सहमति जताई। किसानों ने वैज्ञानिक खेती अपनाने, सामूहिक प्रयासों से उत्पादन बढ़ाने तथा कृषि को अधिक लाभकारी बनाने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों से अपने-अपने गांवों में अधिक से अधिक किसानों को इस पहल से जोड़ने का आह्वान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन कृषि विकास एवं किसान समृद्धि के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# अंतरजिला वाहन चोर गिरोह के सरगना छोटू राय के साथ तीन गिरफ्तार

## चोरी की बाइक खरीदने वाला कबाड़ी दुकानदार भी धराया



### पुलिस को मिली उपलब्धि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** वैशाली पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले अंतरजिला गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए कुख्यात चोर छोटू राय सहित तीन को गिरफ्तार कर कर लिया है। साथ ही पुलिस ने चोरी की बाइक खरीदने वाले एक कबाड़ी दुकानदार को भी गिरफ्तार किया है जो इस गिरोह से चोरी की बाइक खरीदता था। एसपी ने बताया कि वैशाली और लालगंज थाना क्षेत्र में लगातार बाइक चोरी की घटनाएं घट रही थी। लिहाजा दोनो ही थानाध्यक्ष के साथ एक टीम का गठन किया गया था जिस टीम ने टेक्निकल और मानवीय सूचना के आधार पर वैशाली थाना क्षेत्र से छोटू राय कक गिरफ्तार किया जिसकी निशानदेही पर चोरी की बाइक बरामद की गई और अन्य लोगो की गिरफ्तारी हुई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार छोटू राय पर चोरी और लूट के 4 मामले विभिन्न थाना में दर्ज है और यह आस पास के जिले में भी सक्रिय था। बहरहाल इस गिरोह के उद्भेदन से पुलिस ने राहत की सांस ली है।

## एक नजर

### पीएचसी का सिविल सर्जन ने किया निरीक्षण

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार एवं जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. गोपाल मिश्रा डॉ राजू ने अचानक बरौनी स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। दोपहर में हुए इस औचक निरीक्षण से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्था में भारी लापरवाही देखने को मिली। सिविल सर्जन ने इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। इस दौरान गर्भवती तथा धात्री महिलाओं के जांच स्थल और संबंधित रजिस्टरों की गहनता से जांच की गई। अस्पताल के सभी काउंटरों की कार्यप्रणाली को देखा गया। कमियों को लेकर सीएचओ को मौके पर ही कड़ी हिदायत दी गई। अस्पताल की व्यवस्था में जो भी कमियां पाईगई हैं।

### 'सखी वार्ता' जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला महिला एवं बाल विकास निगम अंतर्गत जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के तत्वावधान में गुरुवार को बाल विकास परियोजना मंसूरचक क्षेत्र के कस्तूरबा विद्यालय एवं 10+2 परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, मंसूरचक में सखी वार्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं महिला-सशक्तिकरण से संबंधित विषयों पर छात्राओं को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह निषेध, वन स्टॉप सेंटर, साइबर क्राइम, नशा मुक्ति तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा वन स्टॉप सेंटर हेल्पलाइन नंबर 181 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि आवश्यकता पड़ने पर छात्राएं इन सेवाओं का लाभ उठा सकें।कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मो. मेहताब ग्यास, जिला मिशन समन्वयक, डीएचईडब्ल्यू राज कुमार सिन्हा, केस वर्कर, वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) मनी भूषण मिश्रा तथा वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ संजीत कुमार ने उपस्थित छात्राओं को विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### संकट मोचन हनुमान कलयुग के जागृत भगवान

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हनुमान जी की महिमा अपरंपार है। कलियुग में सबसे जागृत और शीघ्र फल देने वाले देवता संकटमोचन हनुमान जी हैं। उक्त बातें बिक्रम के पंचमुखी हनुमान जी के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान प्रवचन में कही। उन्होंने कहा कि हनुमान जी को 'संकटमोचन', 'बजरंगबली', 'पवनपुत्र' और 'महावीर' के नाम से जाना जाता है। वे भगवान शिव के 11वें रुद्रावतार हैं। माता अंजनी और केसरी नंदन हनुमान जी अजर-अमर हैं और आज भी धरती पर विद्यमान है। स्वामी जी ने बताया कि रावण के भाई अहिरावण को हराने के लिए हनुमान जी ने पंचमुखी रूप धारण किया था। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व मुख हनुमान - शत्रुनाशक ,दक्षिण मुख नरसिंह - भय नाशक, पश्चिम मुख गरुड़ - विष और रोग नाशक, उत्तर मुख वराह - संपत्ति दायक एवं ऊर्ध्व मुख हयग्रीव - विद्या दायक हैं।

### इफको ने धान की एमटी 7029 किस्म का किया ट्रायल

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उर्वरक कंपनी इफको ने बिक्रम के बाघाकोल में प्रगतिशील किसान रामजीत शर्मा के खेत में धान किस्म एमटी 7029 पर ट्रायल शुरू किया। प्रक्रिया का शुरूआत इफको के क्षेत्र अधिकारी मनीष कुमार एवं फील्ड स्टाफ अंकित, पिंटू द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि ट्रायल के आगे की प्रक्रिया भी इसी प्लॉट पर की जाएगी। वैज्ञानिकों ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों की खपत कम करके लागत घटाना, उपज बढ़ाना व मिट्टी की सेहत सुधारना इसका उद्देश्य है।

# सीओ एवं आरओ का सम्मान समारोह

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचलाधिकारी स्वयं प्रभा एवं राजस्व अधिकारी मनीष कुमार के स्थानांतरण पर विक्रम प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ पंकज कुमार के नेतृत्व में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी शशांक शेखर ने किया। समारोह में बीईओ रवि कान्त शर्मा, सीडीपीओ अर्चना कुमारी, राजस्व कर्मचारी साकेत कुमार, निरंजन कुमार, शिक्षक दिनेश कुमार, सुरेश वर्मा,मिथिलेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार, पंचायत समिति सदस्य संजय कुमार, पप्पू साव सहित कई अधिकारी ,कर्मी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में दोनों पदाधिकारियों को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित कर विदाई दी गई।

# होटल लिच्छवी विहार के विकास को लेकर होटल मौर्या और पर्यटन विकास निगम के बीच समझौता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के प्रतिष्ठित आतिथ्य संस्थान होटल मौर्या, पटना ने अपनी गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाते हुए उत्तर बिहार में विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। इसी क्रम में होटल मौर्या एवं बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के बीच मुजफ्फरपुर स्थित होटल लिच्छवी विहार के विकास, संचालन एवं प्रबंधन को लेकर समझौता संपन्न हुआ। इस अवसर पर बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। होटल मौर्या वर्षों से बिहार की आतिथ्य परंपरा का एक विश्वसनीय और प्रतिष्ठित नाम रहा है। अब उत्तर बिहार में अपने विस्तार के साथ होटल मौर्या क्षेत्र में पर्यटन, बेहतर आतिथ्य




सेवाओं, रोजगार सृजन तथा आर्थिक गतिविधियों को नई गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। होटल लिच्छवी विहार के आधुनिक विकास से मुजफ्फरपुर सहित पूरे उत्तर बिहार के पर्यटन को नई पहचान मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बिहार सरकार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार द्वारा पर्यटन योजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। होटल मौर्या और बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की यह साझेदारी उत्तर बिहार के पर्यटन विकास को एक नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक समझौता नहीं, बल्कि विश्वास, पारदर्शिता, सहयोग और विकास के प्रति साझा संकल्प का प्रतीक है। होटल मौर्या के प्रबंध निदेशक आदित्य प्रकाश सिन्हा ने कहा कि होटल मौर्या की पहचान केवल एक होटल ब्रांड के रूप में नहीं, बल्कि बिहार की आतिथ्य संस्कृति के प्रतीक के रूप में रही है। होटल लिच्छवी विहार के विकास के माध्यम से हमारा लक्ष्य उत्तर बिहार में विश्वस्तरीय आतिथ्य सेवाएं उपलब्ध कराना, पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं आर्थिक अवसरों का सृजन करना है। होटल मौर्या, पटना के कार्यकारी निदेशक बी डी सिंह ने कहा कि होटल मौर्या की विरासत उत्कृष्ट आतिथ्य सेवा और गुणवत्ता पर आधारित रही है। उत्तर बिहार में हमारा यह विस्तार केवल एक व्यावसायिक पहल नहीं, बल्कि राज्य के पर्यटन और आतिथ्य उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के साथ मिलकर हम होटल लिच्छवी विहार को विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित करेंगे, जिससे पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। समारोह में पर्यटन विभाग, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, होटल मौर्या के वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को बिहार के पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक, दूरदर्शी एवं ऐतिहासिक कदम बताया।

# कंटेनर से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरौनी।** फुलवरिया थाना क्षेत्र केनगर परिषद मालती अंतर्गत एनएच 28 के पास पुलिस ने बुधवार की रात एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने सड़क के किनारे लावारिस हालत में खड़ी ट्रक कंटेनर गाड़ी को जब्त किया है, जिसके अंदर से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई है। गुप्त सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात फुलवरिया थाना अध्यक्ष विजय कुमार साहनी को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष ने एसआई शोभा कुमारी को दलबल के साथ मौके पर भेजा। पुलिस टीम ने जब एनएच 28 मालती के नजदीक पहुंचकर छानबीन की, तो वहां एक बंद बोगी ट्रक कंटेनर गाड़ी लावारिस हालत में खड़ी मिली। पुलिस ने तुरंत गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया और उसे थाने ले आई।गाड़ी से 2994 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद थाने लाकर जब मैजिक गाड़ी की तलाशी ली गई, तो पुलिस के भी होश उड़ गए। गाड़ी के अंदर गुप्त रूप से छुपाकर रखी गई 'मैजिक मोमेंट' कंपनी की कुल 2994 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जब्त की गई गाड़ी का नंबर डउ 25क 5161 बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष 'मामले की गंभीरता को देखते हुए कांड संख्या 159/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। शराब तस्करी के इस नेटवर्क का पता लगाने के लिए गाड़ी के नंबर के आधार पर मालिक और तस्करों की तलाश की जा रही है। पुलिस सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

# स्वामी विवेकानंद के जीवन और दर्शन पर विशेष संगोष्ठी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस सह राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर राजकीय डिग्री महाविद्यालय, बांक डंडारी के परिसर में स्वामी विवेकानंद जी का जीवन और दर्शन विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने स्वामी जी के विचारों को वर्तमान समय में युवाओं के लिए सबसे बड़ा मार्गदर्शक बताया। इस ऐतिहासिक अवसर पर परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृहद पैमाने पर पौधारोपण भी किया गया, जिसके जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत राजकीय डिग्री महाविद्यालय डंडारी के प्राचार्य डॉ. शशिकांत पांडे, उच्च माध्यमिक +2 विद्यालय बांक की प्राचार्य डॉ. प्रेमा कुमारी, एबीवीपी बेगूसराय के पूर्व विभाग प्रमुख विजेंद्र कुमार और एबीवीपी उत्तर बिहार के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दयानिधान गिरी ने संयुक्त रूप से भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर किया। डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शशिकांत पांडे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार और उनका दर्शन आज के आधुनिक दौर में भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। युवाओं को भटकाव से बचकर राष्ट्र निर्माण के कार्यों में अपनी ऊर्जा लगानी चाहिए। वहीं, +2 विद्यालय बांक की प्राचार्य डॉ. प्रेमा कुमारी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वामी जी का जीवन एक जीवंत संदेश है। छात्रों को उनके 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' के महामंत्र को अपने जीवन में उतारना चाहिए। एबीवीपी के पूर्व विभाग प्रमुख विजेंद्र कुमार और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दयानिधान गिरी ने परिषद के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एबीवीपी केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की एक अनवरत पाठशाला है, जो स्थापना काल से ही छात्रों में राष्ट्रवाद और चरित्र निर्माण की भावना भर रहा है। स्वामी विवेकानंद के सपनों का भारत बनाने की जिम्मेदारी आज के विद्यार्थियों पर है। स्थापना दिवस को यादगार और प्रकृति संरक्षण से जोड़ने के लिए अतिथियों, और कार्यकर्ताओं ने मिलकर कॉलेज परिसर में बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। वक्ताओ ने कहा कि स्वामी जी के विचारों पर चलने का मतलब प्रकृति, समाज और देश की हर स्तर पर रक्षा करना है। कार्यक्रम के समापन सत्र में एबीवीपी डंडारी के नगर मंत्री दिवेश कुमार ने सभी अतिथियों, और बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि परिषद हमेशा से छात्र हितों और राष्ट्रहित के मुद्दों पर मुखर रही है।

# 'शक्ति संवाद' कहलगांव अनुमंडल की बेटियों के सशक्तिकरण की ऐतिहासिक पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले के कहलगांव अनुमंडल प्रशासन की ओर से विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर बालिकाओं के समग्र विकास, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से शक्ति संवाद नामक एक अभिनव एवं संस्थागत अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। कहलगांव अनुमंडल मुख्यालय अवस्थित शारदा पाठशाला के परिसर मे आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय द्वारा किया जाएगा। शक्ति संवाद केवल एक दिवसीय कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि कहलगांव अनुमंडल के सभी 84 उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय में एक महिला पदाधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर छात्राओं से खुला संवाद करेंगी तथा उन्हें जीवन कौशल, अधिकारों एवं भविष्य निर्माण से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन देंगी। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह, मासिक धर्म स्वच्छता, एनीमिया एवं पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, लैंगिक समानता, महिला अधिकार, साइबर सुरक्षा, सुरक्षित व्यवहार, करियर मार्गदर्शन, कौशल विकास तथा आर्थिक सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही सभी छात्राओं को आयरन टैबलेट उपलब्ध कराई जाएगी, हीमोग्लोबिन जांच कराई जाएगी तथा एनीमिया से बचाव एवं संतुलित पोषण के प्रति विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम से पूर्व व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चलाया गया। 9 जुलाई को सभी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बाल विवाह उन्मूलन विषयक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जबकि 10 जुलाई को प्रभात फ़ेरियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। उद्घाटन समारोह में चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा तथा बाल विवाह के विरुद्ध सामूहिक शपथ भी दिलाई जाएगी। बाल विवाह उन्मूलन को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों, पुजारियों, काजी, पंडित, मौलवी, विवाह भवन संचालकों, डीजे संचालकों, टेंट व्यवसायियों, कार्ड प्रिंटर्स, वाहन संचालकों तथा अन्य संबंधित हितधारकों के साथ बैठक आयोजित कर उनसे बाल विवाह नहीं कराने का संकल्प लिया गया तथा बांड/प्रतिज्ञा पत्र भरवाए गए। जीविका दीदियों को भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया है।

# पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था) सह प्रभारी जिलाधिकारी राकेश रंजन ने आज जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में जिले में संचालित पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं की प्रगति, संचालन, अनुरक्षण, गुणवत्ता तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके अलावा जलापूर्ति योजनाओं की प्रगति, पंप ऑपरेटर एवं अनुरक्षकों के मानदेय भुगतान, विद्युत विपत्रों के भुगतान, पेयजल संबंधी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन, जल गुणवत्ता




की नियमित निगरानी, हर घर जल योजना के प्रमाणीकरण, सुजलम भारत डाटाबेस, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्यान्वयन योजना की भी समीक्षा हुई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 24,000 व्यक्तिगत शौचालयों के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 10,952 लाभार्थियों को भुगतान किया जा चुका है। शेष लाभार्थियों की जियो-टैगिंग एवं भुगतान की प्रक्रिया जारी है, जिसे अगले दो माह में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही 10 सामुदायिक स्वच्छता परिसरों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रभावी अनुपालन पर विशेष बल दिया गया। इसके तहत प्रत्येक घर में चार प्रकार के कचरे (गीला, सूखा, मेडिकल एवं बायो-हैजार्डस अपशिष्ट) के पृथक्करण की व्यवस्था लागू करने की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि जिले की लगभग 25 प्रतिशत ग्राम पंचायतों में यह व्यवस्था लागू की जा चुकी है तथा शेष पंचायतों में अगले एक माह के भीतर अतिरिक्त डस्टबिन उपलब्ध कराकर इसे पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

बैठक में अपर समाहर्ता (विधि-व्यवस्था) श्री राकेश रंजन, अपर समाहर्ता सह उप विकास आयुक्त दिनेश राम, डीआरडीए निदेशक श्री दुर्गा शंकर, डीआरडीए निदेशक (एनईपी) श्री अमर कुमार मिश्रा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) सहित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन से जुड़े विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कार्यान्वयन एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बीपीएससी में चयनित एसडीएम सूरज का स्वागत

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड के नावकोठी पंचायत निवासी 70वीं बीपीएससी प्रतियोगिता परीक्षा में चयनित होकर एसडीएम बने क्षेत्र के होनहार पुत्र सूरज कुमार का शुक्रवार को नावकोठी में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, बुद्धिजीवियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नावकोठी मुख्यालय स्थित द्वारिका पैलेस में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, एपीएस प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य विभाकर कुमार तथा मध्य विद्यालय नावकोठी के प्रधानाध्यापक गणेश झा सहित कई शिक्षकों ने अतिथि के रूप में पहुंचे एसडीएम सूरज कुमार का स्वागत किया।समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सूरज कुमार की सफलता पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके मार्गदर्शन से गांव के बच्चे भी उच्च लक्ष्य निर्धारित कर सफलता प्राप्त करेंगे। वक्ताओं में डॉ. अरविंद कुमार, विभाकर कुमार, बीरेन्द्र कुमार सिंह, रामस्वरूप साह, राम नारायण दिवाकर, डॉ. राजेन्द्र शर्मा, विश्वनाथ दास, अरुण मालाकार, इमरोज राणा, मनोज सिंह एवं मुखिया राष्ट्रपति कुमार सहित अन्य लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शिक्षकों ने सौंपा 12 सूत्री मांग पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई/गिद्धौर।** बिहार विशिष्ट अध्यापक प्रधान शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद कौशल सिंह के नेतृत्व में एक जिलास्तरीय शिष्टमंडल ने जमुई के नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी धनंजय कुमार पासवान से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर शिष्टमंडल के द्वारा डीईओ धनंजय कुमार पासवान, डीपीओ शोभा कांत व महेश कुमार को अंग वस्त्र, बुके और माला भेंट कर गर्मजोशी से सम्मानित कर भव्य स्वागत किया गया और जिले में उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस मुलाकात के दौरान संघ के द्वारा नवपदस्थापित डीईओ एवं डीपीओ को जमुई जिले के सभी कोटि के शिक्षकों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं से संबंधित एक 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर उपस्थित संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष रवि यादव, जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पासवान एवं शिक्षक प्रतिनिधियों ने पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई है कि नए डीईओ व डीपीओ के कुशल एवं संवेदनशील नेतृत्व में शिक्षकों की इन सभी लंबित समस्याओं का शीघ्र और सकारात्मक समाधान जरूर किया जाएगा। शिष्टमंडल में प्रदेश कोषाध्यक्ष रवि यादव, जमुई के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पासवान, जिला महासचिव मुरारी शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष राजीव वर्णवाल आदि थे।

# बरहट में 'सखी वार्ता' कार्यक्रम का आयोजन

**जमुई।** महिला एवं बाल विकास निगम के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन,जमुई द्वारा आज स्व0 शुक्रदास यादव मेमोरियल राजकीय उच्च विद्यालय, बरहट में 'सखी वार्ता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों एवं छात्राओं को शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, कानूनी अधिकारों तथा सरकार द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मिशन शक्ति के तहत संबल, सामर्थ्य, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन-181 और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह व दहेज निषेध, घरेलू हिंसा से संरक्षण और लैंगिक समानता पर चर्चा की गई। छात्राओं को आपातकालीन स्थितियों में चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, आपातकालीन सेवा-112, पुलिस सहायता-100 और साइबर हेल्पलाइन-1930 का निःसंकोच उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक मुकेश कुमार ने छात्राओं को अपने अधिकारों को जानकर आत्मविश्वासी बनने की सीख दी, जबकि वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ विकाश कुमार ने डिजिटल बैंकिंग, सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन और साइबर अपराध से बचाव के तरीके साझा किए।

# औरंगाबाद में 150 मेगावाट सोलर पार्क को हरी झंडी

- दो साल में तैयार होगा सोलर पार्क
- बारून के मेह और शेखपुरा में विकसित होगी बिहार की महत्वाकांक्षी परियोजना
- बैटरी ऊर्ज़ा भंडारण प्रणाली से पीक आवर्स में भी मिलेगी निर्बाध बिजली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले को स्वच्छ ऊर्ज़ा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मिलने जा रही है। बारून प्रखंड के मेह और शेखपुरा गांव में प्रस्तावित 150 मेगावाट ग्रिड-संलग्न सोलर पार्क तथा 40 मेगावाट क्षमता एवं 160 मेगावाट-घंटा बैटरी ऊर्ज़ा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्रालय से 15 अप्रैल 2026 को सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त कर चुकी इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके पूरा होने के बाद औरंगाबाद न केवल बिहार के प्रमुख सौर ऊर्ज़ा केंद्रों में शामिल होगा, बल्कि राज्य की ऊर्ज़ा व्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी। नवीकरणीय ऊर्ज़ा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए गुरुवार को केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्री और मुख्यमंत्री की संयुक्त अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में औरंगाबाद की जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए। समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, पीएम कुसुम योजना, यूएलए योजना, सौर ऊर्ज़ा परियोजनाओं तथा बैटरी ऊर्ज़ा भंडारण प्रणाली सहित राज्य में संचालित विभिन्न नवीकरणीय ऊर्ज़ा योजनाओं की प्रगति का विस्तार से आकलन किया गया। स्वच्छ, सस्ती और विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में चल रहे प्रयासों पर भी व्यापक चर्चा हुई। बैठक में बारून प्रखंड के मेह और शेखपुरा गांव में प्रस्तावित 150 मेगावाट क्षमता के ग्रिड-संलग्न सोलर पार्क तथा 40 मेगावाट क्षमता और 160 मेगावाट-घंटा बैटरी ऊर्ज़ा भंडारण प्रणाली परियोजना को शीघ्र गति से आगे बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों को परियोजना से संबंधित सभी तकनीकी, प्रशासनिक और आधारभूत प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए ताकि निर्धारित अवधि के भीतर निर्माण कार्य पूरा किया जा सके। बैठक में बताया गया कि इस परियोजना का विकास बिहार स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने के लिए बीएसपीजीसीएल ने सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेकी) को परामर्शी एजेंसी नियुक्त किया है। विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन में तकनीकी व्यवहार्यता, वित्तीय प्रबंधन, पर्यावरणीय प्रभाव, भूमि विकास, ट्रांसमिशन कनेक्टिविटी, बैटरी ऊर्ज़ा भंडारण प्रणाली तथा अन्य सभी आवश्यक पहलुओं को शामिल किया जाएगा, ताकि परियोजना का क्रियान्वयन आधुनिक मानकों के अनुरूप हो सके। बैटरी ऊर्ज़ा भंडारण प्रणाली इस परियोजना की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में शामिल होगी। यह प्रणाली दिन के समय सौर संयंत्र से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली को सुरक्षित रखेगी और शाम के समय, जब बिजली की मांग अधिक होती है, तब उसी ऊर्ज़ा का उपयोग कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। इससे विद्युत ग्रिड की विश्वसनीयता बढ़ेगी, बिजली आपूर्ति अधिक संतुलित होगी और नवीकरणीय ऊर्ज़ा के बेहतर उपयोग का मार्ग प्रशस्त होगा। बैठक के बाद जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को भूमि उपलब्धता, आधारभूत संरचना के विकास, अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने तथा अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना औरंगाबाद ही नहीं बल्कि पूरे बिहार में स्वच्छ ऊर्ज़ा, ऊर्ज़ा सुरक्षा और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी।



# जनभागीदारी से जुड़ा है टीबी उन्मूलन अभियान

## जिले में लगभग छह लाख लोगों की टीबी स्क्रीनिंग का लक्ष्य : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा हेतु समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में लगभग छह लाख लोगों की टीबी स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों की जांच कराकर संभावित टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान की जाए तथा उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील वर्गों में विशेष अभियान चलाकर स्क्रीनिंग कार्य को और प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रत्येक स्तर पर समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, आरबीएसके टीम, आशा कार्यकर्ता तथा जीविका समूहों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए घर-घर स्क्रीनिंग एवं संदिग्ध मरीजों की पहचान का कार्य तेज किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा कार्य में शिथिलता बरतने वालों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने टीबी मरीजों को आवश्यक पोषण सहायता उपलब्ध कराने पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सीएसआर के अंतर्गत बीआरबीसीएल एवं एनपीजीसीएल के सहयोग से टीबी मरीजों को अधिकतम पोषण सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया कि संबंधित स्वास्थ्य प्राधिकरण से आवश्यक स्वीकृति प्राप्त कर सभी टीबी मरीजों को उपलब्ध योजनाओं एवं सुविधाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम नहीं बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा एक महत्वपूर्ण अभियान है। सभी संबंधित विभागों एवं संस्थाओं के समन्वित प्रयास से ही जिले को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को समय पर प्राप्त किया जा सकेगा। बैठक में सिविल सर्जन, डीपीएम, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अंबा थाना क्षेत्र स्थित एरका सिंचाई कॉलोनी में गुरुवार को विद्युत करंट की चपेट में आने से एक 21 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रिसियप थाना क्षेत्र के बभंडीह गांव निवासी गणेश साव के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रोहित कुमार अपने बड़े भाई के साथ काम पर जाने के लिए निकला था। इसी दौरान एरका सिंचाई कॉलोनी के पास वह करंट की चपेट में आ गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उसे बचाने का प्रयास किया और गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचे कुछ लोगों ने बताया कि कॉलोनी स्थित आईटीआई कॉलेज में काम करने के दौरान युवक करंट के चपेट में आ गया था जिसके कारण झुलस कर उसकी मौत हो गई जबकि कुछ लोगों का कहना है कि कॉलेज के बाहर कहीं बिजली का काम कर रहा था तभी करंट की चपेट में आया था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। इस घटना से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं आसपास मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

# चलती ट्रेन से गिरकर महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चलती ट्रेन से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। घटना सदर प्रखंड क्षेत्र के फ़ेसर रेलवे स्टेशन के समीप की है। मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के बनाही गांव निवासी जितेंद्र चौधरी की पत्नी उषा देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार उषा देवी इलाज कराने के लिए गांव की एक अन्य महिला के साथ गयाजी जा रही थीं। दोनों फ़ेसर स्टेशन पहुंचीं और ट्रेन पर चढ़ने लगीं तभी उषा देवी का मोबाइल प्लेटफॉर्म पर गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मोबाइल उठाने के प्रयास में उषा देवी ट्रेन से नीचे उतरने लगीं। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गईं। हादसे में उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद यात्रियों और स्थानीय लोगों ने तत्काल महिला को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# विशेष अभियान में 38 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 16 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में 9, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 7 तथा अन्य मामलों में 22 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 322 लीटर देसी शराब, 1 बाइक एवं 1 कार बरामद किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1070 वाहनों की जांच की गई जिसमें 42500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। साइबर पुलिस ने 62426 रूपये रिकवर किया है। इसके अलावा 111 वारंट एवं 8 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पुलिस ने साइबर ठगी के 22 हजार रूपये लौटाए

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** साइबर ठगों ने औरंगाबाद के सचिन कुमार को निशाना बनाते हुए उसके बैंक खाते से रुपये निकाल लिये। रुपये कटने की जानकारी मिलते ही युवक ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और इसके बाद साइबर थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया। इसके बाद पूरे मामले की लिखित शिकायत साइबर थाना में भी दी। सचिन के अनुसार साइबर ठगों ने उन्हें विश्वास में लेकर फ्रॉड कर लिया। पुलिस ने तत्परता से पहले बैंक खाता को फ्रीज करवाया। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई। पुलिस के अनुसार, आवेदन प्राप्त होने के बाद मामले की जांच शुरू की गई तथा जरूरी कार्रवाई के बाद युवक को 22000 रूपये वापस लौटाए गए। पुलिस की इस कार्रवाई पर युवक ने राहत जताते हुए टीम के प्रति आभार जताया है।

# सीएमआर आपूर्ति में औरंगाबाद सूबे में 31वें पायदान पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें धान अधिप्राप्ति, सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) आपूर्ति एवं भुगतान की समीक्षा की गई। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि धान अधिप्राप्ति वर्ष 2025-26 में जिले को 1,80,902 मीट्रिक टन धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य प्राप्त हुआ था तथा किसानों को शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है। जिले को लगभग 1,23,810 मीट्रिक टन सीएमआर की आपूर्ति करनी है, जिसके विरुद्ध अब तक 1,05,241 मीट्रिक टन (लगभग 85 प्रतिशत) सीएमआर की आपूर्ति की जा चुकी है। अरवा सीएमआर की लगभग 95 प्रतिशत तथा उसना सीएमआर की लगभग 82 प्रतिशत आपूर्ति पूर्ण हुई है। वर्तमान में सीएमआर आपूर्ति के आधार पर औरंगाबाद जिला राज्य में 31वें स्थान पर है। प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि तीन दिनों के भीतर सीएमआर आपूर्ति में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित करें, अन्यथा संबंधितों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। विशेष रूप से ओबरा, रफीगंज एवं गोह प्रखंडों की धीमी प्रगति पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। बैठक में बारून के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सरोज कुमार तथा नवीनगर के धीरज कुमार मिश्रा के बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।




# तेज रफ्तार ट्रक से टकराई टोटो, 10 लोग घायल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बारून थाना क्षेत्र के जोगिया और प्रीतमपुर गांव के बीच में टोटो तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गई। हादसे में टोटो के परखच्चे उड़ गए और 10 लोग घायल हो गए जिसमें तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी एक की परिवार के सदस्य हैं। जानकारी के अनुसार, रोहतास जिले के अकोढ़ी गोला निवासी एक ही परिवार के सदस्य और रिश्तेदार अलीनगर में आयोजित वलीमा (रिसेप्शन) समारोह में शामिल होने आए थे। पार्टी के बाद सभी लोग एक ही गाड़ी पर सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में टोटो की टक्कर ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे। राहत और बचाव कार्य शुरू किया। एंबुलेंस से घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। तीन गंभीर घायलों समेत सभी को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल गयाजी रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही बारून थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# लोगों को बेहतर सुरक्षा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस सभागार में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में अपराध नियंत्रण, लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, कानून-व्यवस्था की स्थिति तथा प्रभावी पुलिसिंग से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने बेहतर कार्य करने वाले थानों की सराहना की, जबकि अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित पदाधिकारियों को कार्यशैली में जल्द सुधार लाने का कड़ा निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशील कुमार, दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक दास, मदनपुर एसडीपीओ आदित्य कुमार, पुलिस निरीक्षक, सभी थानों के थानाध्यक्ष उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को लंबित मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों का त्वरित निपटारा तथा आम लोगों को बेहतर सुरक्षा और पुलिस सेवा उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में बीते माह की उपलब्धियों एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में गिरफ्तारी, लंबित कांडों के निष्पादन, कुर्की, वारंट एवं इश्तिहार के तामिला सहित अन्य महत्वपूर्ण पुलिस कार्यों का भी गहन मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी माह के लिए आवश्यक लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपराध नियंत्रण और अधिक प्रभावी बनाने, विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित रखने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुसंधान की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। अगर किसी भी स्तर पर पुलिस पदाधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती जाती है, तो उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।



